


केंद्र और राज्य शासन से विज्ञापन के लिए अनुमोदित

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

16 वर्षों से निरंतर....

Website:- www.malwaherald.com

RNI No. MPHIN/2010/33238
dainikmalwaherald@yahoo.com
malwaherald@gmail.com

# मालवा हेराल्ड

वर्ष : 16 अंक : 212 | उज्जैन, रविवार 11 जनवरी 2026 | पृष्ठ-8 मूल्य-1 रुपए


**सुविचार**

*अपनी ज़िन्दगी से कभी नाराज मत होना, क्या पता आप जैसी ज़िन्दगी दूसरे लोगों का सपना हो....*

# प्रत्येक नागरिक को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध करवाएं : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

## दो चरणों में 31 मई तक निरंतर चलेगा अभियान

**भोपाल/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रत्येक नागरिक को स्वच्छ जल पेयजल उपलब्ध करवाना नगरीय निकायों का दायित्व है। ग्रामीण और शहरी क्षेत्र में स्वच्छ जलप्रदाय सुनिश्चित किया जाए। पेयजल की गुणवत्ता की नियमित जांच हो, दूषित होने पर वैकल्पिक व्यवास्था करें। किसी भी स्थिति में दूषित पेयजल स्पलाई न हो। यह बड़ी चुनौती है लेकिन गंभीरता से सामना करें जिससे देश में एक आदर्श प्रस्तुत हो। मुख्यमंत्री डॉ. यादव शनिवार की शाम सागर जिले के प्रवास से लौटने के बाद राज्य विमानतल के सभा कक्ष में उच्च स्तरीय बैठक को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रांतव्यापी स्वच्छ जल अभियान का शुभारंभ किया। मुख्य सचिव श्री अनुराग जैन सहित वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।



मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि सरकार सभी लोगों को शुद्ध पेयजल हेतु बेहतर प्रबंधन के लिए प्रतिबद्ध है। जनप्रतिनिधि और अधिकारी सभी मिलकर अपने दायित्व का कुशल निर्वहन करें। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि राज्य में स्वच्छ जल अभियान प्रारंभ किया जा रहा है। जो दो चरणों में आयोजित होगा। प्रथम चरण 10 जनवरी से 28 फरवरी और द्वितीय चरण एक मार्च से 31 मार्च के मध्य संचालित होगा। आम नागरिकों की पेयजल समस्या के लिये जल सुनवाई की भी व्यवस्था रखी गई है। अधिकारी जल सुनवाई को गंभीरता से लें।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि जहां कहीं पाइपलाइन में लीकेज हैं उन्हें सुधारते हुए आम जनता को स्वास्थ्य की दृष्टि से सुरक्षित और स्वच्छ पेयजल उपलब्ध करवाया जाए। घर-घर स्वच्छ जल पहुंचाएं। इस कार्य में नगरीय निकाय विभाग द्वारा एप का उपयोग प्रारंभ किया जाना सराहनीय है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने निर्देश दिए कि स्वच्छ पेयजल प्रदाय के कार्य में ढिलाई बरते जाने पर कठोर कार्रवाई की जाएगी। वीसी में नगरीय विकास एवं आवास मंत्री श्री कैलाश विजयवर्गीय, सभी महापौर, जिला पंचायत अध्यक्ष, कमिश्नर्स, कलेक्टर्स, कमिश्नर्स नगरनिगम, सीईओ जिला पंचायत के साथ सभी नगरीय एवं ग्रामीण क्षेत्र के जनप्रतिनिधि शामिल हुए।

### स्वच्छ जल अभियान के मुख्य बिन्दु

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने वीसी के माध्यम से, जल सुरक्षा, जल संरक्षण और जल सुनवाई के महती उद्देश्य के लिये स्वच्छ जल अभियान 10 जनवरी 2026 से लांच किया।

जल सुनवाई से आम जनता को मिलेगा सुनवाई का हक और होगी साफ़ पेयजल की सुनिश्चितता।

अभियान के क्रियान्वयन के लिये जन जागरूकता और सामुदायिक सहभागिता का लक्ष्य।

अभियान के तहत समस्त जल शोधन यन्त्र और पेयजल संग्रहण टंकियों की होगी सफाई, जीआईएस मैप आधारित एप से होगी निगरानी।

पेयजल पाइप लाइन में दूषित मिश्रण को रोकने की होगी कारवाई।

जीआईएस मैप पर वाटर पाइप लाइन और सीवेज पाइप लाइन की मैपिंग की जायेगी, इंटर पाइंट सेक्शन का होगा। चिन्हांकन और लीकेज की जांच भी होगी।

रोबोट से होगी पाइप लाइन में लीकेज की जांच।

समस्त पेयजल स्त्रोत की गुणवत्ता का होगा परीक्षण।

अल्पकालीन और दीर्घकालीन उपायों के माध्यम से नागरिकों को साफ़ पीने का पानी उपलब्ध करवाना सुनिश्चित किया जाएगा।

# वह हमेशा हिंदू रहेगा, ओवैसी के मुस्लिम PM वाले बयान पर सीएम सरमा ने दिया जवाब; BJP ने AIMIM को दी ये चुनौती



**नई दिल्ली/ जीएनएस।** एआईएमआईएम प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी के हिजाब पहनी बेटी भी देश की प्रधानमंत्री बन सकती है वाले बयान पर बवाल मच गया है। असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने ओवैसी के इस बयान पर पलटवार किया है तो भाजपा ने उन्हें चुनौती दी है।

सीएम सरमा ने कहा कि भारत एक हिंदू राष्ट है और भारत का प्रधानमंत्री हमेशा एक हिंदू व्यक्ति ही होगा। ओवैसी की टिप्पणी पर जवाब देते हुए सरमा ने कहा, संवैधानिक रूप से कोई रोक नहीं है। कोई भी प्रधानमंत्री बन सकता है। लेकिन भारत एक हिंदू राष्ट है, हिंदू सभ्यता है और हम हमेशा विश्वास करेंगे और हमें पूरा भरोसा है कि भारत का प्रधानमंत्री हमेशा एक हिंदू व्यक्ति ही होगा।

भाजपा ने दी चुनौती- बीजेपी प्रवक्ता ने भी इस बयान पर तीखी प्रतिक्रिया देते हुए ओवैसी को चुनौती दी कि वे अपनी पार्टी का अध्यक्ष किसी बुर्का पहनी महिला या पसमांदा समुदाय के किसी व्यक्ति को बनाकर दिखाएं।

पूनवाला ने कहा, ओवैसी मियां, संविधान में इस बात पर कोई रोक नहीं है कि प्रधानमंत्री हिजाब पहनने वाला हो या नहीं। कोई भी प्रधानमंत्री बन सकता है, लेकिन पहले वोट तो जीतो।

उन्होंने आगे ओवैसी को चुनौती देते हुए कहा, प्रधानमंत्री बनने का सपना देखने से पहले, ओवैसी मियां आप पहले अपनी पार्टी का अध्यक्ष किसी हिजाब पहनने वाली महिला, बुर्का पहनने वाली महिला या कम से कम पसमांदा समुदाय के किसी व्यक्ति को क्यों नहीं बनाते?

ओवैसी ने क्या कहा था- इससे पहले असदुद्दीन ओवैसी ने भारतीय संविधान में सभी को शामिल करने की बात पर जोर देते हुए कहा था कि उनका सपना है कि भारत की प्रधानमंत्री कोई हिजाब पहनने वाली बेटी बने। उन्होंने पाकिस्तानी संविधान से तुलना करते हुए कहा कि पाकिस्तान का संविधान गैर-मुस्लिम लोगों को ऊंचे पदों पर रहने से रोकता है।

उन्होंने कहा, पाकिस्तान के संविधान में साफ तौर पर लिखा है कि सिर्फ एक धर्म का व्यक्ति ही देश का प्रधानमंत्री बन सकता है। बाबा साहब के संविधान में कहा गया है कि भारत का कोई भी नागरिक प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री या मेयर बन सकता है। मेरा सपना है कि एक दिन ऐसा आएगा जब हिजाब पहनी हुई बेटी इस देश की प्रधानमंत्री बनेगी।

## आगरा में 1500 लोगों से 25 करोड़ की ठगी, डिजिटल करेंसी में निवेश पर देते थे मोटे मुनाफे का लालच



**आगरा/ जीएनएस।** डिजिटल करेंसी में निवेश का झांसा देकर शहर के डेढ़ हजार लोगों ने 25 करोड़ की ठगी करने वाले गिरोह के दो सदस्यों को साइबर थाना पुलिस ने गिरफ्तार किए हैं। 12 दिसंबर को एक आरोपित को गिरफ्तार कर पुलिस ने गिरोह का पर्दाफाश किया था। गिरोह के सदस्य दिल्ली, उत्तराखंड व हिमाचल प्रदेश में भी ठगी की वारदात को अंजाम दे चुके हैं। जांच में 50 करोड़ रुपये की ठगी के प्रमाण मिले हैं। पांच सितारा होटलों में सेमिनार कर ये 25 पैसे के क्वाइन को दो साल में एक डॉलर का होने का झांसा देकर अपने जाल में फंसाते थे। इनसे जुड़ने वाले लोग कमीशन के लालच में दूसरे लोगों को जोड़ते थे।

साइबर थाना पुलिस ने अजय उर्फ दीपू निवासी गांव अमृतपुर थाना चंडौस अलीगढ़ व वर्तमान में निवासी राधा कृष्ण लेन कौशांबी गाजियाबाद को गिरफ्तार कर 12 दिसंबर को गिरोह का पर्दाफाश किया था। पुलिस ने गिरोह के सदस्य विजय कुमार निवासी सैनानी विहार तेलीबाग थाना पीजीआई लखनऊ व विनोद कुमार निवासी बिलौचपुरा थाना सिंहावली अहीर बागपत को गिरफ्तार किया।

एडीसीपी आदित्य ने बताया कि विनोद के खिलाफ आगरा में दो व बागपत में छह मुकदमे दर्ज हैं। पुलिस पूछताछ में विनोद व विनय ने बताया कि वर्ष 2021 में एक कंपनी में डिस्ट्रीब्यूटर के तौर पर काम करते थे।

## हाइपरसोनिक मिसाइलों से अब ध्वनि की गति से पांच गुना अधिक तेज होगा प्रहार



6100 किमी प्रति घंटे से अधिक की गति से लंबे समय तक उड़ान भरने में सक्षम- हाइपरसोनिक क्रूज मिसाइल ध्वनि की गति से पांच गुना अधिक (6,100 किमी/घंटे से अधिक) गति से लंबे समय तक उड़ान भरने में सक्षम है। यह उल्लेखनीय उपलब्धि अत्याधुनिक एयर-ब्रीदिंग इंजन के माध्यम से हासिल की जाती है, जो लंबी अवधि की उड़ान को बनाए रखने के लिए सुपरसोनिक कंबशन का उपयोग करता है। एससीपीटी केंद्र में किए गए जमीनी परीक्षणों ने उन्नत स्क्रैमजेट कंबस्टर के डिजाइन के साथ-साथ अत्याधुनिक परीक्षण केंद्र की क्षमताओं को सफलतापूर्वक मान्य किया है।

**नई दिल्ली/ जीएनएस।** हाइपरसोनिक क्रूज मिसाइलों से आने वाले समय में अब दुश्मन पर ध्वनि की गति से पांच गुना अधिक तेज गति से प्रहार संभव हो पाएगा। हैदराबाद स्थित रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) की प्रयोगशाला - रक्षा अनुसंधान एवं विकास प्रयोगशाला (डीआरडीएल) ने हाइपरसोनिक मिसाइलों के विकास में एक अभूतपूर्व उपलब्धि हासिल की है।

डीआरडीएल ने 9 जनवरी, 2026 को अपनी अत्याधुनिक स्क्रैमजेट कनेक्ट पाइप टेस्ट (एससीपीटी) केंद्र में अपने एक्टिवली कूल्ड स्क्रैमजेट फुल स्केल कंबस्टर का सफलतापूर्वक एक व्यापक दीर्घकालिक जमीनी परीक्षण किया, जिसमें 12 मिनट से अधिक का रन टाइम हासिल किया गया। रक्षा मंत्रालय के एक बयान के अनुसार, यह महत्वपूर्ण उपलब्धि 25 अप्रैल, 2025 को किए गए पूर्व लघु परीक्षण पर आधारित है, जो लंबी अवधि का परीक्षण था। यह हाइपरसोनिक मिसाइलों के विकास में एक महत्वपूर्ण कदम है। कंबस्टर और परीक्षण केंद्र का डिजाइन और विकास डीआरडीएल द्वारा किया गया और इसे उद्योग भागीदारों द्वारा साकार किया गया। बयान में कहा गया है कि इस सफल परीक्षण से भारत उन्नत एयरोस्पेस क्षमताओं में अग्रणी स्थान पर आ गया है।

रक्षा मंत्री ने इस उपलब्धि के लिए परीक्षण से जुड़ी टीमों को बधाई दी- रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने फुल स्केल एक्टिवली कूल्ड लांग ड्यूरेशन स्क्रैमजेट इंजन के सफल ग्राउंड परीक्षण के लिए डीआरडीओ, उद्योग भागीदारों और शिक्षाविदों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि यह उपलब्धि देश के हाइपरसोनिक क्रूज मिसाइल विकास कार्यक्रम के लिए ठोस आधार है। एक्स पर एक पोस्ट में रक्षा मंत्री ने लिखा, हैदराबाद स्थित डीआरडीओ की प्रयोगशाला डीआरडीएल ने हाइपरसोनिक मिसाइलों के विकास में एक अभूतपूर्व उपलब्धि हासिल की है। एक जनवरी को डीआरडीओ मुख्यालय में एक समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए रक्षा मंत्री ने कहा था कि डीआरडीओ द्वारा विकसित हथियारों ने आपरेशन सिंदूर के दौरान निर्णायक भूमिका निभाई, जो राष्ट्रीय हितों की रक्षा के प्रति इसकी प्रतिबद्धता का प्रमाण है।




# भागीरथपुरा क्षेत्र के हर एक नागरिक का होगा स्वास्थ्य परीक्षण- प्रभावितों के स्वास्थ्य का किया जायेगा सतत फॉलोअप

### जनप्रतिनिधियों और वरिष्ठ अधिकारियों की संयुक्त बैठक संपन्न

**इंदौर/ हर्ष कुशवाहा/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** भागीरथपुरा क्षेत्र सहित पूरे इंदौर की जल एवं स्वास्थ्य व्यवस्थाओं को और अधिक मजबूत बनाने के उद्देश्य से आज रेसीडेंसी में एक महत्वपूर्ण संयुक्त बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता नगरीय प्रशासन एवं आवास मंत्री श्री कैलाश विजयवर्गीय ने की। बैठक में जनप्रतिनिधियों एवं वरिष्ठ अधिकारियों के साथ वर्तमान स्थिति की गहन समीक्षा कर अनेक महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। बैठक में जल संसाधन मंत्री श्री तुलसीराम सिलावट, महापौर श्री पुष्यमित्र भार्गव, अपर मुख्य सचिव मुख्यमंत्री सचिवालय श्री नीरज मंडलोई, इंदौर जिले के प्रभारी अपर मुख्य सचिव श्री अनुपम राजन, संभागायुक्त डॉ. सुदाम खाड़े, कलेक्टर श्री शिवम वर्मा, नगर निगम आयुक्त श्री क्षितिज सिंघल सहित विधायकगण श्री रमेश मेंदोला, श्री महेन्द्र हार्डिया, श्रीमती मालिनी गौड़, श्री मधु वर्मा, श्री गोलू शुक्ला, श्री सुमित मिश्रा एवं अन्य जनप्रतिनिधि तथा संबंधित विभागों के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।



बैठक में मंत्री श्री विजयवर्गीय ने कहा कि वर्तमान में स्वास्थ्य की दृष्टि से स्थिति तेजी से सामान्य हो रही है और वह नियंत्रण में है। वर्तमान में कोई भी गंभीर (सीरियस) मामला सामने नहीं है। इसके बावजूद एहतियातन भागीरथपुरा क्षेत्र के प्रत्येक परिवार का स्वास्थ्य परीक्षण कराये जाने के लिए अभियान शुरू किया जा रहा है। क्षेत्र के लगभग 50-60 हजार नागरिकों के स्वास्थ्य परीक्षण हेतु संपूर्ण स्वास्थ्य दल तैनात रहेगा। जांच के दौरान यदि किसी प्रकार की समस्या पाई जाती है तो तत्काल उपचार एवं फॉलोअप सुनिश्चित किया जाएगा। प्रभावित नागरिकों को स्वास्थ्य कार्ड भी प्रदान किए जाएंगे। नागरिकों की अनेक तरीके की जाँचे निःशुल्क की जायेगी।

जल आपूर्ति सुधार की ठोस कार्ययोजना- बैठक में बताया गया कि भागीरथपुरा क्षेत्र में पाइपलाइन का कार्य प्रगति पर है। लगभग 30 प्रतिशत क्षेत्र में पाइपलाइन डाली जा चुकी है और उसकी टेस्टिंग भी पूर्ण हो चुकी है। जल के सैंपल लेकर निरंतर जांच की जा रही है। पूरी तरह पीने योग्य होने की पुष्टि के बाद तीन दिन के भीतर नर्मदा का पेयजल उपलब्ध कराया जाएगा। भागीरथपुरा में 114 शासकीय एवं 80 से अधिक निजी ट्यूबवेल हैं। जल परीक्षण में पानी पीने योग्य नहीं पाए जाने पर सभी ट्यूबवेल में क्लोरीनेशन कराया गया है। नागरिकों से अपील की गई है कि ट्यूबवेल का पानी पीने में उपयोग न करें, केवल साफ-सफाई व अन्य घरेलू कार्यों में ही लें।

नर्मदा जल आपूर्ति की व्यवस्था- भागीरथपुरा के 30 प्रतिशत क्षेत्र में जल्द ही नर्मदा जल सीधे उपलब्ध कराया जाएगा। अभी शेष 70 प्रतिशत क्षेत्र में टैंकरों के माध्यम से शुद्ध नर्मदा जल की आपूर्ति की जाएगी। टैंकर का पानी शुद्ध है, फिर भी नागरिकों को उबालकर पीने की सलाह दी गई है।

शहरभर में पेयजल गुणवत्ता की सघन निगरानी- बैठक में निर्णय लिया गया कि शहर में पेयजल की गुणवत्ता पर सतत एवं ऑनलाइन मॉनिटरिंग प्रणाली स्थापित की जाएगी। नगर निगम की सभी 105 जल टंकियों पर सुदृढ़ जल जांच व्यवस्था लागू होगी। प्रतिदिन विभिन्न स्थानों से सैंपल लेकर जांच की जाएगी, ताकि प्रदूषण की संभावना पूरी तरह समाप्त हो सके। जांच और गुणवत्ता की मॉनीटरिंग के लिये विशेष सेल भी बनाया जायेगा।

नए बोरिंग खनन पर रोक- बैठक में यह महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया कि अब शहर में नए बोरिंग की अनुमति नहीं दी जाएगी, क्योंकि नए बोरिंग में पेयजल से जुड़ी समस्याएं अधिक सामने आ रही हैं।

नगर निगम में रिक्त पदों की शीघ्र पूर्ति- बैठक में बताया गया कि नगर निगम में लंबे समय से रिक्त पदों को भरने के लिए अभियान चलाकर नियुक्तियां की जाएंगी। इसके लिए डेपुटेशन एवं सीधी भर्ती की प्रक्रिया प्रारंभ करने तथा एक विशेष समिति गठित करने के निर्देश दिए गए।

अमृत योजना पर विशेष जोर- अमृत योजना को महत्वपूर्ण बताते हुए मंत्री श्री विजयवर्गीय ने इसके अंतर्गत लंबित एवं आवश्यक कार्यों को शीघ्र पूरा कर तेजी से लागू करने के निर्देश नगर निगम के अधिकारियों को दिए।

सर्वोच्च प्राथमिकता- शुद्ध व सुरक्षित पेयजल- मंत्री श्री विजयवर्गीय ने स्पष्ट किया कि शहर के हर नागरिक तक शुद्ध एवं सुरक्षित पेयजल पहुंचाना सर्वोच्च प्राथमिकता है। इसके लिए निरंतर निगरानी, त्वरित निर्णय और प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित की जा रही है। बैठक में बताया गया कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा आज से स्वच्छ जल अभियान%% की शुरूआत की जा रही है। यह अभियान शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में एक साथ चलेगा। अभियान का मुख्य उद्देश्य सभी शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल गुणवत्ता का व्यापक परीक्षण करना है। साथ ही जल आपूर्ति प्रणाली में लीकेज, दूषित जल की पहचान कर समय पर सुधार करना, जिससे जल-जनित बीमारियों से बचाव हो सके।

बैठक में अपर मुख्य सचिव श्री मण्डलोई ने बताया कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा भी भागीरथपुरा क्षेत्र की स्थिति की लगातार समीक्षा और मॉनीटरिंग की जा रही है। उन्होंने कहा कि इंदौर में विकास कार्यों और शुद्ध पेयजल उपलब्धता के लिये सभी आवश्यक मदद दी जायेगी। किसी भी तरह की कमी नहीं आने दी जायेगी।

## गंदे पानी और ड्रेनेज की सैकड़ों शिकायतें, फिर भी नहीं जागा निगम



**इंदौर/ हर्ष कुशवाहा/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** शहर में पानी और ड्रेनेज व्यवस्था को लेकर सीएम हेल्पलाइन पर बड़ी संख्या में शिकायतें दर्ज हैं, लेकिन उनके निराकरण की रफ्तार बेहद धीमी है। राज्य सरकार की सीएम हेल्पलाइन पर इंदौर से पानी और ड्रेनेज से जुड़ी कुल 880 शिकायतें अब भी लंबित पड़ी हैं।

पानी की 192 और ड्रेनेज की 690 शिकायतें- सीएम हेल्पलाइन के आंकड़ों के अनुसार इंदौर शहर के अलग-अलग वार्डों से नलों में गंदा पानी आने की 192 शिकायतें दर्ज की गई हैं। वहीं ड्रेनेज लाइन चोक होने की 690 शिकायतें नागरिकों द्वारा की गई हैं, जिनका समाधान अब तक नहीं हो पाया है।

वार्ड 23 में सबसे ज्यादा शिकायतें- गंदे पानी को लेकर सबसे ज्यादा 22 शिकायतें वार्ड क्रमांक 23 से सामने आई हैं, जो भागीरथपुरा से लगा हुआ परदेशीपुरा क्षेत्र है। यहां नागरिकों ने नलों से गंदा पानी आने की लगातार शिकायत की है।

वार्ड की पार्षद विनीता मौर्य के अनुसार परदेशीपुरा, क्लर्क कॉलोनी, गणेश नगर, लाल गली, कोली मोहल्ला और बैरवा समाज के बगीचा क्षेत्र में गंदे पानी की समस्या सबसे अधिक है। भागीरथपुरा में हालात बिगड़ने के बाद आशा और आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं के जरिए घर-घर सर्वे कराया गया और पानी शुद्ध करने की दवाइयां वितरित की गईं। इस वार्ड के दो नागरिक डायरिया से पीड़ित होकर एमवाय अस्पताल में भर्ती हैं। सीएम हेल्पलाइन पर भागीरथपुरा क्षेत्र से 13 शिकायतें दर्ज हैं। इसके अलावा वार्ड क्रमांक 1 और 55 से कुल 99 शिकायतें आई हैं। वहीं वार्ड क्रमांक 4, 17, 45, 70 और 72 से प्रत्येक वार्ड से 66-66 शिकायतें दर्ज हुई हैं। वार्ड क्रमांक 35, 53 और 63 से प्रत्येक से 5-5 शिकायतें सामने आई हैं, जबकि शेष वार्डों से सीमित संख्या में शिकायतें दर्ज की गई हैं। नागरिकों का आरोप है कि इंदौर नगर निगम के अधिकारी सीएम हेल्पलाइन पर दर्ज शिकायतों को गंभीरता से नहीं लेते।

## दूषित पानी से मौतों का मामला, अफसरों पर गैर इरादतन हत्या का केस दर्ज करने की याचिका

**इंदौर/ हर्ष कुशवाहा/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** भागीरथपुरा क्षेत्र में दूषित पानी पीने से हुई मौतों के मामले ने अब कानूनी तूल पकड़ लिया है। इस गंभीर लापरवाही के लिए जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराने हेतु कोर्ट में एक नई याचिका दायर की गई है। भागीरथपुरा निवासी रामू सिंह द्वारा लगाई गई इस याचिका पर सुनवाई करते हुए कोर्ट ने पुलिस को जांच के आदेश दिए हैं।

याचिकाकर्ता के वकील दिलीप नागर के अनुसार, भागीरथपुरा के निवासी पिछले दो वर्षों से दूषित पानी की समस्या से जूझ रहे हैं। लगातार शिकायतों के बावजूद प्रशासन ने इस ओर ध्यान नहीं दिया। स्थिति तब और बिगड़ गई जब साल 2024 में दूषित पानी के सेवन से एक युवती की जान चली गई। इस घटना के बाद क्षेत्र में नर्मदा पाइप लाइन बदलने की प्रक्रिया शुरू करने के लिए नोटशीट जारी की गई थी।

टेंडर प्रक्रिया में देरी और अधिकारियों पर आरोप- याचिका में आरोप लगाया गया है कि पाइप लाइन के लिए टेंडर प्रक्रिया तो शुरू हुई थी, लेकिन तत्कालीन निगमायुक्त और वर्तमान इंदौर कलेक्टर शिवम वर्मा ने कथित तौर पर टेंडर को आगे नहीं बढ़ने दिया। उनके बाद आए निगमायुक्त दिलीप यादव पर भी टेंडर पास न करने के आरोप लगाए गए हैं। लंबे समय तक टेंडर अटके रहने के कारण लोग बीमार होते रहे और मौतें हुईं। अंततः भारी दबाव के बाद 30 दिसंबर को यह टेंडर पास किया गया।

कोर्ट में दायर याचिका के माध्यम से मांग की गई है कि संबंधित अधिकारियों के खिलाफ धारा 106 (गैर इरादतन हत्या) के तहत मामला दर्ज किया जाए। साथ ही यह भी अपील की गई है कि निष्पक्ष जांच होने तक इन अधिकारियों को उनके पदों से हटाया जाए।

# भागीरथपुरा क्षेत्र में अपर मुख्य सचिव द्वय श्री मण्डलोई और श्री राजन ने भ्रमण कर लिया व्यवस्थाओं का मैदानी जायजा

### ड्रेनेज और पेयजल की लाईन डालने का कार्य तेजी से जारी

**इंदौर/ हर्ष कुशवाहा/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** इंदौर के भागीरथपुरा क्षेत्र में जलजनित घटना के बाद स्थिति में तेजी से सुधार आ रहा है। स्थिति का मैदानी जायजा लेने के लिए आज सुबह अपर मुख्य सचिव द्वय श्री नीरज मण्डलोई एवं श्री अनुपम राजन ने जिला प्रशासन, नगर निगम और स्वास्थ्य सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ क्षेत्र का दौरा किया। इस दौरान कलेक्टर श्री शिवम वर्मा और नगर निगम आयुक्त श्री क्षितिज सिंघल सहित संबंधित अधिकारी मौजूद थे। श्री मण्डलोई और श्री राजन ने अपने भ्रमण के दौरान स्वास्थ्य, जल आपूर्ति, स्वच्छता एवं ड्रेनेज सुधार कार्यों की मौके पर समीक्षा की और अधिकारियों को समयबद्ध कार्ययोजना बनाकर कार्य करने के निर्देश दिए।



अपर मुख्य सचिव श्री मण्डलोई और श्री राजन ने भागीरथपुरा की पानी की टंकी, स्वास्थ्य केन्द्र, संजीवनी केन्द्र, आँगनवाड़ी सहित क्षेत्र में चल रहे ड्रेनेज तथा पेयजल लाईन सुधार के कार्यों का निरीक्षण किया। भ्रमण के दौरान अधिकारियों ने प्रभावित नागरिकों के उपचार व्यवस्थाओं की उपलब्धता, शुद्ध जल आपूर्ति की स्थिति तथा स्वच्छता कार्यों की प्रगति को प्रत्यक्ष रूप से देखा। उन्होंने निर्देशित किया कि किसी भी स्तर पर लापरवाही न हो और प्रत्येक नागरिक तक स्वास्थ्य सेवाएँ प्रभावी रूप से पहुँचें। उन्होंने दौरे के दौरान यह कहा कि क्षेत्र के हर रहवासी का स्वास्थ्य परीक्षण किया जाए। प्रभावित एवं उपचार प्राप्त कर चुके नागरिकों का नियमित फॉलो-अप सुनिश्चित किया जाए। बताया गया कि स्वास्थ्य विभाग की टीमें घर-घर जाकर निगरानी कर रही हैं, ताकि किसी भी संभावित जटिलता का समय रहते उपचार हो सके। अपर मुख्य सचिव द्वय श्री मण्डलोई और श्री राजन ने निर्देश दिए कि भागीरथपुरा क्षेत्र के प्रत्येक नागरिक को स्वास्थ्य कार्ड प्रदान किया जाए। इस कार्ड में जांच, उपचार एवं फॉलो-अप से संबंधित समस्त विवरण दर्ज रहेगा, जिससे भविष्य में भी स्वास्थ्य निगरानी सुदृढ़ बनी रहे।

भ्रमण के दौरान उन्होंने शुद्ध जल की आपूर्ति, पाइपलाइन लीकेज, टैंकरों से वैकल्पिक जलप्रदाय और व्यापक स्वच्छता कार्य को देखा और प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि जल की गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं किया जाएगा और क्षेत्र में सतत निगरानी जारी रहेगी। दूषित पानी की समस्या के स्थायी समाधान हेतु चल रहे ड्रेनेज कार्यों की भी समीक्षा की गई। बताया गया कि तारा मेडिकल से टोपिलाल की दुकान तक 44 मीटर ड्रेनेज लाइन डाली गई। दीपेश स्कूल के पीछे 22 मीटर ड्रेनेज लाइन का कार्य पूर्ण किया गया। नदी किनारे क्षेत्र में 22 मीटर ड्रेनेज लाइन का संधारण कार्य किया गया, साथ ही आरसीसी मेनहोल का कार्य प्रगतिरत है। पेयजल की लाईन भी डालने का काम तेजी से जारी है। श्री मण्डलोई और श्री राजन ने कहा कि यह व्यवस्था सुनिश्चित की जाये कि दूषित जल किसी भी तरह से पेयजल में नहीं मिले। उन्होंने बोरिंग के पानी को पीने के पानी में उपयोग नहीं करने के संबंध में निर्देश दिये और कहा कि यह भी सुनिश्चित करें कि बोरिंग का पानी कोई भी नागरिक पीने में नहीं करें।

अपर मुख्य सचिव द्वय श्री मण्डलोई और श्री राजन ने कहा कि निरंतर दौरे, आपसी समन्वय और जमीनी निगरानी के कारण भागीरथपुरा की स्थिति तेजी से सामान्य हो रही है। शासन-प्रशासन का लक्ष्य न केवल वर्तमान स्थिति को पूरी तरह नियंत्रित करना है, बल्कि भविष्य में ऐसी किसी भी घटना की पुनरावृत्ति को भी रोकना है।

# खजराना पुलिस की बड़ी कार्रवाईः एमडी ड्रग्स के साथ एक आरोपी गिरफ्तार, 1.80 लाख से अधिक का नशा जब्त

**इंदौर/ हर्ष कुशवाहा/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** इंदौर शहर में अवैध मादक पदार्थों की तस्करी और इससे जुड़ी गतिविधियों पर अंकुश लगाने के लिए पुलिस आयुक्त नगरीय इंदौर श्री संतोष कुमार सिंह के निर्देश पर लगातार प्रभावी कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में अतिरिक्त पुलिस आयुक्त श्री अमित सिंह एवं पुलिस उपायुक्त जोन-02 श्री कुमार प्रतीक के मार्गदर्शन तथा अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त जोन-02 श्री अमरेन्द्र सिंह और सहायक पुलिस आयुक्त खजराना श्री कुंदन मंडलोई के निर्देशन में थाना खजराना पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है।




थाना खजराना प्रभारी निरीक्षक मनोज सिंह सेंधव के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा क्षेत्र में अवैध मादक पदार्थों के क्रयङ्कविक्रय में संलिप्त व्यक्तियों के संबंध में लगातार गोपनीय सूचना संकलन किया जा रहा था। इसी दौरान पुलिस टीम स्टार चौराहे के पास सर्विस रोड, खजराना क्षेत्र में संदिग्ध व्यक्तियों की तलाश एवं पतारसी कर रही थी। इस दौरान एक व्यक्ति पुलिस टीम को देखकर घबरा गया और भागने का प्रयास करने लगा। पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए घेराबंदी कर उसे पकड़ लिया।

नियमानुसार तलाशी लेने पर आरोपी के कब्जे से 18 ग्राम से अधिक अवैध मादक पदार्थ एमडी ड्रग्स बरामद हुआ, जिसकी बाजार कीमत लगभग 1,80,000 रुपये से अधिक आंकी गई है। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम मोहम्मद लियाकत खान, उम्र 45 वर्ष, निवासी तंजीम नगर, खजराना, इंदौर बताया। आरोपी 12वीं तक शिक्षित है और कॉस्मेटिक की दुकान का कार्य करता है।

पुलिस पूछताछ में आरोपी ने स्वीकार किया कि वह एमडी ड्रग्स का आदी है और नशे की लत पूरी करने तथा जल्दी और आसानी से पैसे कमाने की नियत से सस्ते दामों में ड्रग्स खरीदकर महंगे दामों में बेचता था। आरोपी के विरुद्ध थाना खजराना में अपराध क्रमांक 20/26 धारा 8/22 एनडीपीएस एक्ट के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है।

पुलिस द्वारा आरोपी से अवैध मादक पदार्थों के स्रोत और नेटवर्क के संबंध में रिमांड पर पूछताछ की जा रही है, ताकि इस तस्करी में संलिप्त अन्य आरोपियों तक भी पहुंचा जा सके और उनके विरुद्ध वैधानिक कार्रवाई की जा सके।

# त्योहारों जैसी तैयारियों में जुटा हिन्दू समाज, इन्दौर की 286 बस्तियों में होंगे हिन्दू सम्मेलन

**इंदौर/ हर्ष कुशवाहा/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** इन्दौर महानगर में रविवार को होने वाले हिन्दू सम्मेलनों को लेकर पूरे शहर में उत्सव और त्यौहार जैसा वातावरण बन गया है। हिन्दू सम्मेलन समितियों के तत्वावधान में इन्दौर की लगभग 286 से अधिक बस्तियों, मोहल्लों और टाउनशिप में एक साथ हिन्दू सम्मेलन आयोजित किए जा रहे हैं। बीते कई दिनों से इन सम्मेलनों की तैयारियों को लेकर बैठकों और जनसंपर्क का दौर लगातार चलता रहा, जो अब उत्साह और उमंग के रूप में दिखाई दे रहा है।




इन सम्मेलनों की तैयारियों में केवल समिति के सदस्य ही नहीं, बल्कि बस्तियों के युवा, महिलाएं और वृद्धजन भी बढ़-चढ़कर भागीदारी निभा रहे हैं। कहीं मंच सज्जा की तैयारी हो रही है तो कहीं बैठने की व्यवस्था, भोजन निर्माण और सांस्कृतिक कार्यक्रमों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। कार्यक्रम स्थलों पर भूमि पूजन पूर्व में संपन्न हो चुका है और आज अन्नपूर्णा पूजन के साथ भोजन निर्माण की तैयारियां भी प्रारंभ कर दी गई हैं।

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के अवसर पर हिन्दू समाज के विभिन्न संगठन एकजुट होकर अपनी-अपनी बस्तियों और मोहल्लों में इन सम्मेलनों की व्यवस्थाएं संभाल रहे हैं। शताब्दी वर्ष में सकल हिन्दू समाज का संगठित होकर एक साथ आना, समरसता के साथ राष्ट्र प्रथम के भाव को आत्मसात करना, संघ की सौ वर्षों की तपस्या और सतत साधना का साकार रूप माना जा रहा है।

## स्वामी विवेकानंद जी के जन्मदिवस को युवा दिवस के रूप में मनाया जाएगा



**इंदौर/ हर्ष कुशवाहा/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** इंदौर जिले में सोमवार 12 जनवरी को स्वामी विवेकानन्द जी के जन्मदिवस को युवा दिवस के रूप में मनाया जाएगा। स्कूलों में सामूहिक सूर्य नमस्कार के कार्यक्रम होंगे। जिला स्तरीय मुख्य कार्यक्रम सुबह 8.30 बजे से सुबह 10.45 बजे तक आरएपीटीसी ग्राउंड महेश गार्ड लाईन में आयोजित किया जाएगा। इस अवसर पर आकाशवाणी से प्रसारित होने वाले कार्यक्रम में राष्ट्रगीत वंदे-मातरम, स्वामी विवेकानन्द का रिकार्डेड ऑडियो और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के संदेश का प्रसारण होगा। जिला शिक्षा अधिकारी ने बताया कि आयोजन की तैयारियां लगभग पूरी कर ली गई हैं। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में छात्र/छात्राएँ एवं शिक्षक/शिक्षिकाएँ आदि शामिल होंगे।

## भागीरथपुरा दूषित पानी कांड का असर इंदौर के पर्यटन पर, टूर हुए कैंसल

**इंदौर/ हर्ष कुशवाहा/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** इंदौर के भागीरथपुरा में दूषित पेयजल से हुई 18 मौतों की चर्चा अब देश के साथ-साथ विदेशों में भी होने लगी है। विदेशी मीडिया में सुर्खियां बनने के कारण इसका सीधा असर इंदौर के पर्यटन क्षेत्र पर दिखाई दे रहा है।

# इंदौर ने टीबी निदान में हासिल की बड़ी उपलब्धि

### मनोरमा राजे टीबी अस्पताल में स्थित राज्य स्तरीय आई आर एल को नई टीबी दवाओं की जाँच के लिए राष्ट्रीय प्रमाणन

**इंदौर/ हर्ष कुशवाहा/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** इंदौर ने क्षय रोग (टीबी) उन्मूलन की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल है। राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम (एनटीईपी) के अंतर्गत मनोरमा राजे टीबी अस्पताल में स्थित राज्य स्तरीय आई आर एल को नई एवं अत्यंत महत्वपूर्ण टीबी दवाओं बेडाक्विलिन (बीडीक्यू) और प्रेटोमैनिड (पीटीएम) के लिए लिक्विड कल्चर ड्रग ससेप्टिबिलिटी टेस्टिंग (एलसी डीएसटी) करने का राष्ट्रीय स्तर का प्रमाणन प्राप्त हुआ है। उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा कि मध्य प्रदेश ने टीबी के विरुद्ध लड़ाई में एक और मजबूत कदम बढ़ाया है। उन्होंने कहा कि नई पीढ़ी की टीबी दवाओं की जांच के लिए राष्ट्रीय प्रमाणन मिलना हमारे स्वास्थ्य तंत्र की क्षमता, वैज्ञानिक दक्षता और प्रतिबद्धता को दर्शाता है। इससे दवा-प्रतिरोधी टीबी के मरीजों को समय पर सटीक उपचार मिलेगा और टीबी मुक्त भारत के लक्ष्य को प्राप्त करने में मध्य प्रदेश अग्रणी भूमिका निभाएगा।






यह प्रमाणन सुप्रा नेशनल रेफरेंस लेबोरेटरी (एसएनआरएल), एनआईआरटी चेन्नई एवं केंद्रीय क्षय प्रभाग (सीटीडी) द्वारा प्रदान किया गया है। उल्लेखनीय है कि यह प्रयोगशाला देश की उन शुरुआती 15 प्रयोगशालाओं में शामिल हो गई हैं, जहां यह अत्यंत जटिल और महत्वपूर्ण जाँच संभव हो पाई है। यह परीक्षण केवल बायोसेफ्टी लेवल-3 (बीएसएल-3) प्रयोगशालाओं में ही किया जा सकता है। इससे पूर्व पूरे देश में केवल एनआईआरटी चेन्नई ही इस परीक्षण के लिए प्रमाणित था, जिसके कारण राष्ट्रीय स्तर पर मरीजों की आवश्यकता को पूरा करना व्यवहारिक रूप से कठिन था।

अस्पताल के इंचार्ज डॉ. शैलेन्द्र जैन ने कहा कि इंदौर को नई पीढ़ी की टीबी दवाओं की जांच के लिए राष्ट्रीय प्रमाणन मिलना, हमारे स्वास्थ्य तंत्र की क्षमता, वैज्ञानिक दक्षता और प्रतिबद्धता को दर्शाता है। इससे दवा-प्रतिरोधी टीबी के मरीजों को समय पर सटीक उपचार मिलेगा और टीबी मुक्त भारत के लक्ष्य को प्राप्त करने में मध्य प्रदेश अग्रणी भूमिका निभाएगा। इस महत्वपूर्ण उपलब्धि में डॉ. नितिन कुमार डोशी का उल्लेखनीय योगदान रहा है।

इस प्रमाणन के माध्यम से अब इंदौर में ही माइकोबैक्टीरियम ट्यूबरक्लोसिस पर बीडीक्यू एवं पीटीएम दवाओं की प्रभावशीलता की सटीक जाँच संभव होगी। इससे दवा-प्रतिरोधी टीबी के मरीजों के उपचार में समय पर सही दवा व्यवस्था तय की जा सकेगी, उपचार परिणाम बेहतर होंगे तथा दवा प्रतिरोध के फैलाव को रोकने में भी मदद मिलेगी। नई बी-पाल उपचार योजना के प्रभावी क्रियान्वयन के साथ इस प्रयोगशाला का प्रमाणन टीबी उन्मूलन के प्रयासों को और अधिक सशक्त बनाएगा तथा मरीजों को आधुनिक, सटीक एवं प्रभावी उपचार उपलब्ध कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

# फर्जी डेबिट व क्रेडिट कर ठगने वाले तीन आरोपी धराए, एक कार, 5 मोबाईल, चेकबुक, कई एटीएम कार्ड मिले



**मंदसौर/ भारतसिंह तोमर/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार मीना के निर्देशन में एएसपी गरोठ हेमलता कुरील, एसडीओपी गरोठ विजय कुमार यादव के मार्गदर्शन एवं थाना प्रभारी भानपुरा निरीक्षक आर.सी दांगी के नेतृत्व में थाना भानपुरा पुलिस टीम ने सायबर अपराधो की रोकथाम हेतू जागरुकता केम्पेनिंग की है। इससे सायबर अपराधो में संलिप्त तीन आरोपियों को गिरफ्तार करने एवं जुड़ी हुई सामग्री एक स्विफ्ट कार, 5 मोबाईल फोन, चेकबुक, कई एटीएम कार्ड जब्त करने में सफलता मिली।

घटना के अनुसार विगत दिनो वाहन चैंकिग के दौरान सउनि सुनिल सिंह तोमर को मुखबिर सूचना प्राप्त हुई कि एक स्विफ्ट कार रजिस्ट्रेशन नम्बर आर. जे 18 टीए 4591 में राजस्थान झुंझनु तरफ के तीन लड़के बैंक की खाता, चेकबुक, एटीएम कार्ड व कार्ड किराये से लेने व रुपयो का लालच देते हुये लोगो से सम्पर्क कर रहे है। जो सायबर स्कैमर गैंग से जुड़े हुये है। सूचना की तस्दीक एवं कार्यवाही करते हुए उक्त कार में बैठे लोगो से अपना नाम पता पुछकर उनके पास मिली एक स्विफ्ट कार रजिस्ट्रेशन नम्बर आर.जे 18 टीए 4591, एक एन्ड्रायड मोबाईल ओप्पो कम्पनी का मय दो, एक एसबीआई बैंक का एटीएम कार्ड मौहम्मद कैफ लिखा, कुलदीप के पास से एक आईफोन एप्पल कम्पनी का 13 प्रो मय, एक एन्ड्रायड मोबाईल फोन इन्फीनिक्स बीटी 20 प्रो जिसमे, एक पीएनबी का एटीएम व एक बैंक आफ बडोदा का एटीएम तथा दो एटीएम युको बैंक के, एक पेन कार्ड कुलदीप नाम का तथा भावेश से एक एन्ड्रायड मोबाईल सैमसंग का ए 16 मय सिम, एक एन्ड्रायड मोबाईल रियल मी कम्पनी का मय सिम, एक एटीएम कार्ड पीएनबी का, एक एटीएम कार्ड एसबीआई का, एक काले रंग के बेग में दो चेक बुक जिसमें एक यूनियन बैंक एन्जलिका वेलफेयर फाउण्डेशन नोएडा की ब्लॅक चेक पर हस्ताक्षरित तथा दुसरी चेकबुक एसबीआई की जो चन्द्रावती एन्टरप्राईजेस लखनऊ की ब्लॅक चेकबुक, मोबाईल गेलरी में संदीग्ध स्क्रीनशट, वाट्सएप पर अन्य लोगो से संदिग्ध चेटींग पाई गई। उक्त तीनो व्यक्तियो से पूछताछ करने पर यह स्पष्ट हुआ कि ये तीनो व्यक्ति अन्य व्यक्तियो को झांसे में लेकर उनके अकाउण्ट एवं अकाउण्ट से संबंधित सभी जानकारी प्राप्त कर अन्य की मदद से इन खातो में संबंधित खाताधारको की जानकारी के बिना आईडी पासवर्ड तैयार कर बड़ी मात्रा में राशि का अवैध रुप से डेबिट व क्रेडिट करते है। जिसके बदले में अभिरक्षा में मौजूद तीनो व्यक्तियो द्वारा मार्जिन के रुप में धनराशि प्राप्त कर अवैध लाभ अर्जित किया जाता है। संबंधित बैंको से जानकारी प्राप्त करने पर उक्त खातो में बड़ी मात्रा में ट्रान्जेक्शन किये गये है। आरोपी भावेश सेन के पीएनबी बैंक के खाते में एन्जलिका वेलफेयर फाउण्डेशन एवं अन्य खातो से बड़ी मात्रा में राशि क्रेडिट की गई जिसे आरोपी भावेश ने एटीएम से केश विड्राल एव युपीआई के माध्यम से आहरीत की गई है। आरोपी भावेश सेन के एसबीआई बैंक के खाते में भी बड़ी मात्रा में राशि डेबिट व क्रेडिट करना पाया गया। आरोपी कुलदीप एवं योगेश की वाट्सएप चेट हिस्ट्री का अवलोकन किया गया अवलोकन में पाया गया कि आरोपी कुलदीप ने कई साथीयो से अकाउण्ट, व अकाउण्ट संबंधित जानकारी, डेबिट, क्रेडिट, लेनदेन इत्यादि चेटींग करना पाया गया। सम्पुर्ण जाँच एवं तस्दीक से स्पष्ट हुआ कि आरोपी कुलदीप, योगेश व भावेश द्वारा अज्ञात व्यक्तियो को झांसे में देकर उनके खाते एवं खातो से संबंधित सभी जानकारी प्राप्त कर अपने साथी को प्रेषित की गई जिनके द्वारा इन खातो में बड़ी मात्रा में अज्ञात व्यक्तियो से अज्ञात खाताधारको की जानकारी के बिना राशि का ट्रान्जेक्शन किया गया। उक्त ट्रान्जेक्शन के प्रतिफल के रुप में योगेश, भावेश एवं कुलदीप के द्वारा मार्जिन मनी के रुप में राशि भी प्राप्त की गई। मामले में अन्य फरार और संबंधित खाताधारको की तलाश की जा रही है। गिरफ्तार आरोपी में योगेश पिता विद्याधर जाति जाट उम्र 24 साल निवासी विरोल थाना नवलगढ जिला झुंझनू, कुलदीप पिता प्रमोद जाट उम्र 20 साल निवासी आजाड़ीकला थाना सदर जिला झुंझनू, भावेश पिता सोहनलाल सेन उम्र 19 साल निवासी विद्यासर थाना बलारा जिला सीकर है। इस सराहनीय कार्य में निरीक्षक आर.सी. दांगी, सउनि सुनिल सिंह तोमर, प्र.आर. महेन्द्र सिंह झाला, आर. नेमाराम जाट, राकेश अभित, कमलप्रताप सिंह का महत्वपूर्ण योगदान रहा है।

## नाबालिग अपहरण व दुष्कर्म प्रकरण में आरोपी दोषमुक्त

**मंदसौर/ भारतसिंह तोमर/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** विशेष जिला न्यायाधीश (पॉक्सो कोर्ट) मंदसौर ने 14 वर्षीय नाबालिग बालिका के अपहरण एवं उसके साथ दुष्कर्म के आरोपों से आरोपी ईश्वरलाल पिता बाबूलाल बंजारा, निवासी मैनपुरिया जिला मंदसौर को दोषमुक्त (बरी) कर दिया। अभियोजन पक्ष (पुलिस) के अनुसार, आरोपी पर आरोप था कि उसने नाबालिग बालिका को उसके माता-पिता की सहमति के बिना अपहृत किया, जान से मारने की धमकी देकर उसके साथ दुष्कर्म किया तथा लैंगिक हमला किया। इस मामले में न्यायालय ने आरोपी के विरुद्ध भारतीय दंड संहिता की धारा 363, 366, 376 (2) (एन) 376 (3) 506 एवं पॉक्सो अधिनियम 2012 की धारा 3(2)/4 तथा 5 (एल)/6 के अंतर्गत आरोप तय कर विचारण प्रारंभ किया था। विचारण के दौरान अभियोजन पक्ष ने आरोपी के विरुद्ध 10 गवाह एवं 42 दस्तावेज न्यायालय में प्रस्तुत किए। हालांकि, बचाव पक्ष के अधिवक्ताओं ने गवाहों का सूक्ष्मतापूर्वक प्रतिपरीक्षण किया गया और विस्तृत तर्क प्रस्तुत किए गए। न्यायालय ने बचाव पक्ष की दलीलों से सहमत होते हुए अभियोजन के मामले को अप्रमाणित माना। परिणामस्वरूप, न्यायालय ने आरोपी ईश्वरलाल को सभी आरोपों से दोषमुक्त कर दिया। प्रकरण में आरोपी की ओर से सफल पैरवी अधिवक्तागण एम. जैनुल मंसूरी, यशवंत शर्मा, सिद्धार्थ पालीवाल एवं दारासिंह सोलंकी ने की।

## भानपुरा पुलिस ने गुम हुए 15 मोबाइल ढूंढकर लौटाए, मालिकों ने कहा थैंक्यू



**मंदसौर/ भारतसिंह तोमर/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** भानपुरा थाना पुलिस ने गुम हुए 15 मोबाइल ढूंढकर लौटाए हैं। इससे मोबाईल के मालिकों के चेहरों पर मुस्कान रही, सभी ने भानपुरा थाना पुलिस टीम को थैंक्यू कहा है। पुलिस मुख्यालय भोपाल के व्दारा चलाये जा रहे गुम मोबाईल पोर्टल के माध्यम से चलाए जा रहे अभियान के अन्तर्गत पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार मीना के निर्देशन में एएसपी गरोठ हेमलता कुरील, एसडीओपी गरोठ विजय कुमार यादव के मार्गदर्शन एवं थाना प्रभारी भानपुरा निरीक्षक आर.सी दांगी के नेतृत्व में थाना भानपुरा पुलिस टीम थाना भानपुरा क्षेत्रान्तर्गत गुम हुए 15 मोबाईल क़ीमती 3 लाख रुपये के पता लगाकर उनको रिकवर कर मोबाईल स्वामियों को वापस कर नये वर्ष में उनके चेहरे पर मुस्कान दी। मोबाईल स्वामियों द्वारा भी थाना प्रभारी निरीक्षक आर.सी दांगी व पुलिस टीम की सराहना की। पुलिस प्रशासन ने आम जनों से अपील की हैं कि जब कभी भी आपका मोबाइल फोन गुम/चोरी हो जाए तो बिल के साथ तत्काल नजदीकी थाने में जाकर अपनी शिकायत दर्ज कराएं। इस सराहनीय कार्य में आरक्षक नेमाराम जाट, रामचन्द्र मण्डोतीया का भी योगदान रहा।

## प्रशासन ने पीएमश्री हाईस्कूल बघूनिया की 1.92 हेक्टेयर भूमि को अतिक्रमण मुक्त किया

**मंदसौर/ भारतसिंह तोमर/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** गरोठ एसडीएम राहुल चौहान द्वारा बताया गया कि कलेक्टर अदिती गर्ग के मार्गदर्शन में जिले में निरंतर अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में प्रशासन द्वारा तहसील शामगढ़ स्थित पीएम श्री हाई स्कूल बघूनिया को आबंटित कुल 1.92 हेक्टेयर शासकीय भूमि से अतिक्रमण हटाकर शिक्षा विभाग को मौके पर विधिवत कब्जा सौंपा गया। उक्त अतिक्रमित भूमि का बाजार मूल्य लगभग 30 लाख रुपये आंका गया है। अतिक्रमण हटाने की यह कार्रवाई अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) गरोठ की उपस्थिति में राजस्व विभाग एवं पुलिस विभाग के संयुक्त सहयोग से शांतिपूर्वक संपन्न की गई।

## 22 वर्षो बाद माँ से मिला बेटा, एसआईआर से पता लगा बेटा जिंदा है



**मंदसौर/ भारतसिंह तोमर/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** थाना प्रभारी नई आबादी उप निरीक्षक कुलदीप सिंह राठौड़ के कुशल नेतृत्व में 22 वर्षो से लापता बेटे को माँ से मिलाने में सफलता मिली है।

निर्वाचन आयोग भारत सरकार द्वारा चलाये जा रहे विशेष गहन पुनरीक्षण जिसका उद्देश्य मतदाता सूची को अपडेट करना है। जिसके फलस्वरूप पिछले 22 वर्षो से गुमशुदा विनोद पिता बालुराम गायरी उम्र 45 साल निवासी ढाकरिया मोहल्ला खिलचीपुरा मंदसौर द्वारा एसआईआर के माध्यम से मतदाता सूची में अपना नाम जुडवाने हेतु ग्राम पंचायत से माता-पिता का ईपीक नम्बर चाहा गया। उक्त जानकारी गुमशुदा की माता को प्राप्त हुई। जिसके पश्चात गुमशुदा के माता द्वारा थाना नई आबादी मंदसौर पर एक लेखी आवेदन प्रस्तुत किया, मामले की गंभीरता को लेते हुए सूचना पर थाना प्रभारी नई आबादी उप निरीक्षक कुलदीप सिंह राठौड़ के नेतृत्व में एक टीम गठित की गई । गठित टीम द्वारा ग्राम पंचायत व तहसील निर्वाचन कार्यालय मंदसौर से संबधित के संबंध में जानकारी कर गुमशुदा के वर्तमान पते की जानकारी प्राप्त कर गुमशुदा व उसकी पत्नी व उसके 02 बच्चे का पता लगाया गया। बाद गुमशुदा व उसके बच्चो को सकुशल गुमशुदा की माँ की पीडा को देखते हुए लाने का प्रयास किया गया। थाना नई आबादी पुलिस द्वारा की गई इस कार्यवाही से एक लम्बे समय से बिछडे परिवार को पुनः मिलाने की दिशा में सफलता प्राप्त हुई है। उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी नई आबादी कुलदीप सिंह राठौड़, प्रआर जितेन्द्र श्रीवास्तव, सुरेश शर्मा, हरदेश वर्मा, आरक्षक पवन सागीत्रा, अजय सिंह, राहुल, पुष्कर धनगर, राकेश सोनावा, रविन्द्र सिंह एवं थाना नई आबादी टीम का सराहनीय योगदान रहा ।

## उद्यानिकी महाविद्यालय में डॉ. तोमर को दी गई भावभीनी विदाई, डॉ. रानाडे दूसरी बार बने अधिष्ठाता, हुआ स्वागत




**मंदसौर/ भारतसिंह तोमर/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** उद्यानिकी महाविद्यालय मंदसौर में पदासीन अधिष्ठाता डॉक्टर इंदर सिंह तोमर का स्थानांतरण कृषि महाविद्यालय सीहोर में होने के पश्चात समस्त स्टाफ गण द्वारा उन्हें भावभीनी विदाई दी गई। वहीं खण्डवा से पधारे महाविद्यालय के नवीन अधिष्ठाता डॉ. दीपक हरि रानाडे ने पदभार ग्रहण किया जिनका स्वागत किया गया।

उल्लेखनीय है कि लगभग ढाई वर्ष के कार्यकाल में डॉ तोमर ने विद्यार्थियों की महाविद्यालय में शत प्रतिशत उपस्थिति को सुनिश्चित किया। डॉ तोमर ने अपने कार्यकाल में महाविद्यालय के सौंदर्यीकरण, प्रक्षेत्र में सुधार, विद्यार्थियों के अनुशासन में वृद्धि जैसे कार्य किए। कृषि विज्ञान केंद्र एवं उद्यानिकी महाविद्यालय के समस्त स्टाफ एवं विद्यार्थियों ने डॉ तोमर को आगामी कार्यकाल के लिए शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए विदाई दी। उद्यानिकी महाविद्यालय खंडवा से पधारे हुए डॉक्टर दीपक हरि रानाडे ने आज उद्यानिकी महाविद्यालय मंदसौर के अधिष्ठाता का पदभार भी ग्रहण किया। डॉ रानाडे इसके पूर्व राजमाता विजयाराजे सिंधिया कृषि विश्वविद्यालय ग्वालियर में अधिष्ठाता कृषि संकाय,कुल सचिव, निदेशक शोध सेवाएं जैसे बड़े पदों पर अपनी सेवाएं दे चुके हैं। डॉ रानाडे मृदा एवं जल संरक्षण के ख्याति प्राप्त वैज्ञानिक हैं। बरानी खेती परियोजना इंदौर में डॉ रानाडे द्वारा कृषक हित में जल एवं मृदा संरक्षण क्षेत्र में किए गए कार्यों के फलस्वरूप भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद नई दिल्ली द्वारा उन्हें रफी अहमद किदवई प्रतिष्ठित राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित भी किया जा चुका है। डॉ रानाडे पूर्व में वर्ष 2020 में भी उद्यानिकी महाविद्यालय के अधिष्ठाता रह चुके हैं। पदभार ग्रहण करने के पश्चात कृषि विज्ञान केंद्र एवं महाविद्यालय के समस्त स्टाफ द्वारा डॉ रानाडे का स्वागत किया गया।

## पेयजल सप्लाय के समय वाल मेन व प्लम्बरों को वार्ड में भ्रमण करना चाहिए- इष्टा भाचावत



**मंदसौर/ भारतसिंह तोमर/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** पेयजल को लेकर इंदौर में भीषण त्रासदी हुई ऐसी समस्या मंदसौर शहर में न हो इसलिए शहर में जब भी पेयजल की सप्लाई हो उस समय पर वाल खोलने वाला व क्षेत्रीय प्लम्बर अपने - अपने वार्ड में भ्रमण करें। उक्त मांग शहर ब्लाक काग्रेस अध्यक्ष सुश्री इष्टा भाचावत ने कलेक्टर अदिति गर्ग व प्रभारी सीएमओ अनिता चोकोटिया से प्रेस नोट के माध्यम से मांग करते हुए कहा कि शहर में जब पेयजल की सप्लाई होती है कई जगहों पर पाइप फूटी होने व लीकेज होने से कम प्रेशर एवं गन्दे पानी आदि की कई समस्याओं का पता लगाया जा सकता है क्षेत्र नागरिकों से लगातार संवाद कर इस प्रकार छोटी - छोटी समस्या का तत्काल पता लगाकर उसका समाधान किया जा सकता है। सुश्री भाचावत ने आगे कहा कि नगर के गौल चौराहा में डॉ. पमनानी गली के अंत दवा बाजार की तरफ पिछले एक महीने से पेयजल सप्लाय की पाइप लाइन फूटी सप्लाय के समय पानी व्यर्थ बहता रहता है लेकिन अब तक नपा द्वारा उसकी सुध नहीं ली गई है ऐसी कई समस्यां कई वार्डो में है। इसलिए वाल मेन व प्लम्बर को नपा निर्देशित करें कि पेयजल के समय अपने - अपने क्षेत्र में भ्रमण भी करे और सतत मॉनिटरिंग करें और क ही भी कुछ गलत दिखने पर अपने उच्च अधिकारियों को तत्काल सूचित करे।

## डॉ. प्रमोद सेठिया दो राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित हुए



**मंदसौर/ भारतसिंह तोमर/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** अखिल भारतीय समाज सेवा संस्थान चित्रकूट में शैक्षिक संवाद मंच उत्तर प्रदेश द्वारा आयोजित शैक्षिक संगोष्ठी एवं शिक्षक सम्मान समारोह मे डाइट मन्दसौर के डॉ प्रमोद सेठिया को बाल केन्द्रित शिक्षा मे प्रेरणादायक साहित्यिक योगदान के लिए दो पुरस्कार से सम्मानित किया गया। डॉ. सेठिया को श्री दीनदयाल फाउंडेशन राजपुर वाराणसी द्वारा साहित्य क्षेत्र अमूल्य योगदान एवं विशिष्ठ सर्जना के लिए श्री हरिनाथ दुबे स्मृति साहित्य सम्मान 2025 दिया गया। वहीं शैक्षिक संवाद मंच उत्तर प्रदेश द्वारा विद्यालय बने आनन्द घर की संकल्पना के साथ आनन्दमय समाज की स्थापना मे अमूल्य सहयोग के लिए राष्ट्रीय लोक शिल्पी सम्मान 2026 प्रदान किया गया। डाइट मन्दसौर के डॉ प्रमोद सेठिया विगत दस साल से गिजुभाई बधेका के शैक्षिक दर्शन व बाल केन्द्रित शिक्षा के लिए साहित्य लेखन व लोक जागरण के साथ ही नई शिक्षा नीति के क्रियान्वयन मे गिजुभाई बधेका के विचारों के अनुरूप भयमुक्त आनन्दमय खेल खेल मे शिक्षा के बाल केन्द्रित दृष्टिकोण पर राष्टीय स्तर पर काम कर रहे है। डॉ प्रमोद सेठिया की इस उपलब्धि पर राजपत्रित अधिकारी संघ, संयुक्त अधिकारी कर्मचारी मोर्चा, विज्ञान भारती, अभा साहित्य परिषद, प्रो राजेंद्र सिंह शिक्षण समिति के साथियों ने हर्ष व्यक्त किया है।

# मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने वीसी के माध्यम से, जल सुरक्षा, जल संरक्षण और जल सुनवाई के लिये स्वच्छ जल अभियान का किया शुभारंभ

### जल सुनवाई से आमजनों को मिलेगा सुनवाई का हक- उपलब्ध होगा स्वच्छ पेयजल



**नीमच/ सतीश सैन/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने शनिवार को वीसी के माध्यम से, जल सुरक्षा, जल संरक्षण और जल सुनवाई के लिये स्वच्छ जल अभियान का शुभारंभ किया । उन्होने कहा, कि जल सुनवाई से आमजनों को मिलेगा सुनवाई का हक और उन्हें उपलब्ध होगा स्वच्छ पेयजल। इस मौके पर नगरीय प्रशासन मंत्री श्री कैलाश विजयवर्गीय और पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री श्री प्रहलाद पटेल, मुख्य सचिव श्री अनुराग जैन, एसीएस श्री संजय दुबे भी वीसी में उपस्थित थे।

मुख्यमंत्री डॉ.यादव ने कहा, कि यह हमारी जिम्मेदारी है, कि हम हर घर तक स्वच्छ जल पहुचाये। तकनीक का उपयोग कर अपनी जिम्मेदारी का निवर्हन करे। उन्होने निर्देश दिए, कि पेयजल गुणवत्ता की जांच हो। दूषित होने पर वैकल्पिक व्यवस्था की जाए। किसी भी परिस्थिति में दूषित पेयजल सप्लाई ना हो। जल सुनवाई गंभीरता से आयोजित हो। मुख्यमंत्री ने कहा, कि बडी चुनौती है, लेकिन हम गंभीरता से सामना करेंगे और देश में एक आर्दश प्रस्तुत करेंगे। अभियान के क्रियान्वयन में लापरवाही करने वाले अधिकारी कर्मचारी के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही की जाएगी।

वी.सी. में एसीएस श्री संजय दुबे ने अभियान की विस्तृत रूपरेखा पर प्रकाश डालते हुए प्रजेन्टेशन के माध्यम से बताया, कि यह अभियान दो चरणों में प्रथम चरण 10 जनवरी से 28 फरवरी 2026 तक एवं व्दितीय चरण एक मार्च से 31 मई तक आयोजित किया जा रहा है।

इस अभियान के तहत समस्त जल शोधन संयन्त्र और पेयजल संग्रहण टंकियों की होगी सफाई, जीआईएस मैप आधारित एप से होगी निगरानी। पेयजल पाइप लाइन में दूषित मिश्रण को रोकने की होगी कारवाई।

जीआईएस मैप पर वाटर पाइप लाइन और सीवेज पाइप लाइन की मैपिंग की जायेगी। इंटर पाइंट सेक्शन का होगा चिन्हांकन और लीकेज की होगी जांच। रोबोट से होगी पाइप लाइन में लीकेज की जांच। समस्त पेयजल स्त्रोत की गुणवत्ता का होगा परीक्षण। अल्पकालीन और दीर्घकालीन उपायों के माध्यम से नागरिकों को साफ़ पीने का पानी उपलब्ध कराना सुनिश्चित करने के उद्देश्य को करेंगें पूरा। जल की गुणवत्ता का नियमित होगा परीक्षण। एसटीपी की भी होगी नियमित निगरानी। हर मंगलवार होगी जल सुनवाई। 181 पर पेयजल संबंधी शिकायतों को दर्ज करने की विशेष व्यवस्था। पेयजल की समस्या से संबंधित आवेदन पत्र का निराकरण समयसीमा में, निराकरण से आवेदक को कराया जायेगा अवगत।

वीसी में सभी महापौर, जिला पंचायत अध्यक्ष, कमिश्नर, कलेक्टर, कमिश्नर नगरनिगम, सीईओ जिला पंचायत के साथ सभी अधिकारी एवं नगरीय एवं ग्रामीण क्षेत्र के जनप्रतिनिधि गण उपस्थित थे। नीमच के एनआईसी कक्ष में कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा, नीमच नगरपालिका अध्यक्ष श्रीमती स्वाति चौपडा, न.प.जावद के अध्यक्ष श्री सोहन लाल माली, न.प.रतनगढ की अध्यक्ष श्रीमती सुगनादेवी गुर्जर सहित सभी सीएमओ, जल निगम महाप्रबंधक, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग एवं शहरी विकास अभिकरण के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

## जिला तैराकी संघ के नेतृत्व में 18 जनवरी को तैराकी प्रतियोगिता

**नीमच/ सतीश सैन/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** जिला तैराकी संघ के नेतृत्व में खेलो एमपी यूथ गेम्स के अंतर्गत जिला एवं ब्लॉक स्तरीय तैराकी प्रतियोगिता का आयोजन 18 जनवरी (रविवार) को नीमच नगरपालिका स्वीमिंग पूल पर किया जाएगा। प्रतियोगिता का आयोजन जिला तैराकी संघ द्वारा खेल विभाग के सहयोग से किया जा रहा है।

जिला तैराकी संघ के अध्यक्ष अशोक मोदी ने जानकारी देते हुए बताया कि इस प्रतियोगिता के माध्यम से जिले के प्रतिभाशाली तैराकों का चयन किया जाएगा, जिन्हें आगामी 27 से 31 जनवरी तक आयोजित होने वाली खेलो एमपी यूथ गेम्स की प्रदेश स्तरीय तैराकी प्रतियोगिता में भाग लेने हेतु भेजा जाएगा। उन्होंने बताया कि प्रतियोगिता में भाग लेने वाले सभी खिलाड़ियों के लिए ऑनलाइन पंजीयन अनिवार्य है। पंजीयन हेतु खिलाड़ी नीमच नगरपालिका स्वीमिंग पूल के प्रशिक्षक अभिषेक अहीर, आयुष गौड़, नीलेश घावरी, रोहित अहीर एवं सुधा सोलंकी से संपर्क कर सकते हैं। जिला तैराकी संघ द्वारा जिले की तीनों तहसीलों के लिए ब्लॉक अध्यक्ष भी नियुक्त किए गए हैं। तीनों ब्लॉक के तैराकों से अनुरोध किया गया है कि वे अपने-अपने ब्लॉक स्तर पर समन्वय एवं मार्गदर्शन के लिए नीमच ब्लॉक से दिलीप डूंगरवाल, जावद ब्लॉक से भारत जाट एवं मनासा ब्लॉक से राजेश वर्मा से संपर्क कर सकते हैं।

यह प्रतियोगिता 13 से 17 वर्ष आयु वर्ग के खिलाड़ियों के लिए आयोजित की जाएगी। प्रत्येक खिलाड़ी को पांच व्यक्तिगत इवेंट्स में भाग लेने का अवसर मिलेगा। जिला तैराकी संघ द्वारा प्रतियोगिता के सफल आयोजन के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं पूर्ण कर ली गई हैं। जिला तैराकी संघ ने जिले के सभी पात्र एवं पंजीकृत तैराकों से अधिक से अधिक संख्या में भाग लेकर प्रतियोगिता को सफल बनाने तथा नीमच जिले का नाम प्रदेश स्तर पर गौरवान्वित करने की अपील की है।

## जिले के पशुओं में सघन टीकाकरण कार्य जारी



**नीमच/ सतीश सैन/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** नीमच जिले में राष्ट्रीय पशुधन रोग नियंत्रण कार्यक्रम के तहत 1 जनवरी से 31 जनवरी तक पशुओं में खुराड़ (खुरपका, मुँहपका) रोग नियंत्रण हेतु सघन टीकाकरण अभियान संचालित किया जा रहा है। जिले के सभी 662 ग्रामों में 2 लाख 93 हजार पशुओं का टीकाकरण किया जायेगा।

उपसंचालक पशुपालन डॉ.राजेश पाटीदार ने बताया, कि खुराड़ रोग वायरस जनित होकर पशुओं में तेजी से फैलता है। यह बिमारी चारा, पानी तथा हवा के माध्यम से फैलती है तथा बड़े पैमाने पर पशुओ को प्रभावित करती है। उन्होने पशुपालकों से अनुरोध किया है, कि पशु स्वास्थ्य प्रबन्धन के लिए प्रत्येक पशु को यह निःशुल्क टीका लगवाए। ताकि पशु का स्वास्थ्य अच्छा बना रहे उसकी उत्पादन क्षमता बनी रहे और उपचार पर होने वाले खर्चो से बचा जा सके।

जिले के 662 ग्रामों में पशुओं को टीकाकरण हेतु 214 वेट एवं पेरावेट की टीमें बनाई गई जो प्रतिदिन पशुपालको के घर-घर जाकर कर टीकाकरण का कार्य कर रही है। अभी तक 21000 पशुओं में टीकाकरण किया जा चुका है। टीकाकरण उपरान्त आपके पशु की युनिक आईडी टेग नम्बर के साथ भारत पशुधन एप पर ऑनलाइन एण्ट्री की जा रही है। एन्ट्री उपरान्त एसएमएस के माध्यम से टीकाकरण एवं एप पर प्रविष्टी की पुष्टी भी भेजी जा रही है।

## कलेक्टर ने नीमच एवं जावद में वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट का निरीक्षण किया

**नीमच/ सतीश सैन/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा ने शनिवार को नीमच शहर के हिंगोरिया स्थित वाटर ट्रीटमेंट प्लांट एवं जावद के बावल रोड़ स्थित वाटर ट्रीटमेंट प्लांट का आकस्मिक निरीक्षण कर गुणवत्तापूर्ण पेयजल आपूर्ति व्यवस्था का जायजा लिया।

उन्होंने जावद के वार्ड नंबर 14 में नल से जल की आपूर्ति व्यवस्था को देखा और रहवासियों से चर्चा कर पेयजल की गुणवत्ता के बारे में भी जानकारी ली ।

कलेक्टर ने संबंधित निकायों को शुद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर ने ज्ञान मंदिर कॉलेज में पेयजल टंकी का भी अवलोकन किया और रह वासियों से पेयजल गुणवत्ता के बारे में जानकारी ली।

इस निरीक्षण दौरान कलेक्टर ने वाटर ट्रीटमेंट प्लांट का अवलोकन कर जल शुद्धीकरण प्रक्रिया फिल्टरेशन प्रक्रिया क्लोरिनेशन एवं जल परीक्षण की व्यवस्था के बारे में जानकारी ली।

कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए, कि पेयजल आपूर्ति के पहले पानी की गुणवत्ता की अच्छी तरह से नियमित जांच सुनिश्चित की जाए।

## आईटीआई जावद में प्लेसमेंट ड्राइव 12 जनवरी को

**नीमच/ सतीश सैन/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था जावद में 12 जनवरी 2026 को प्रातः 11 से 2 बजे तक टोयोटा मोटर गुजरात एवं फिएट इंडिया ऑटोमोबाइल प्राइवेट लिमिटेड द्वारा कैम्पस प्लेसमेंट ड्राइव आयोजित किया जा रहा है। इसमें सभी ट्रैंड आईटीआई उत्तीर्ण 18 से 30 वर्ष आयु सीमा के शिक्षुओं की इंटरव्यू के माध्यम से भर्ती की जावेगी। इस प्लेसमेंट ड्राइव में सम्मिलित होने के इच्छुक उम्मीदवार आईटीआई जावद में पहुँच कर पंजीयन उपरांत इंटरव्यू में सम्मिलित हो सकते है।

## सम्पादकीय

# नशे में डूबा जश्न और होश में डूबे मातम

घड़ी में अभी पाँच बजने में कुछ ही मिनट बाकी थे। वह खामोश, धोखेबाज़ वक़्त–रात और सुबह के बीच का–जब शरीर थक चुका होता है, दिमाग़ सुन्न पड़ जाता है और इंसान खुद को सबसे ज़्यादा अजेय समझ बैठता है। तभी अचानक एक तेज़ धमाका हुआ। सड़क पर नहीं, सीधे समाज की चेतना पर। वह टक्कर सिर्फ़ वाहन और वाहन के बीच नहीं थी; यह ज़िंदगी और लापरवाही के बीच हुई निर्मम भिड़ंत थी। इंदौर शहर में 09 जनवरी की वह सुबह तीन परिवारों के लिए कभी खत्म न होने वाली रात बन गई। तीन ज़िंदगियाँ वहीं थम गईं, और एक ज़िंदगी आज भी अस्पताल के बिस्तर पर मौत से जूझ रही है।

पुलिस की बताई कहानी इस त्रासदी को और भी निर्मम बना देती है। दो युवक और दो युवतियाँ, जिनमें से एक का जन्मदिन था, रात भर जश्न में डूबे रहे। शराब की बोतलें, डिस्पोज़ेबल गिलास और देर रात तक चलने वाला उत्सव–सब कुछ उस कार के भीतर मौजूद था, जो अलसुबह तेज़ रफ़्तार में आगे चल रहे ट्रक में जा घुसी। यह महज़ एक गलत मोड़ नहीं था; यह नशे, थकान और गैर-जिम्मेदारी का निर्मम परिणाम था। जब नशा दिमाग़ पर हावी हो जाता है, तब ब्रेक नहीं, विवेक फेल होता है। और उसी फेल विवेक की कीमत इंसान को जान देकर चुकानी पड़ती है।

हम ऐसी घटनाओं को अक्सर दुर्घटना कहकर खुद को तसल्ली दे लेते हैं। यह शब्द हमें बच निकलने का भ्रम देता है। लेकिन सच्चाई यह है कि यह कोई अचानक टूटी हुई किस्मत नहीं थी, बल्कि धीरे-धीरे बुनी गई लापरवाही की चादर थी। देर रात तक शराब पीना, नींद की अनदेखी करना, तेज़ रफ़्तार को रोमांच समझना, और यह मान लेना कि कुछ नहीं होगा–ये सभी सोच-समझकर लिए गए फैसले थे। और फैसलों के परिणाम होते हैं। यहाँ परिणाम इतना भयावह था कि तीन सांसें हमेशा के लिए थम गईं।

आज का समाज युवाओं की आज़ादी पर गर्व करता है, लेकिन जिम्मेदारी की बात आते ही चुप हो जाता है। जश्न मनाना गुनाह नहीं है; जन्मदिन खुशी का मौका होता है। लेकिन जब खुशी विवेक को कुचल देती है, तब वह उत्सव नहीं, बल्कि आत्मघात बन जाता है। शराब पीकर गाड़ी चलाना सिर्फ़ कानून तोड़ना नहीं है; यह दूसरों की जान को दांव पर लगाना है। और यह सोचना कि मैं संभाल लूंगा नशे का सबसे बड़ा झूठ है।

तेज़ रफ़्तार को आज भी ताकत और स्टेटस का प्रतीक माना जाता है। खाली सड़कें युवाओं को चुनौती देती हैं, और नशे में डूबा दिमाग़ उस चुनौती को स्वीकार कर लेता है। लेकिन सड़क किसी को माफ़ नहीं करती। खड़ा ट्रक कोई अचानक उभरी बाधा नहीं था–वह वहीं था, साफ़ और अडिग। जो नहीं था, वह था नियंत्रण, सजगता और समझ। नशा सिर्फ़ आँखों की रोशनी नहीं छीनता; वह निर्णय लेने की क्षमता भी तबाह कर देता है। यही वजह है कि ऐसे हादसों में पछतावे का मौका तक नहीं मिलता।

इस त्रासदी का सबसे दर्दनाक पहलू यह है कि इसकी कीमत सिर्फ़ उन चार लोगों ने नहीं चुकाई। इसकी कीमत उनके माता-पिता चुका रहे हैं, जिनके सपने ताबूत में बंद हो गए। इसकी कीमत वह घर चुका रहा है, जहाँ अब जन्मदिन की तारीख़ मातम की तारीख़ बन गई है। एक माँ का सवाल–मैंने उसे रोका क्यों नहीं? और एक पिता की चुप्पी–मैंने उसे समझाया क्यों नहीं?–इन सवालों का कोई जवाब नहीं होता, बस उम्र भर का बोझ होता है। यहीं परिवारों की भूमिका सबसे अहम हो जाती है। बुराइयों से बचाने में परिवार ही पहली जिम्मेदारी निभाता है।

अगर घर में खुलकर संवाद हो, अगर बच्चों को यह समझाया जाए कि नशा आधुनिकता नहीं, बल्कि विनाश है, तो शायद कई फैसले बदल सकते हैं। सिर्फ़ पढ़ाई और करियर पर ध्यान देना काफी नहीं; जीवन मूल्यों की शिक्षा उससे भी ज़्यादा ज़रूरी है। माता-पिता का व्यवहार, उनकी आदतें और उनका दृष्टिकोण बच्चों की सोच की नींव बनता है। अगर घर में ही नियमों को हल्के में लिया जाएगा, तो बाहर उनसे पालन की उम्मीद खोखली रह जाएगी।

दोस्तों की जिम्मेदारी भी उतनी ही बड़ी और अहम होती है जितनी परिवार की होती है। सच्ची दोस्ती वही है, जो सबसे मुश्किल और गलत समय में भी हिम्मत करके रोक सके। नशे में गाड़ी चलाने देना दोस्ती नहीं, अपराध में साझेदारी है। अक्सर समूह में यह सोच बन जाती है कि कोई और रोक लेगा, कोई और संभाल लेगा। इसी कोई और के भरोसे कई ज़िंदगियाँ हमेशा के लिए खतरे में डाल दी जाती हैं। अगर उस रात किसी ने चाबी छीन ली होती, किसी ने सख्ती से मना किया होता, तो शायद आज तीन घर सूने न होते और तीन परिवारों की खुशियाँ अभी भी जिन्दा होतीं।

प्रशासन और कानून की भूमिका से इनकार नहीं किया जा सकता। शराब पीकर ड्राइविंग पर सख्त कार्रवाई, तेज़ रफ़्तार पर सतत निगरानी और सड़कों की बेहतर व्यवस्था ज़रूरी है। लेकिन यह मान लेना कि सिर्फ़ कानून ही सब कुछ ठीक कर देगा, सबसे बड़ी भूल है। कानून डर पैदा कर सकता है, लेकिन संस्कार नहीं। संस्कार घर और समाज से आते हैं। जब तक जिम्मेदारी को सहज, गंभीर और क़ानूनी रूप के ऊपर रखा नहीं जाएगा, तब तक नियमों की अनदेखी शान और साहस का प्रतीक बनी रहेगी।

यह घटना हमें आईना दिखाती है–कड़वा, सच्चा और बेहद ज़रूरी आईना। यह आईना हमें झकझोर कर पूछता है कि हम किस तरह का समाज बना रहे हैं, जहाँ जश्न और खुशी अब ज़िंदगी से महंगी हो गई हैं। जन्मदिन हर साल आता है, पार्टी दोबारा मनाई जा सकती है, लेकिन ज़िंदगी केवल एक बार मिलती है, और एक बार चली जाए तो वह कभी लौटकर नहीं आती। नशे में लिया गया एक क्षणिक, अनियंत्रित फैसला पूरे परिवार की उम्र भर की सज़ा और गहरे दर्द का कारण बन जाता है। 09 जनवरी की यह सुबह भूलने के लिए नहीं है। यह सिर्फ़ घटना नहीं, बल्कि चेतावनी है–एक कड़वी चेतावनी, जो कहती है कि आखिरी नहीं, शायद अगली भी आए।

## भय, अहंकार और क्रोध का त्याग ही श्रद्धा व भक्ति का प्रारंभ है



ज्ञान रुपी चक्षु कोई भी जन्म से ही लेकर नहीं पैदा होता। और न ही इसे कोई स्वयं अपने बलबूते पर धारण कर सकता है। इसे धारण करने के लिए किसी ज्ञानी का सानिध्य ज़रूरी है। यहां तक कि रामचंद्र जी जैसे अवतरित महापुरुष ने भी इस ज्ञान रूपी चक्षु को धारण करने के लिए ऋषि मुनियों का ही आशीर्वाद लिया था और आम जन की यह किस्मत पर निर्भर करता है कि उसे जीवन भर कोई ऐसा संग मिल भी पाता है या नहीं। कई बार हमारी आंखों के सामने रह होती है और हम पहचान नहीं पाते हैं।

ज्ञान अर्जित महानुभावों का कहना है कि प्रत्येक मनुष्य में ज्ञान होता है किन्तु अज्ञान उसे आच्छादित किये रहता है। उस अज्ञान के हटने पर ही मनुष्य को ज्ञान की अनुभूति होती है और अज्ञान तभी हटता है जब मनुष्य का अंतःकरण पूर्णतः शुद्ध हो। ब्रम्हज्ञान पाने का अधिकारी केवल वही साधक है जिसका अंतःकरण शुद्ध होगा।

सहज योग ध्यान एक ऐसी प्रक्रिया है जिससे नाड़ियों व चक्रों की शुद्धता होती है भय, अहंकार और क्रोध को त्यागकर ही हम पूर्णतः शुद्ध हो सकते हैं। चक्रों में पहले चक्र मूलाधार चक्र पर ध्यान करके हम सत्त विवेक व बोध प्राप्त करते हैं जिससे हमें अपने स्व को पहचानने का अवसर मिलता है। ध्यान के दौरान कुंडलिनी शक्ति सभी चक्रों को प्रकाशित करते हुये जब सहस्त्रार का भेदन करती है, ज्ञान चक्षु खुल जाते हैं। इस ज्ञान चक्षु से हम ईश्वरीय चेतना से अभिभूत होते हैं और सत्य व यथार्थ की अनुभूति होती है। ईश्वरीय साम्राज्य में प्रवेश करने से बढ़कर कोई और ज्ञान नहीं है। हमारे अंदर व्याप्त अंधकार छंटने लगता है और हम अपने को और दूसरों को भी सही प्रकार से देख पाते हैं।

योग के अनेक प्रकार हैं। परंतु, सहज योग से कम समय में तथा सांसारिक जीवन में रहते हुए आत्मसाक्षात्कार पाना संभव होता है। एक शुद्ध इच्छा लेकर सहज योग से जुड़कर अपूर्व अनुभव प्राप्त करें।

# खामोश अपराध के खिलाफ आवाज़: मानव तस्करी जागरूकता दिवस

11 जनवरी को राष्ट्रीय मानव तस्करी विरोधी दिवस (नेशनल एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग डे) या राष्ट्रीय मानव तस्करी जागरूकता दिवस मनाया जाता है, जैसा कि मानव तस्करी आज दुनिया भर में एक गंभीर व बड़ी समस्या बनकर उभरी है।यहां पाठकों को जानकारी देना चाहूंगा कि तस्करी का मतलब सिर्फ और सिर्फ परिवहन से नहीं है। वास्तव में यह एक बहुत बड़ा भ्रम है कि तस्करी का मतलब व्यक्ति को एक जगह से दूसरी जगह ले जाना है। असल में, तस्करी का मुख्य आधार शोषण है; पीड़ित अपने ही घर या शहर में भी तस्करी का शिकार हो सकता है। उल्लेखनीय है कि मानव तस्करी दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा संगठित अपराध है (नशीली दवाओं के बाद), जिससे हर साल लगभग 150 डॉलर बिलियन का अवैध लाभ कमाया जाता है।

हाल फिलहाल, यदि हम यहां पर इस दिवस के इतिहास और उत्पत्ति या शुरुआत की बात करें तो इस दिवस की आधिकारिक शुरुआत वर्ष 2007 में अमेरिका में हुई थी,जब अमेरिकी सीनेट ने 11 जनवरी को राष्ट्रीय मानव तस्करी जागरूकता दिवस के रूप में नामित करने का एक प्रस्ताव पारित किया था। संयुक्त राज्य अमेरिका में इसे राष्ट्रीय मानव तस्करी जागरूकता दिवस के रूप में मनाया जाता है। दरअसल, वर्ष 2010 में, राष्ट्रपति बराक ओबामा ने पूरे जनवरी को राष्ट्रीय दासता एवं मानव तस्करी रोकथाम माह घोषित किया था, जिसके तहत यह दिवस जागरूकता फैलाने का कार्य करता है। हालांकि, इस दिवस को मनाने की शुरुआत अमेरिका से हुई थी, लेकिन आज यह एक वैश्विक आंदोलन बन चुका है।संयुक्त राष्ट्र द्वारा दी गई परिभाषा के अनुसार, किसी व्यक्ति को डराकर, बलपूर्वक या दोषपूर्ण तरीके से कोई कार्य करवाना, एक स्थान से दूसरे स्थान पर ले जाने या बंधक बनाकर रखने जैसे कृत्य तस्करी की श्रेणी में आते हैं। पाठकों को बताता चलूं कि 11 जनवरी को अक्सर वियर ब्लू डे के रूप में भी मनाया जाता है, जिसमें लोग नीले रंग के कपड़े पहनकर पीड़ितों के साथ एकजुटता दिखाते हैं।

यहां गौरतलब है कि संयुक्त राष्ट्र 30 जुलाई को मानव तस्करी के विरुद्ध विश्व दिवस मनाता है। दूसरे शब्दों में कहें तो संयुक्त राष्ट्र ने 30 जुलाई को मानव तस्करी के विरुद्ध विश्व दिवस (वर्ल्ड डे अगेंस्ट ट्रैफिकिंग इन पर्सन्स) घोषित किया है, जो वैश्विक स्तर पर इस मुद्दे पर ध्यान केंद्रित करता है।मानव तस्करी के पीछे कारणों की यदि हम यहां पर बात करें तो इसके पीछे प्रमुख कारण क्रमशः गरीबी और अशिक्षा, बंधुआ मज़दूरी, देह व्यापार, सामाजिक असमानता, क्षेत्रीय लैंगिक असंतुलन, बेहतर जीवन की लालसा है। सामाजिक सुरक्षा की चिंता, महानगरों में घरेलू कामों के लिये लड़कियों की तस्करी तथा चाइल्ड पोर्नोग्राफी के लिये बच्चों की तस्करी भी मानव तस्करी के प्रमुख कारण हैं। हाल फिलहाल, क्या यह बहुत ही गंभीर और संवेदनशील नहीं है कि आज महिलाएँ और लड़कियाँ मानव तस्करी से सर्वाधिक पीड़ित हैं और इनमें से अधिकांश की तस्करी यौन शोषण के लिये की जाती है।वास्तव में, यह एक ऐसा अपराध है जिसमें लोगों को उनके शोषण के लिये खरीदा और बेचा जाता है।

पाठकों को बताता चलूं कि मानव तस्करी को रोकने के क्रम में यह दिवस मनाया जाता है। इस दिवस का उद्देश्य मानव तस्करी जैसी गंभीर सामाजिक बुराई के प्रति आम लोगों में जागरूकता बढ़ाना, पीड़ितों के अधिकारों की रक्षा करना तथा इस अपराध के विरुद्ध समाज, पीड़ितों के पुनर्वास के उपायों पर ध्यान केंद्रित करना तथा प्रशासन और कानून प्रवर्तन एजेंसियों को मानव तस्करी के खिलाफ एकजुट करना है।सरल शब्दों में कहें तो यह दिवस मानव तस्करी (ह्यूमन ट्रैफिकिंग) के खिलाफ चेतना और जनजागरूकता बढ़ाने के लिए समर्पित है। आज मानव तस्करी करके बच्चों को जबरन श्रम, यौन शोषण, बाल श्रम में धकेल दिया जाता है,जो बहुत ही दुखद है।

पाठकों को बताता चलूं कि मानव तस्करी में लोगों को धोखे, बल, या जबरन तरीके से किसी अन्य स्थान पर ले जाकर जबर्दस्ती श्रम, यौन शोषण, अंगों की तस्करी या अन्य अनैतिक कामों के लिए मजबूर किया जाता है। बहरहाल, यहां यह कहना गलत नहीं होगा कि यह दिवस मानव तस्करी जैसे अपराध के गंभीर प्रभावों के बारे में लोगों को सचेत या जागरूक करता है। यहां पाठकों को बताता चलूं कि नेशनल ह्यूमन ट्रैफिकिंग अवेयरनेस डे की शुरुआत संयुक्त राज्य अमेरिका में हुई थी, जहां 11 जनवरी को नेशनल स्लेवरी एंड ह्यूमन ट्रैफिकिंग प्रिवेंशन मंथ के रूप में इसे घोषित किया गया था और इसके बाद यह दिवस हर साल 11 जनवरी को मानव तस्करी के खिलाफ जागरूकता के रूप में विश्वभर में मनाया जाने लगा।

हमारे देश में भी इस दिवस को जागरूकता दिवस के रूप में मनाया जाकर इस दिन अनेक सामाजिक, शैक्षिक और प्रशासनिक कार्यक्रम (सरकारी और गैर-सरकारी संगठनों द्वारा) आयोजित किये जाते हैं। वैश्विक परिप्रेक्ष्य की बात करें तो आज दुनिया भर में लगभग 30 मिलियन लोग आधुनिक गुलामी/मानव तस्करी की शिकार हैं। भारत से सम्बंधित आंकड़ों की यदि हम यहां पर बात करें तो हमारे देश में साल 2018ङ्क2022 के दौरान लगभग 10,655 मानव तस्करी मामले दर्ज किए गए थे। एक उपलब्ध जानकारी के अनुसार भारत में लगभग 6,036 पीड़ितों की पहचान हुई, जिनमें से 2,878 बच्चे शामिल थे।इनमें 1,059 लड़कियाँ थीं, जो बाल तस्करी का हिस्सा थी।एक अन्य उपलब्ध जानकारी के अनुसार बिहार में पिछले छह महीनों में 100 से अधिक लड़कियों के लापता होने के मामले राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग तक पहुंचे हैं, जो मानव तस्करी गिरोह की संभावित सक्रियता को दर्शाते हैं।इसी प्रकार से आनंद विहार रेलवे स्टेशन पर झारखंड से आए 12 बच्चों को संभावित मानव तस्करी से बचाया गया था। भारत में स्थिति की बात करें तो ग्लोबल स्लेवरी इंडेक्स 2023 के अनुसार, भारत में लगभग 1.1 करोड़ लोग आधुनिक गुलामी की स्थितियों में रह रहे हैं। भारत के राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) के अनुसार, तस्करी के मामलों में जबरन श्रम और यौन शोषण सबसे प्रमुख कारण हैं।एक अन्य उपलब्ध जानकारी के अनुसार दुनिया भर में लगभग 5 करोड़ लोग आधुनिक गुलामी के शिकार हैं।

संयुक्त राष्ट्र के अनुसार, तस्करी के हर 4 पीड़ितों में से 1 बच्चा होता है। गौरतलब है कि ग्लोबल स्लेवरी इंडेक्स 2025 के अनुसार दुनिया भर में आधुनिक दासता (मॉडर्न स्लेवरी) एक गंभीर वैश्विक समस्या बनी हुई है। इस इंडेक्स को वॉक फ्री फाउंडेशन द्वारा तैयार किया जाता है, जिसमें जबरन श्रम, मानव तस्करी, ऋण-बंधन, जबरन विवाह और यौन शोषण जैसे शोषण के रूपों को शामिल किया जाता है। 2025 के विश्लेषण में अनुमान है कि विश्व में लगभग 5 करोड़ (50 मिलियन) लोग किसी न किसी रूप में आधुनिक दासता का शिकार हैं। इसमें सबसे अधिक दर उत्तर कोरिया, इरीट्रिया और मॉरिटानिया जैसे देशों में दर्ज की गई है, जबकि दक्षिण सूडान और सोमालिया जैसे देश सबसे अधिक जोखिम वाले देशों में शामिल हैं। भारत की बात करें तो जनसंख्या अधिक होने के कारण हमारे यहां जबरन श्रम, ऋण-बंधुआ मजदूरी और मानव तस्करी के मामले देखने को मिलते हैं। यहां यह भी उल्लेखनीय है कि यह इंडेक्स सरकारों की नीतियों, कानूनों और पीड़ितों के संरक्षण प्रयासों का भी मूल्यांकन करता है और वैश्विक स्तर पर मानव तस्करी व आधुनिक दासता के खिलाफ ठोस कदम उठाने की आवश्यकता पर जोर देता है।

बहरहाल, यह भी एक कड़वा तथ्य है कि तस्करी में पहचाने गए पीड़ितों में से लगभग 70% महिलाएं और लड़कियां होती हैं।

बहरहाल, यहां पाठकों को बताता चलूं कि वर्ष 2025 के लिए इस दिवस की थीम-कड़ियों को जोड़ना, समुदायों को मजबूत करना, तस्करी को रोकना रखी गई थी। वास्तव में यह थीम इस बात पर जोर देती है कि मानव तस्करी को केवल कानून से नहीं, बल्कि समाज के हर वर्ग के सहयोग और जागरूकता से ही खत्म किया जा सकता है। वहीं पर इस साल यानी कि वर्ष 2026 के लिए ह्यूमन ट्रैफिकिंग प्रिवेंशन मंथ (जनवरी) की थीम-स्ट्रोंगर कनेक्शन्स,स्ट्रोंगर फ्यूचर्स यानी कि-ज्यादा मजबूत सम्बन्ध, बेहतर भविष्य।वास्तव में,इसका फोकस इस बात पर है कि घर, समुदाय और कार्यस्थल में मजबूत सम्बन्ध तस्करी के जोखिम को कम करने में कैसे मदद करते हैं।

यहां पाठकों को यह भी जानकारी देता चलूं कि मानव तस्करी के विरुद्ध विश्व दिवस 30 जुलाई 2025 के लिए इस अंतरराष्ट्रीय दिवस की थीम मानव तस्करी एक संगठित अपराध है - शोषण समाप्त करें (ह्यूमन ट्रैफिकिंग इज आर्गेनाइज्ड क्राइम-ऐंड द एक्सप्लोइटेशन) रखी गई थी। अंत में यही कहूंगा कि हमारे देश में में मानव तस्करी को रोकने के लिए सरकार द्वारा कई महत्वपूर्ण पहलें की गई हैं।

अनैतिक देह व्यापार (निवारण) अधिनियम, 1956 (आइटीपीए), बाल श्रम (प्रतिषेध एवं विनियमन) अधिनियम, पोस्को अधिनियम तथा भारतीय न्याय संहिता में मानव तस्करी से जुड़े कठोर प्रावधान लागू किए गए हैं। केंद्र सरकार ने एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट (एएचटीयू) की स्थापना कर राज्यों में विशेष जांच और बचाव तंत्र को मजबूत किया है। इसके साथ ही उज्ज्वला योजना के तहत पीड़ितों के पुनर्वास, संरक्षण और कौशल विकास पर ध्यान दिया जा रहा है। ट्रैकचाइल्ड पोर्टल, 1098 चाइल्डलाइन, और अंतर-राज्यीय व अंतरराष्ट्रीय समन्वय के माध्यम से गुमशुदा बच्चों की पहचान व त्वरित बचाव सुनिश्चित किया जाता है।

जागरूकता अभियानों, एनजीओ की भागीदारी और डिजिटल निगरानी के माध्यम से भारत मानव तस्करी की रोकथाम की दिशा में निरंतर प्रयासरत है। उल्लेखनीय है कि भारतीय संविधान के अनुच्छेद 23ङ्क24 मानव तस्करी और जबरन श्रम को रोकते हैं तथा भारतीय संविधान के अनुच्छेद 23 (1) और अनैतिक व्यापार (रोकथाम) अधिनियम, 1956 के तहत भारत में मानव तस्करी प्रतिबंधित है।आपराधिक कानूनों (आइपीसी धारा 370 और 370ए) के अंतर्गत मानव तस्करी को कड़े दंड के साथ दंडनीय अपराध माना गया है।मानव तस्करी को रोका जा सकता है।

वास्तव में आज मानव तस्करी को रोकने के लिए कानूनी, सामाजिक और जागरूकता आधारित प्रयासों की आवश्यकता है।कड़े कानूनों का प्रभावी क्रियान्वयन और दोषियों को सख्त से सख्त सजा दी जानी चाहिए।गरीबी, बेरोज़गारी और अशिक्षा को कम कर लोगों को सुरक्षित आजीविका के अवसर उपलब्ध कराना बहुत ही जरूरी व आवश्यक है। जन-जागरूकता अभियान, खासकर महिलाओं और बच्चों को उनके अधिकारों के प्रति सजग बनाते हैं। सरकार, पुलिस, स्वयंसेवी संगठन और समाज के सहयोग से ही मानव तस्करी पर प्रभावी रोक संभव है।

**-सुनील कुमार महला**

## ट्रंप का बहुपक्षीय संस्थाओं से हटना, वैश्विक व्यवस्था का विखंडन

अमेरिकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप कुछ मामलों में हमेशा स्पष्ट रहे हैं। उनके दृष्टिकोण में बहुपक्षीय मंच अमेरिका की संप्रभुता को कमजोर करते हैं और सीधे उनके 'मेक अमेरिका ग्रेट अगेन' के एजेंडे से टकराते हैं। इसी सोच के चलते उन्होंने कई अंतरराष्ट्रीय संस्थानों से बाहर निकलने का निर्णय लिया, जिनमें से अनेक संयुक्त राष्ट्र की व्यवस्था के अंतर्गत आते हैं। अतीत में उनके प्रशासन ने अमेरिका को जलवायु परिवर्तन पर पेरिस समझौते जैसे ढांचों से बाहर निकाला है, संयुक्त राष्ट्र सहित अंतरराष्ट्रीय बकायों का भुगतान रोका है, और विश्व व्यापार संगठन को प्रभावी रूप से पंगु बना दिया है। लेकिन उनकी नवीनतम कार्रवाई इससे भी आगे बढ़ गई है।

गौर करने की बात है कि अमेरिका हमेशा से कई बहुपक्षीय मंचों में अपेक्षाकृत अनिच्छुक प्रतिभागी रहा है। अमेरिका की राजनीति में एक गहरी संयुक्त राष्ट्र-विरोधी प्रवृत्ति रही है, जिसमें 'ब्लैक हेलीकॉप्टरों' के जरिये संयुक्त राष्ट्र की सेनाओं के असहाय ग्रामीण अमेरिकियों पर हमला करने की निराधार अफवाहें शामिल रही हैं। यह षड्यंत्रकारी दुनिया का एक स्थायी हिस्सा है जिसने ट्रंप के आंदोलन को जन्म दिया।

इसके अलावा, मुख्यधारा के अमेरिकी राजनेता भी अंतरराष्ट्रीय न्यायालय जैसे संगठनों में शामिल होने में सतर्क रहे हैं, यह मानते हुए कि यह अमेरिका में असंवैधानिक होगा या उसकी संप्रभुता को छीन लेगा।

इस दृष्टिकोण से देखा जाए तो ट्रंप केवल अमेरिकी राजनीति की एक मौजूदा धारा को एक कदम आगे बढ़ा रहे हैं। यह भी ध्यान देने योग्य है कि राष्ट्रपति जो बाइडन ने पेरिस समझौते में दोबारा प्रवेश तो किया, लेकिन उदाहरण के लिए, उन्होंने अपने पूर्ववर्ती द्वारा विश्व व्यापार संगठन को पहुंचाए गए नुकसान को ठीक करने के लिए कोई कदम नहीं उठाया।

ऐसे में इस नवीनतम बदलाव का विश्लेषण केवल ट्रंप की विदेशियों के प्रति जाहिर नापसंदगी से अधिक गहराई में जाकर किया जाना चाहिए। इस सूची में कुछ संगठन ऐसे हो सकते हैं जिन्हें निष्क्रिय या अपेक्षाकृत निरर्थक माना जा सकता है, लेकिन अन्य निश्चित रूप से ऐसा नहीं हैं।

**-धनंजय राजौरा**

# स्वामी विवेकानंद का 'विश्वगुरु भारत' : खंडित विश्व के लिए वेदांत की प्रासंगिकता

इक्कीसवीं सदी का विश्व गहरे अंतर्विरोधों से घिरा हुआ है। एक ओर अभूतपूर्व वैज्ञानिक-तकनीकी प्रगति, वैश्वीकरण और संचार क्रांति है, तो दूसरी ओर युद्ध, जलवायु संकट, असमानता, नैतिक पतन और पहचान आधारित संघर्ष। यह खंडित और असंतुलित वैश्विक परिदृश्य किसी ऐसे वैचारिक मार्गदर्शन की मांग करता है, जो केवल भौतिक समाधान न दे, बल्कि मानवता को नैतिक, आध्यात्मिक और सांस्कृतिक आधार भी प्रदान करे। ऐसे समय में स्वामी विवेकानंद का भारत को 'विश्वगुरु' के रूप में देखने का दृष्टिकोण असाधारण रूप से प्रासंगिक प्रतीत होता है।

स्वामी विवेकानंद के लिए 'विश्वगुरु' होने का अर्थ किसी राजनीतिक या सैन्य प्रभुत्व से नहीं था, बल्कि आध्यात्मिक नेतृत्व, नैतिक मार्गदर्शन और सार्वभौमिक मानव मूल्यों के प्रसार से था। उनका विश्वास था कि भारत की वेदांत परंपरा–जो 'वसुधैव कुटुंबकम्', सर्वधर्म समभाव और आत्मिक एकता पर आधारित है–विश्व की समस्याओं का समाधान प्रस्तुत कर सकती है। आज जब विश्व विचारधाराओं, राष्ट्रवादों और आर्थिक प्रतिस्पर्धाओं में बंटा हुआ है, विवेकानंद की यह दृष्टि पहले से अधिक प्रासंगिक हो उठती है।

वेदांत का केंद्रीय सिद्धांत है–अद्वैत या एकत्व। यह मान्यता कि समस्त सृष्टि एक ही चेतना की अभिव्यक्ति है, आधुनिक विश्व की सबसे बड़ी समस्याओं–युद्ध, हिंसा और पर्यावरण विनाश–की जड़ पर प्रहार करती है। यदि मानव स्वयं को प्रकृति से अलग नहीं, बल्कि उसका अभिन्न अंग माने, तो पर्यावरण शोषण की प्रवृत्ति स्वतः ही नियंत्रित होगी। आज का जलवायु संकट इसी अलगाववादी दृष्टि का परिणाम है, जिसमें प्रकृति को उपभोग की वस्तु माना गया। वेदांत का 'ईशावास्यमिदं सर्वम्' का विचार सतत विकास और पर्यावरणीय नैतिकता के लिए सुदृढ़ दार्शनिक आधार प्रदान करता है।

स्वामी विवेकानंद ने धर्म को कर्म और समाज से जोड़कर देखा। उनके अनुसार सच्चा धर्म वह है जो मनुष्य को दुर्बल नहीं, बल्कि सशक्त बनाए। आज वैश्विक समाज जिस नैतिक संकट से गुजर रहा है–भ्रष्टाचार, नेतृत्व की विश्वसनीयता में गिरावट, उपभोक्तावाद–उसका समाधान इसी कर्मयोगी वेदांत में निहित है। कर्मयोग का सिद्धांत, जो निस्वार्थ सेवा और कर्तव्यबोध पर आधारित है, आधुनिक शासन, राजनीति और कॉर्पोरेट नेतृत्व को नैतिक दिशा दे सकता है। जब नेतृत्व केवल लाभ और सत्ता के बजाय सेवा और उत्तरदायित्व से संचालित होगा, तभी वैश्विक विश्वास बहाल हो सकेगा।

विवेकानंद का वेदांत संकीर्ण परंपरावाद नहीं था। वे आधुनिक विज्ञान, तर्क और शिक्षा के प्रबल समर्थक थे। उन्होंने पश्चिमी विज्ञान और पूर्वी अध्यात्म के समन्वय की बात की। आज, जब तकनीक तीव्र गति से आगे बढ़ रही है, लेकिन उसके नैतिक परिणामों पर पर्याप्त विमर्श नहीं हो रहा, यह समन्वय अत्यंत आवश्यक हो जाता है। कृत्रिम बुद्धिमत्ता, जैव प्रौद्योगिकी और डिजिटल अर्थव्यवस्था जैसे क्षेत्रों में वेदांतिक नैतिकता मानव-केंद्रित विकास सुनिश्चित कर सकती है, ताकि प्रगति मनुष्य को साधन न बनाकर उसका कल्याण करे।

वैश्विक असमानता आज की सबसे गंभीर चुनौतियों में से एक है। आर्थिक विकास के बावजूद संसाधनों का असमान वितरण, विकसित और विकासशील देशों के बीच खाई को और गहरा कर रहा है। वेदांत का 'अपरिग्रह' और 'लोकसंग्रह' का विचार ऐसी आर्थिक व्यवस्था की ओर संकेत करता है, जिसमें विकास समावेशी हो और अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे। विवेकानंद ने गरीबों और वंचितों की सेवा को ईश्वर की सेवा माना। यह दृष्टि कल्याणकारी राज्य, सामाजिक न्याय और वैश्विक उत्तरदायित्व की अवधारणाओं को नैतिक आधार प्रदान करती है।

सांस्कृतिक स्तर पर, आज का विश्व पहचान की राजनीति और सांस्कृतिक टकरावों से जूझ रहा है। धर्म, नस्ल और राष्ट्र के नाम पर बढ़ती असहिष्णुता ने वैश्विक शांति को खतरे में डाल दिया है। विवेकानंद का सर्वधर्म समभाव और सांस्कृतिक बहुलता का संदेश ऐसे समय में अत्यंत प्रासंगिक है। वेदांत किसी एक मत का प्रचार नहीं करता, बल्कि सत्य के विविध मार्गों को स्वीकार करता है। यह दृष्टि अंतर-सांस्कृतिक संवाद, सहिष्णुता और शांति स्थापना का मजबूत आधार बन सकती है।

युवाओं को लेकर स्वामी विवेकानंद की दृष्टि विशेष रूप से उल्लेखनीय है। उन्होंने युवाओं को राष्ट्र और विश्व के भविष्य के रूप में देखा। आज की वैश्विक समस्याओं–जलवायु परिवर्तन, बेरोजगारी, हिंसक उग्रवाद–का समाधान तभी संभव है, जब युवा शक्ति नैतिक मूल्यों, नवाचार और वैश्विक उत्तरदायित्व के साथ आगे आए। वेदांत युवाओं को आत्मविश्वास, अनुशासन और उद्देश्य प्रदान करता है, जिससे वे केवल कुशल पेशेवर नहीं, बल्कि संवेदनशील वैश्विक नागरिक बन सकें।

भारत की भूमिका यहाँ विशेष महत्व रखती है। भारत यदि स्वयं अपनी परंपरा और आधुनिकता के बीच संतुलन साधने में सफल होता है, तो वह विश्व के लिए एक मॉडल प्रस्तुत कर सकता है। योग, आयुर्वेद, ध्यान और अहिंसा जैसे भारतीय विचार आज वैश्विक स्तर पर स्वीकार किए जा रहे हैं। ये केवल सांस्कृतिक निर्यात नहीं, बल्कि मानवता के लिए वैकल्पिक जीवन-दृष्टि हैं। भारत का 'सॉफ्ट पावर' इसी वेदांतिक विरासत में निहित है, जो संवाद, सहयोग और सहअस्तित्व पर बल देती है।

हालांकि, विवेकानंद के 'विश्वगुरु' दृष्टिकोण की आलोचनात्मक समीक्षा भी आवश्यक है। इसे आत्ममुग्धता या सांस्कृतिक श्रेष्ठतावाद में बदलने का खतरा सदैव रहता है। विवेकानंद का भारत-बोध विनम्रता, आत्मालोचन और सेवा पर आधारित था, न कि प्रभुत्व पर। अतः भारत को पहले अपने भीतर सामाजिक विषमताओं, लैंगिक असमानताओं और शिक्षा-स्वास्थ्य जैसी बुनियादी चुनौतियों का समाधान करना होगा। बिना आंतरिक सुदृढ़ता के वैश्विक नेतृत्व का दावा खोखला सिद्ध हो सकता है।

अंततः, स्वामी विवेकानंद का 'विश्वगुरु भारत' कोई अतीत की स्मृति नहीं, बल्कि भविष्य की संभावना है। वेदांत के सिद्धांत–एकत्व, करुणा, निस्वार्थ कर्म और संतुलन–आज के खंडित विश्व को जोड़ने की क्षमता रखते हैं। परंपरा और आधुनिकता का यह समन्वय ही भारत को एक नैतिक, आध्यात्मिक और बौद्धिक मार्गदर्शक बना सकता है। यदि विश्व को केवल तकनीकी समाधान नहीं, बल्कि मानवीय दिशा चाहिए, तो विवेकानंद का वेदांत आज भी उतना ही प्रासंगिक है जितना एक सदी पूर्व था।

**-डॉ. सत्यवान सौरभ**

# स्त्री शिक्षा, सुरक्षा और सशक्तिकरण का समकालीन परिदृश्य

किसी भी लोकतांत्रिक समाज की प्रगति का आकलन उसकी आधी आबादी अर्थात स्त्रियों की स्थिति से किया जाता है और यह तथ्य आज केवल विचार नहीं बल्कि वैश्विक विकास सूचकांकों का आधार बन चुका है, भारत जैसे विविधतापूर्ण देश में स्त्री की स्थिति एक ओर उल्लेखनीय प्रगति का संकेत देती है तो दूसरी ओर गंभीर चुनौतियों की ओर भी ध्यान आकृष्ट करती है। स्त्री शिक्षा सामाजिक परिवर्तन का आधार स्तंभ होती है, बीते कुछ दशकों में भारत में स्त्री शिक्षा के क्षेत्र में निरंतर सुधार देखने को मिला है, बालिका नामांकन दर में वृद्धि, माध्यमिक शिक्षा में लैंगिक अंतर में कमी और उच्च शिक्षा में महिलाओं की भागीदारी ने सामाजिक संरचना को नया स्वरूप दिया है।

विशेष रूप से विज्ञान, प्रौद्योगिकी, चिकित्सा और प्रशासनिक सेवाओं में महिलाओं की उपस्थिति यह दर्शाती है कि शिक्षा स्त्री सशक्तिकरण का सबसे प्रभावी माध्यम बन रही है, किंतु यह भी यथार्थ है कि ग्रामीण, आदिवासी और आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों में बालिकाओं की शिक्षा अब भी सामाजिक दबाव, घरेलू श्रम और बाल विवाह जैसी समस्याओं से प्रभावित है। वर्तमान सामाजिक परिदृश्य में स्त्री की स्थिति आधुनिक भारत की स्त्री आज शिक्षा, रोजगार और सार्वजनिक जीवन में पहले की तुलना में अधिक सक्रिय भूमिका निभा रही है, पंचायत से लेकर संसद तक उसकी भागीदारी बढ़ी है और प्रशासनिक सेवाओं में महिलाओं की संख्या निरंतर बढ़ रही है, इसके बावजूद घरेलू स्तर पर निर्णय लेने की स्वतंत्रता, समान वेतन और सामाजिक सुरक्षा जैसे मुद्दे अब भी पूर्ण समाधान की प्रतीक्षा कर रहे हैं, यह स्थिति इस तथ्य को रेखांकित करती है कि कानूनी अधिकार और सामाजिक स्वीकृति के बीच अभी भी एक स्पष्ट अंतर विद्यमान है।

स्त्रियों के विरुद्ध अपराध चिंता का विषय है हाल के वर्षों में महिलाओं के विरुद्ध अपराधों के स्वरूप में भी बदलाव आया है, पारंपरिक अपराधों के साथ-साथ साइबर अपराध,ऑनलाइन उत्पीड़न और डिजिटल माध्यमों के दुरुपयोग से जुड़ी घटनाएँ तेजी से बढ़ी हैं, घरेलू हिंसा, यौन उत्पीड़न, दहेज से संबंधित मामले और सार्वजनिक स्थलों पर असुरक्षा की घटनाएँ यह संकेत देती हैं कि शहरीकरण और तकनीकी प्रगति के बावजूद सामाजिक मानसिकता में अपेक्षित सुधार नहीं हो पाया है, यह स्थिति न केवल कानून व्यवस्था बल्कि सामाजिक चेतना के स्तर पर भी गंभीर आत्ममंथन की मांग करती है। कानूनी प्रावधान और प्रशासनिक दायित्व पर एक दृष्टि डालें तो भारत में महिलाओं की सुरक्षा और अधिकारों के संरक्षण के लिए सुदृढ़ कानूनी ढांचा उपलब्ध है, जिसमें घरेलू हिंसा निषेध अधिनियम, कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न से संरक्षण कानून, दहेज निषेध अधिनियम तथा हाल के आपराधिक कानून संशोधन शामिल हैं, किंतु प्रशासनिक दृष्टि से चुनौती इन कानूनों के प्रभावी क्रियान्वयन, त्वरित न्याय और पीड़ित-केंद्रित दृष्टिकोण की है, पुलिस, न्यायपालिका और स्थानीय प्रशासन के समन्वय के बिना केवल कानूनों का अस्तित्व पर्याप्त नहीं सिद्ध हो सकता। आर्थिक सहभागिता और विकास की अनिवार्यता – स्त्रियों की आर्थिक भागीदारी को राष्ट्रीय विकास की अनिवार्य शर्त के रूप में स्वीकार किया जा चुका है, स्वयं सहायता समूहों, सूक्ष्म वित्त योजनाओं, ग्रामीण उद्यमिता और स्टार्टअप संस्कृति ने महिलाओं को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनने के अवसर प्रदान किए हैं, फिर भी श्रम बाजार में महिलाओं की भागीदारी अपेक्षाकृत कम बनी हुई है, जिसका कारण सामाजिक जिम्मेदारियों का असमान बोझ, कार्यस्थल पर सुरक्षा की कमी और अनौपचारिक क्षेत्र में रोजगार की अधिकता है। मीडिया और सामाजिक दृष्टिकोण में मीडिया स्त्री की छवि निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है, सकारात्मक उदाहरणों के साथ-साथ यह भी आवश्यक है कि स्त्री को संवेदनशीलता के साथ सम्मानजनक और संतुलित रूप में प्रस्तुत किया जाए, जिससे समाज में समानता और गरिमा का संदेश सुदृढ़ हो सके। भविष्य की दिशा और नीतिगत अपेक्षाएँ देखीं जाएं तो स्त्री की स्थिति में वास्तविक सुधार के लिए शिक्षा, स्वास्थ्य, सुरक्षा और रोजगार को समग्र दृष्टिकोण से जोड़ना होगा, साथ ही सामाजिक व्यवहार में परिवर्तन के लिए पुरुषों और बालकों को भी लैंगिक समानता के मूल्यों से जोड़ना अनिवार्य होगा, यह केवल महिला केंद्रित योजनाओं से नहीं बल्कि सामाजिक सहभागिता और प्रशासनिक संवेदनशीलता से संभव है।

**-डॉ. सत्यवान सौरभ**

# सरस्वती ज्ञान पीठ हायर सेकेण्डरी स्कूल में किया विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन






**देवास/ राजेन्द्र सिंह पंवार/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार माननीय प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं अध्यक्ष महोदय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण देवास अजय प्रकाश मिश्र के मार्गदर्शन में एवं श्री रोहित श्रीवास्तव सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण देवास के निर्देशन में दिनांक 10.01.2026 को सरस्वती ज्ञान पीठ हायर सेकेण्डरी स्कूल, लक्ष्मण नगर देवास में राष्ट्रीय युवा दिवस के उपलक्ष्य में साप्ताहिक जन - जागरूकता कार्यक्रम के अंतर्गत विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। उक्त शिविर में छात्र - छात्राओं को नशे से दूर रहने हेतु शपथ दिलाई गई।

उक्त शिविर में श्री रोहित श्रीवास्तव सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण देवास ने अपने उद्बोधन में उपस्थित छात्र - छात्राओं को नशे के प्रति जागरूक करते हुए नशे से दूर रहने, स्वस्थ शरीर की ओर ध्यान देने एवं नशे के शारीरिक एवं मानसिक दुष्परिणाम बताकर संपूर्ण जीवन में नशे से दूर रहने की सलाह दी साथ ही करियर पर ध्यान देने, बीड़ी, सिगरेट के अलावा सोशल मीडिया भी एक नशा है जिससे दूर रह कर घूमना अपने सपनों पूरा करने पर फोकस करने तथा स्वच्छ वातावरण में जीवन व्यतीत करने हेतु जागरूक किया और अपने पाठयक्रम के अलावा छात्र - छात्राओं को ज्ञानवर्धक एवं प्रेरणा स्त्रोत पुस्तकें पढ़ने हेतु प्रेरित किया ।

इस अवसर पर उक्त कार्यक्रम में श्री अभिषेक गौड़ पंचम जिला न्यायाधीश देवास एवं श्री प्रेमनाथ तिवारी निर्देशक, श्रीमती सुषमा निगम प्राचार्य, सहित स्टॉफ, छात्र - छात्राएं उपस्थित रहे।

# शिवाजी बस्ती में हुआ हिन्दू सम्मेलन का आयोजन

**शाजापुर/दैनिक मालवा हेराल्ड।** संघ शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में इन दिनों समाज के द्वारा हिन्दू सम्मेलनों का आयोजन किया जा रहा है। जिसके माध्यम से समाजजनों को एकता का मंत्र दिया जा रहा है। इसी कड़ी में नगर का पहला हिन्दू सम्मेलन का आयोजन शनिवार को शिवाजी बस्ती में किया गया। जहां 3 हजार से अधिक समाजजनों ने एकत्रित होकर एकता का परिचय दिया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए तलेन से पधारे संत सनी डोडिया हिन्दूत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने समाजजनों को एक साथ रहने और मनमुटाव से दूर रहकर साथ रहकर एक-दूसरे की हर संभव मदद के लिए प्रेरित किया ताकि कोई भी हमें अलग न कर सके। उन्होंने इतिहास से सीख लेने की भी बात भी कही। दीपाली विभूते ने सम्मेलन को संबोधित करते हुए पंच परिवर्तन का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि समाजजन अपनी दैनिक दिनचर्या में बदलाव लाएं। उन्होंने कहा कि आज मोबाइल का हम लोग अधिक उपयोग करने लगे हैं। जिसकी वजह से हम एक छत के नीचे होते हुए भी एक साथ नहीं है। हम सभी का आपस में जीवंत संपर्क टूट गया है जो समाज के लिए घातक है। इसलिए कम से कम लोगों को दिन में एक बार मोबाइल से दूरी बनाकर साथ भोजन करना चाहिए। साथ ही आपसी मनमुटाव भुलाकर आपस में चर्चा करना चाहिए। उन्होंने लोगों को पर्यावरण संरक्षण, स्वदेशी वस्तुओं के उपभोग, कुटुम्ब प्रबोधन के लिए भी प्रेरित किया। कार्यक्रम में स्वदेशी जागरण मंच के विभाग संयोजक राहुल विश्वकर्मा ने मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित जनसमूह को संबोधित किया। उन्होंने संघ की शताब्दी यात्रा, राष्ट्र निर्माण में संघ की भूमिका, सामाजिक समरसता, स्वदेशी विचारधारा तथा सांस्कृतिक पुनर्जागरण पर विस्तार से अपने विचार व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि संघ के 100 वर्ष सेवा, संस्कार और संगठन की साधना के प्रतीक हैं, जो समाज को सशक्त दिशा देने का कार्य कर रहे हैं। इस दौरान मंच पर संयोजक मनीष सोनी व सह संयोजक दिनेश शर्मा भी उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन विकास सिंदल ने किया तथा आभार चेतन गुप्ता ने माना।

सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ से भक्तिमय हुआ वातावरण- इस अवसर पर सामुहिक हनुमान चालीसा का पाठ भी किया गया। जिसमें सभी ने सहभागिता करते हुए हनुमान चालीसा का पाठ किया और दोहे गाए।

# फल सब्जी मण्डी परिसर में आज होगा जैविक हाट का शुभारंभ

**देवास/ राजेन्द्र सिंह पंवार/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** देवास उप संचालक कृषि गोपेश पाठक ने बताया कि शासन की मंशानुसार एवं कलेक्टर ऋतुराज सिंह के मार्गदर्शन में 11 जनवरी 2026 से सब्जी मण्डी परिसर मक्सी रोड़ देवास में जैविक हाट का शुभारंभ किया जा रहा है। जैविक हाट हर रविवार को सुबह 10 बजे से शाम 04 बजे तक फल सब्जी मण्डी परिसर में लगेगा। जैविक हाट में हरी ताजी सब्जी एवं अन्य उत्पाद सीधे किसानों के द्वारा विक्रय किये जायेंगे। जैविक हाट में जैविक अनाज का विक्रय भी किया जायेगा। उन्होंने बताया कि जैविक खाद्य पदार्थ, रासानियक खाद्य पदार्थ की तुलना में अधिक स्वादिष्ट एवं पौष्टिक होते है, जो मानव स्वास्थ्य के लिये अधिक लाभदायक है। जैविक हाट में जिले के जैविक खेती करने वाले कृषक सम्मिलित होगें और अपने उत्पादो का विक्रय सीधे उपभोक्ता को करेगें।

# हिन्दू सम्मेलनों में होंगे समरस्ता के दर्शन

## 9 मंडल हिन्दू सम्मेलन में 80 से अधिक गांवों के हजारों लोग एकत्रित होंगे




**देवास/ राजेन्द्र सिंह पंवार/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** रविवार को देवास जिले में बड़े स्तर पर हिंदू सम्मेलनों का आयोजन हो रहा है। देवास नगर की 17 बस्तियों के अलावा करनावद, भोरासा एवं पीपलरावा नगर की दो-दो बस्तियों में हिन्दू सम्मेलन होंगे। इसके साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों के 9 मंडलों के हिन्दू सम्मेलन आयोजित होंगे जिनमें 80 से अधिक गांवों के लोग सहभागी होंगे।

हाटपिपल्या खण्ड के करनावद नगर के साथ खजुरिया बिना, देवगढ़ एवं लिम्बोदा मंडलों के हिन्दू सम्मेलन आयोजित होंगे। टोंकखुर्द खण्ड के भौरांस नगर, देवली एवं चिड़ावद मंडलों में हिन्दू सम्मेलन होंगे। चिड़ावद मंडल का हिन्दू सम्मेलन टोंक कला में होंगा। पिपलरवा खण्ड के पिपलरवा नगर के साथ इकलेरा एवं चौबारा धीरा मंडल में हिन्दू सम्मेलन आयोजित होंगे। देवास ग्रामीण खण्ड के दत्तोतर एवं बैरागढ़ मंडल हिन्दू सम्मेलन आयोजित होंगे।

हिन्दू सम्मेलनों की तैयारी हेतु गांव-गांव, मोहल्ले-मोहल्ले में अक्षत कलश वितरण, भूमि पूजन, भगवा ध्वज स्थापना, भगवा यात्राएं, प्रभात फेरियां आदि आयोजन किये जा रहे है। हिन्दू सम्मलेनों को लेकर, मोहल्लों एवं गांवों उत्साह का वातावरण बना हुआ है।

इन सम्मेलनों में भारत माता पूजन एवं आरती, गो पूजन, शास्त्र पूजन, कलश यात्रा, सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ, भजन जैसे धार्मिक कार्यक्रमों के साथ गणेश-सरस्वती वंदना पर नृत्य एवं पंचपरिवर्तन पर नाटिका जैसे संस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएंगे। इस अवसर पर सभी स्थानों पर सहभोज भी आयोजित किये जा रहे है। स्थानीय स्तर पर प्रमुख संत, मातृशशक्तियां, समाजसेवी एवं बुद्धिजीवी वक्ता के रूप में भाग लेंगे।

आगामी दिनों में देवास जिले के अन्य मंडलों एवं बस्तियों के हिन्दू सम्मेलन आयोजित होंगे।

# लोकसंवाद केंद्र में जिला पदाधिकारियों ने सुनी जनसमस्याएं




**देवास/ राजेन्द्र सिंह पंवार/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय स्थित लोकसंवाद केंद्र में शनिवार को जिला कार्यालय द्वारा जारी चार्ट के अनुसार भाजपा सोनकच्छ विधानसभा प्रभारी महेश पाटीदार, जिला उपाध्यक्ष निरंजन सिंह सेंगर एवं जिला कोषाध्यक्ष यशपाल सिंह बघेल उपस्थित रहे। लोकसंवाद केंद्र में उपस्थित पदाधिकारियों ने आमजन की समस्याएं एवं शिकायतें गंभीरता से सुनीं। इस दौरान कुल चार आवेदन प्राप्त हुए, जिनके त्वरित निराकरण हेतु संबंधित विभागों के अधिकारियों से दूरभाष पर चर्चा कर उन्हें अवगत कराया गया तथा शीघ्र समाधान के निर्देश दिए गए। भाजपा जिला अध्यक्ष रायसिंह सेंधव द्वारा जिला पदाधिकारियों की प्रतिदिन ड्यूटी निर्धारित की गई है, जिससे आमजन की समस्याएं नियमित रूप से सुनी जा सकें और उनका समयबद्ध निराकरण सुनिश्चित हो। पदाधिकारियों ने कहा कि भाजपा संगठन जनसेवा को सर्वोच्च प्राथमिकता देता है और लोकसंवाद केंद्र के माध्यम से जनता की समस्याओं के समाधान हेतु निरंतर कार्य कर रहा है। उक्त जानकारी भाजपा जिला मीडिया प्रभारी कमल अहिरवार ने दी।

# नशामुक्ति और स्वच्छता का नाटक के माध्यम से दिया संदेश




**देवास/ राजेन्द्र सिंह पंवार/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ़ एक्सीलेंस श्री कृष्णाजीराव पवार शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा प्राचार्य डॉ एसपीएस राणा के मार्गदर्शन में स्वामी विवेकानंद जयंती युवा दिवस के अवसर पर भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी भोपाल के निर्देशानुसार स्वच्छता एवं नशा मुक्ति गतिविधियां के अंतर्गत आज नशामुक्ति और स्वच्छता जागरूकता हेतु महाविद्यालय परिसर में नुक्कड़ नाटक के साथ स्वच्छता अभियान चलते हुए सस्टेनेबल डेवलपमेंट गोल्स एसडीजी 6 और 3 को कवर किया गया। वॉलेंटियर्स ने सर्वप्रथम महाविद्यालय प्रांगण में स्थित हनुमान जी के मंदिर परिसर को धूल,कचरा मुक्त बनाते हुए पानी से अच्छे से साफ किया और बास्केटबाल खेल मैदान से प्लास्टिक पालीथीन एकत्रित किया। इसके बाद महात्मा गांधी जी की प्रतिमा के सम्मुख नशा मुक्ति पर नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया गया। इस नाटक में ईश्वर लोधी, मुस्कान,खुशबू ,आरती, निखिल आदि स्वयं सेवकों ने भाग लिया। इस अवसर पर डॉ रतन सिंह अनारे,डॉ आर के मराठा,डॉ संजय गाडगे,,डॉ लीना दुबे,इको क्लब,रेड क्रॉस ,युवा पर्यटन क्लब प्रभारी श्री जितेंद्र सिंह राजपूत के साथ महाविद्यालयीन स्टाफ उपस्थित रहे।

# पिछड़ा वर्ग तथा अल्पसंख्यक कल्याण विभाग की योजना अंतर्गत सिविल परीक्षा उत्तीर्ण करने पर मंतशा खान को मिली प्रोत्साहन राशि




**देवास/ राजेन्द्र सिंह पंवार/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** प्रदेश सरकार द्वारा विद्यार्थियों के लिए कई महत्वपूर्ण योजनाएं संचालित की जा रही है। इन योजनाओं का लाभ लेकर हितग्राहियों को मिल रही है। इन्हीं योजनाओं में म.प्र पिछड़ा वर्ग तथा अल्पसंख्यक कल्याण विभाग द्वारा मध्यप्रदेश लोकसेवा आयोग एवं संघ लोक सेवा आयोग में चयनित पिछड़ा वर्ग के अभ्यर्थियों को प्रारंभिक परीक्षा, मुख्य परीक्षा एवं साक्षात्कार प्रोत्साहन राशि दी जा रही है। इसी के तहत देवास जिले के ग्राम कानड़ा कांटाफोड़ की कु. मंतशा पिता हमीद खान का चयन मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा सिविल सेवा परीक्षा अंतर्गत वाणिज्य कर विभाग में निरीक्षक की पद पर चयन हुआ हैं। मंतशा खान को पिछड़ा वर्ग तथा अल्पसंख्यक कल्याण विभाग देवास से प्रारंभिक परीक्षा के लिए राशि 15000 रुपए एवं मुख्य परीक्षा के लिए 25000 रुपए कुल प्रोत्साहन राशि 40,000 प्रदान की गई है। इस योजना का लाभ मिलने पर अभ्यार्थी मंतशा खान ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की प्रशंसा कर उन्हें धन्यवाद दे रही है।

सहायक संचालक पिछड़ा वर्ग तथा अल्पसंख्यक कल्याण/विमुक्त घुमन्तु एवं अर्द्धघुमन्तु जनजाति विकास देवास ने बताया कि मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित सिविल सेवा परीक्षा में प्रारंभिक परीक्षा उत्तीर्ण होने पर 15,000 रुपए, मुख्य परीक्षा उत्तीर्ण होने पर 25,000 रुपए एवं साक्षात्कार उपरांत चयन होने पर 10,000 रुपए प्रोत्साहन राशि प्रत्येक स्तर पर एक बार प्रदाय करने का प्रावधान हैं। उन्होंने बताया कि संघ लोक सेवा आयोग नई दिल्ली द्वारा आयोजित सिविल सेवा परीक्षा में सफल होने वाले पिछड़ा वर्ग के पात्र अभ्यर्थियों को प्रारंभिक परीक्षा उत्तीर्ण पर 25,000 रुपए, मुख्य परीक्षा उत्तीर्ण करने पर 50,000 रुपए एवं साक्षात्कार उपरांत चयन होने पर 25,000 रुपए प्रोत्साहन राशि प्रत्येक स्तर पर एक बार प्रदाय करने का प्रावधान हैं।

# सहज में दिखा सरहद का जोश, बेटियों ने दिखाया साहस

**शाजापुर/दैनिक मालवा हेराल्ड।** कर्नल सोफिया कुरैशी और विंग कमांडर व्योमिका सिंह का जोश शनिवार को दुपाड़ा रोड स्थित सहज पब्लिक स्कूल में देखने को मिला, जहां बेटियों ने इन कमांडरों की बहादुरी को अपनी कला में पिरोकर एक बार फिर उसी सफलता को दोहराया। हाथों में तिरंगा और दिल में देशभक्ति का जोश लेकर जब बेटियां मंच पर पहुंची तो पूरा परिसर तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा।

दरअसल सहज पब्लिक स्कूल में शनिवार को वार्षिकोत्सव का आयोजन किया गया। जहां मंच पर बच्चों ने देशभक्ति और ईश्वरीय आस्था को मंच पर प्रस्तुत किया। वार्षिकोत्सव के लिए कई दिनों से की जा रही तैयारियों को जब बच्चों ने मंच से प्रस्तुत किया तो हर कोई इनकी कला का कायल हो गया और इनकी मेहनत को देखकर सभी ने तालियां बजाकर इन कलाकारों का उत्साहवर्द्धन किया।

कच्ची मिट्टी को आकार देता है शिक्षक- एएसपी

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक घनश्याम मालवीय ने कहा कि आज बच्चों ने अपनी कला का ही नहीं बल्कि अपने शिक्षक-शिक्षिकाओं की मेहनत से भी परीचित कराया है। इस आयोजन में जितनी मेहनत बच्चों की है उससे कहीं ज्यादा सहयोग शिक्षक-शिक्षिकाओं का है, जो वर्ष भर इन्हें ढालने के लिए तो लगे ही रहते है।

ऐसे विशेष आयोजनों में भी इनकी भूमिका अहम होती है। एक शिक्षक ही होता है जो बच्चो की कच्ची मिट्टी को आकार देने का काम करता है और उसी से बच्चों के भविष्य की दिशा तय होती है। अध्यक्षता कर रहे पूर्व जिला शिक्षा अधिकारी डॉ. विवेक दुबे ने बच्चों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि आज आपके अंदर का कलाकार निखरकर बाहर आया है।

जैसी मेहनत आप लोगों ने यहां की है वही मेहनत और जोश परीक्षाओं में भी जारी रखें और सहज का व अपने माता-पिता को गौरवान्वित करें। विद्यालय प्राचार्य डॉ. अंकुर जैन ने विद्यालय का वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। कार्यक्रम को विद्यालय संचालिका आशा जैन, विशेष अतिथि नीलम चौहान ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाएं व अभिभावक उपस्थित थे।

# यातायात जागरूकता कार्यक्रम के अंतर्गत सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा विषय पर विद्यार्थियों को किया गया जागरूक




**देवास/ राजेन्द्र सिंह पंवार/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** पुलिस मुख्यालय भोपाल द्वारा चलाए जा रहे यातायात जागरूकता कार्यक्रम के अंतर्गत सड़क सुरक्षा ङ्क जीवन रक्षा विषय पर पुलिस अधीक्षक देवास पुनीत गहलोद एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (यातायात) हरनारायण बाथम के निर्देशानुसार शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सिंगावदा में यातायात जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम के दौरान यातायात सूबेदार गोविंद सिंह गौड़, प्रधान आरक्षक सचिन तिवारी एवं आरक्षक बाबूलाल मंडलोई द्वारा विद्यालय के लगभग 200 छात्र-छात्राओं को यातायात नियमों की विस्तृत जानकारी दी गई। विद्यार्थियों को हेलमेट एवं सीट बेल्ट के उपयोग, निर्धारित गति सीमा, नशे की हालत में वाहन न चलाने, सड़क पार करते समय सावधानी, संकेतों के पालन एवं सुरक्षित यातायात व्यवहार के महत्व से अवगत कराया गया। अधिकारियों द्वारा छात्रों को न केवल स्वयं यातायात नियमों का पालन करने, बल्कि अपने परिवारजनों एवं समाज के अन्य लोगों को भी यातायात नियमों के प्रति जागरूक करने हेतु प्रेरित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाकर बहुमूल्य जीवन की रक्षा करना रहा।

कार्यक्रम के अंत में विद्यार्थियों द्वारा यातायात नियमों का पालन करने का संकल्प लिया गया। विद्यालय प्रशासन द्वारा पुलिस विभाग की इस पहल की सराहना की गई।

# हिंदू समाज के संगठन से ही होगा स्वर्णिम राष्ट्र का निर्माण - जूनियर योगी

## महाराणा प्रताप बस्ती में विराट हिंदू सम्मेलन सम्पन्न



**शाजापुर/दैनिक मालवा हेराल्ड।** वर्तमान समय हिंदू समाज के संगठित होने का समय है। हिंदू स्वयं की रक्षा के साथ राष्ट्र की रक्षा का सामर्थ्य भी रखता है और हिंदुत्व जागरण से ही स्वर्णिम हिंदुस्थान का भविष्य तय हो सकता है। संगठित हिन्दू समर्थ हिंदू के भाव के साथ सभी को राष्ट्र निर्माण में सहयोग देने की आवश्यकता है।

यह बात अंतरराष्ट्रीय हिंदू महासंघ के उत्तर प्रदेश प्रभारी महंत विजेन्द्रनाथजी महाराज ने शनिवार को टंकी चौराहा स्थित पुरानी कृषि उपज मंडी मे संघ शताब्दी वर्ष अंतर्गत आयोजित विराट हिंदू सम्मेलन में उपस्थित हिंदू समाज को मुख्य अतिथि के रूप में सम्बोधित करते हुए कही। इस दौरान सर्वप्रथम कार्यक्रम का शुभारंभ गणेश वंदना के साथ किया। इसके उपरांत भजन, राष्ट्रीय गीत, पर्यावरण संयुक्त गीत, संयुक्त परिवार उद्बोधन की प्रस्तुतियां दी गई। तत्पश्चात सम्मेलन में अतिथियों का आगमन हुआ। जिनमें बस्ती में निवासरत समस्त समाज प्रमुख मंचासीन हुए। इसके बाद मुख्य अतिथि महंत योगी विजेन्द्र नाथजी महाराज, मुख्य वक्ता मालवा प्रांत संघ संपर्क प्रमुख विवेकजी दुबे तथा मातृशक्ति स्वरूप अतिथि श्रीमती प्रीति जादम गौ पूजन के साथ आयोजन में सम्मिलित हुए। अतिथि परिचय उपरांत अतिथियों द्वारा मां भारती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलन एवं भारत माता की आरती की गई। कार्यक्रम में सरस्वती वंदना की प्रस्तुति सरस्वती ज्ञान मंदिर के बच्चों के द्वारा दी गई तथा महात्मा गांधी कांवेंट स्कूल के विद्यार्थियों ने महापुरुषों की वेशभूषा में प्रस्तुति दी। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के योगी जी के प्रभावी संबोधन पश्चात मातृशक्ति अतिथि प्रीति जादम ने संबोधित करते हुए मातृशक्ति से संयुक्त परिवार कुटुम्ब प्रबोधन के साथ राष्ट्र निर्माण में योगदान का आह्वान किया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता विवेकजी दुबे ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के 100 वर्षों की यात्रा का उल्लेख करते हुए कहा कि संघ के द्वारा विगत 100 वर्षों में समाज के बीच किए गए कार्य और समाज जागरण के प्रयास आज साकार रूप लेते नजर आ रहे हैं। जब संपूर्ण हिंदू समाज समरसता के रंग में सराबोर होकर शताब्दी उत्सव को महोत्सव के रूप में मना रहा है।

# स्वस्थ तन में निवास करता है स्वस्थ मनः यादव

## कौटिल्य एज्यूकेशन में हुआ वार्षिक स्पोर्ट्स डे का आयोजन, बच्चों ने दिखाई खेल भावना




**शाजापुर/दैनिक मालवा हेराल्ड।** शरीर में ऊर्जा के लिए जितनी हमें भोजन की आवश्यकता होती है उसी प्रकार शरीर की स्फूर्ति व तेज दिमाग के लिए हमें स्वस्थ शरीर की आवश्यकता होती है। जो हमें खेलों से मिलती है। क्योंकि एक स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मन निवास करता है। इसलिए पढ़ाई के साथ-साथ खेलों में रूचि होना भी आवश्यक है। इसीलिए यहां स्पोर्ट्स डे का आयोजन किया जाता है ताकि बच्चो का मानसिक के साथ ही शारीरिक विकास भी हो सके।

यह बात एबी रोड स्थित कौटिल्य एज्यूकेशन एकेडमी में आयोजित दो दिनी स्पोर्ट्स डे के समापन समारोह को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने कहा कि खेलों से हमें प्रतिस्पर्धा सीखने को मिलती है जो हमारे जीवन में बहुत काम आती है। साथ ही खेलों से अनुशासन भी आता है। जो जीवन में बहुत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि सचिन तेंदुलकर, वैष्णवी शर्मा, हरमनप्रीत कौर, लिएंडर पैस और जितने भी महान खिलाड़ी हुए हैं उनके जीवन में एक बात समान है और वह है जल्दी उठना व अनुशासन बनाए रखना जो इनकी सफलता की सीढ़ी भी है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्राचार्य नरेंद्रसिंह डोडिया ने कहा कि खेलों से हमें एक चीज सीखने को मिलती है और वह है प्रतिस्पर्धा। जिस प्रतिस्पर्धा से हम अपने प्रतिद्वंदी के प्रति रखते हैं वह जीवन के हर क्षेत्र में होना चाहिए। जो हमें सफलता की राह दिखाती है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विद्यालय संचालिका शशि यादव ने बच्चों को प्रोत्साहित करते हुए जीतने वाले सभी खिलाड़ियों को बधाई दी। इस अवसर पर विद्यालय प्रशासनिक समिति अधिकारी पंकज यादव, उप प्राचार्य रामकृष्ण पाटीदार सहित बड़ी संख्या में शिक्षक-शिक्षिकाएं व विद्यार्थी उपस्थित थे।

जीतने के बाद हारने वाले को भी लगाया गले- स्पोर्ट्स डे के दूसरे दिन शनिवार को विद्यालय परिसर में वॉलीबाल, रीले रेस, बेडमिंटन, खो-खो, चेयर रेस, डिस्क थ्रो, क्रिकेट, शॉट पुट आदि खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। जहां खिलाड़ियों ने प्रतिस्पर्धा के साथ-साथ खेल भावना का भी परिचय दिया।

# तालाब का पानी लेने से रोका, जान से मारने की दी धमकी, शाजापुर में किसानों ने एसडीएम से की शिकायत, किसानों की



**शाजापुर/दैनिक मालवा हेराल्ड।** जिले के सिहोदा-खेड़ा गांव के किसानों ने शासकीय तालाब के पानी के इस्तेमाल को लेकर विवाद की शिकायत की है। शनिवार दोपहर ग्रामीण कलेक्टर कार्यालय पहुंचे और एसडीएम मनीषा वास्कले को ज्ञापन सौंपा।

किसानों का आरोप है कि उन्हें सिंचाई के लिए तालाब का पानी लेने से रोका जा रहा है और जान से मारने की धमकी दी गई है। किसानों ने अपने आवेदन में बताया कि उनकी कृषि भूमि सिहोदा गांव में है, जहां गेहूं की फसल खड़ी है और उसे सिंचाई के लिए पानी की तत्काल आवश्यकता है। उन्होंने यह भी बताया कि पिछले साल शासन की ओर सिंचाई विभाग के माध्यम से गांव में एक बांध (डेम) का निर्माण कराया गया था, जिसका पहले इस्तेमाल सभी किसान सिंचाई के लिए करते थे।

सरपंच और उनके साथियों पर लगाया धमकी देने का आरोप- किसानों ने बताया कि बांध बनने के बाद से सरपंच अशोक पिता दयाराम और कुछ अन्य व्यक्तियों ने पानी का उपयोग केवल अपने और अपने परिचितों तक सीमित कर दिया है। किसानों ने आरोप लगाया कि 9 जनवरी को जब वे बांध से पानी लेने पहुंचे, तो उन्हें गाली-गलौज की गई और बंदूक दिखाकर जान से मारने की धमकी दी गई। किसानों ने यह भी बताया कि मौके पर पहुंचे राजस्व अधिकारियों ने बांध के पानी पर सभी किसानों का समान अधिकार बताया था, लेकिन विपक्षी पक्ष ने उनकी बात नहीं मानी। उनका कहना है कि बांध में पर्याप्त पानी होने के बावजूद गेट बंद कर दिए गए हैं, जिससे उनकी फसलें सूखने की कगार पर हैं।

# राष्ट्रीय सेवा योजना का सात दिवसीय विशेष ग्रामीण शिविर ग्राम बालोदा में आयोजित किया गया



**बदनावर/ मनीष शर्मा/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई श्री अंबिका आदर्श उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बदनावर का साथ दिवसीय विशेष ग्रामीण से वीर ग्राम बालोदा में आयोजित किया गया जिसके मुख्य अतिथि मोहनलाल जी डैडी न्यास अध्यक्ष, कृष्णकांत जी पाटीदार शिक्षा समिति अध्यक्ष, ईश्वर सिंह जी डोडिया बालोदा सरपंच साहब, श्री दिनेश जी पटेल श्री अंबिका आदर्श महाविद्यालय अध्यक्ष , श्रीनारायण जी पटेल श्री अंबिका आदर्श विद्यालय अध्यक्ष रानीपुरा,श्री तेजकरण जी चावड़ा बस समीति अध्यक्ष.गोपाल जी सेठ महाविद्यालय कोषाध्यक्ष ,दशरथ जी पाटीदार सचिव शिक्षा समिति ,भरत लाल जी पाटीदार समाजसेवी ग्राम बालोदा, उपस्थित रहे। स्वामी विवेकानंद जी पर माल्यार्पण और दीप प्रजनन से कार्यक्रम की शुरुआत की गई।

कार्यक्रम की शुरुआत में खुशी पाटीदार और श्वेता पाठक के द्वारा लक्ष्य गीत उठे समाज के लिए उठे उठे, जगे स्व राष्ट्र के लिए जगे-जगे गाया गया। तत्पश्चात स्वयंसेवक कृष्णपाल सिंह चंदेल, अंशराज सिंह सोलंकी, अभय सिंह सिसोदिया, राजप्रताप सिंह रिंगनोदिया, आशीष रिंगनोदिया, रक्षित पाटीदार ने राष्ट्रीय सेवा योजना बैज लगाकर अतिथियों का स्वागत किया। श्री अंबिका आदर्श उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के पूर्व कार्यक्रम अधिकारी विजय पाटीदार के द्वारा राष्ट्रीय सेवा योजना के बारे में जानकारी दी गई। ग्राम बालोदा सरपंच ईश्वरसिंह जी डोडिया के द्वारा राष्ट्रीय सेवा योजना शिविरार्थियों को गांव में शिविर लगाने पर बधाई और शुभकामनाएं प्रेषित की ।

विद्यालय शिक्षिका नेहा सिसोदिया और घनश्याम प्रजापत के मार्गदर्शन में ग्राम बालोदा में जागरूकता रैली निकाली गई। कार्यक्रम उद्बोधन श्री अंबिका आदर्श विद्यालय मुख्य कार्यपालन अधिकारी गुरप्रीत सिंह सलूजा, महाविद्यालय प्राचार्य श्री रविंद कुमार शर्मा, प्राचार्य कमलेश बैरागी, उप प्राचार्य जितेंद्र शर्मा, के द्वारा दिया गया। शिविरार्थियों को पूरे 7 दिन की रूपरेखा ,दैनिक दिनचर्या के बारे में कार्यक्रम अधिकारी समरथ सोलंकी ने जानकारी प्रदान की। आभार शिक्षक विजय पाटीदार ने माना। उपरोक्त जानकारी संस्था मीडिया प्रभारी गणेश भावसार और समरथ सोलंकी के द्वारा दी गई।

# थाना प्रभारी एवं चौकी प्रभारी ने कंजर समुदाय की अवैध ठिकानों पर मारा छापा हजारों की शराब बरामद

## आबकारी एवं पुलिस की आंख में धूल झोंक कर शराब का बड़े पैमाने पर कर रहे था कारोबार



**अकोदिया/ अमर सिंह मेवाडा/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** सलसलाई पुलिस ने पंपापुर कंजर डेरे में बड़ी कार्रवाई करते हुए 65 लीटर अवैध शराब जब्त की है। इस दौरान एक आरोपी खन्नु कंजर को गिरफ्तार किया गया, जबकि उसका बेटा ब्रजेश कंजर मौके से फरार हो गया। जब्त शराब की अनुमानित कीमत 32,501 रुपये बताई गई है।

पुलिस को 10 जनवरी, 2026 को मुखबिर से सूचना मिली थी कि ग्राम पंपापुर में खन्नु कंजर अपने बेटे ब्रजेश के साथ मिलकर अवैध शराब बेच रहा है। इस सूचना के आधार पर थाना प्रभारी निरीक्षक जनकसिंह रावत और गुलाना चौकी प्रभारी उपनिरीक्षक रामदयाल बैरागी ने पुलिस बल के साथ पंपापुर कंजर डेरे में खन्नु कंजर की दुकान पर दबिश दी।

दबिश के दौरान खन्नु कंजर की दुकान की तलाशी ली गई। तलाशी में विभिन्न ब्रांड की अंग्रेजी शराब की बोतलें और क्वार्टर, देशी शराब के क्वार्टर तथा हाथ भट्टी की कच्ची शराब के पाउच व कुप्पियां बरामद हुई। कुल 65 लीटर अवैध शराब जब्त की गई।

पुलिस ने आरोपी खन्नु कंजर पुत्र सितम कंजर निवासी पंपापुर डेरा को गिरफ्तार कर लिया है। फरार आरोपी ब्रजेश कंजर की तलाश जारी है। दोनों आरोपियों के खिलाफ थाना सलसलाई में अपराध क्रमांक 13/2026, धारा 34(2) आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी गई है। गिरफ्तार आरोपी को जिला न्यायालय में पेश किया गया।

इस कार्यवाही में प्रआर बलराम यादव, कमलकिशोर, प्रआर गोविन्दसिंह, रामबहादुर, सुरेश दांगी, आर देवीसिंह दांगी, अरविन्द जाटव, सुरेश चौहान, विरेन्द्र पंवार, अरुण वर्मा, आर दिनेश भाबर, मआर धुपछाया, नितेश सेन और सुभाष दांगी की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# राज्य स्तरीय शिक्षक सम्मान से अलंकृत सेवानिवृत्त शिक्षक श्रीराम परमार का पेंशनर्स संगठन ने किया सम्मान



**अकोदिया/ अमर सिंह मेवाडा/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** अकोदिया शुजालपुर /शारदा उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, शुजालपुर से वर्ष 2001 में सेवानिवृत्त हुए 87 वर्षीय वरिष्ठ शिक्षक श्री श्रीराम परमार का जिला स्तरीय पेंशनर्स संगठन द्वारा गरिमामय सम्मान किया गया। श्री परमार शिक्षण सेवा के दौरान अपने उत्कृष्ट योगदान के लिए वर्ष 1987 में राज्य सरकार द्वारा राज्य स्तरीय शिक्षक सम्मान से सम्मानित किए जा चुके हैं। सेवानिवृत्ति के उपरांत भी वे निरंतर समाज सेवा में सक्रिय रहते हुए जनहित के विषयों पर मुखर भूमिका निभा रहे हैं।

एक आत्मीय मुलाकात के दौरान श्री परमार ने पेंशन कार्यालयों में व्याप्त भ्रष्टाचार पर गंभीर चिंता व्यक्त की। उन्होंने पेंशन संबंधी प्रक्रियाओं को दलाल-मुक्त करने की आवश्यकता पर जोर देते हुए कहा कि पारदर्शिता और जवाबदेही से ही वरिष्ठ नागरिकों को उनका अधिकार समय पर मिल सकता है। उन्होंने पेंशनर्स से आह्वान किया कि वे एकजुट होकर संगठित प्रयास करें, ताकि पेंशन से जुड़े मामलों में अनियमितताओं के विरुद्ध प्रभावी संघर्ष किया जा सके।

इस अवसर पर जिला प्रोग्रेसिव पेंशनर्स एसोसिएशन शाजापुर एवं जिला पेंशनर संघ शाजापुर की ओर से जिला अध्यक्ष राजेन्द्र रिणवा ने श्रीराम परमार का शॉल ओढाकर कर सम्मान करते हुए कहा कि उनके शिक्षकीय जीवन, सामाजिक सरोकारों और निर्भीक विचारों की सराहना की जाना चाहिए। ऐसे अनुभवी मार्गदर्शकों के नेतृत्व से समाज को नई दिशा मिलती है। इस अवसर पर उपस्थित शाजापुर से पधारे एसोशिएन के संगठन सचिव चंद्रकांत मोहाडकर ने पुष्पगुच्छ से स्वागत किया। वरिष्ठ समाजसेवी तथा खाटू श्याम सेना ट्रस्ट के जिला अध्यक्ष डा. सुशीलकुमार गेहलोत ने श्रीराम परमार के विचारों का समर्थन करते हुए पेंशनर्स हितों की रक्षा के लिए संगठित प्रयासों को तेज करने का संकल्प लिया। उन्होने श्रीराम परमार की कार्यो की प्रसंशा करते हुए कहा कि उन्होने शारदा उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, शुजालपुर में अपनी सेवाओं के दौरान अनुशासन, गुणवत्ता और मूल्यों को प्राथमिकता दी।

# महिला को धमका कर गलत काम करने वाले आरोपी को किया गिरफ्तार




**बड़नगर/ महेश सोनगरा/ दैनिक मालावा हेराल्ड।** 3 माह पहले जब एक महिला अपने घर पर अकेली थी उसे अकेला पाकर उसके घर में घुसकर आरोपी ने जबरन शारीरिक उत्पीड़न किया। जब पीड़ित ने चिल्लाने का प्रयास किया तो आरोपी ने पीड़ित महिला व उसके पति को जान से मारने की धमकी दी। 3 माह बाद हिम्मत जुटाकर महिला ने भाटपचलाना थाने पर दिनांक 5 जनवरी 2026 को रिपोर्ट की। पीड़ित महिला की रिपोर्ट पर कार्रवाई करते हुए भाटपचलाना पुलिस ने धारा 332(b),64(1), 351(3) भारतीय न्याय संहिता-2023 का प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया।

घटना का संक्षिप्त विवरण- थाना भाटपचलाना पर दिनांक 05.01.2026 को पीडिता ने रिपोर्ट किया कि आरोपी नारायण पिता गोपाल चौहान द्वारा लगभग तीन माह पूर्व जब घर पर कोई नहीं था तब घर के अन्दर घुसकर मुझे डरा धमकाकर जबरन मेरे साथ शारीरिक उत्पीड़न (गलत काम) किया। मै चिल्लाने लगी तो उसने मुझे धमकी दी कि अगर यह बात किसी को बताई तो तुझे व तेरे पति को जान से खत्म कर तेरी समाज मे बदनामी कर दूंगा। रिपोर्ट पर भाटपचलाना पुलिस ने प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना शुरू की। पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध साक्षी जुटाकर आरोपी की तलाशी के लिए टीम बनाई। आरोपी शातिर प्रवृत्ति का था उसने गिरफ्तारी से बचने के लिए सुसाईड करने कि धमकी भरा विडियो बनाकर सोशल मिडिया पर डाला ओर फरारी काटने के लिए भागने कि कोशिश करने लगा।

## कैबिनेट मंत्री परमार ने खरसोदा पहुंच कर स्वर्गीय पटेल मथुरा लाल जी को शोक संवेदना की व्यक्त



**अकोदिया/ अमर सिंह मेवाडा/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** अकोदिया मध्य प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री एवं सुजालपुर विधायक इंदर सिंह जी परमार शनिवार को क्षेत्र के दौरे के दौरान गोलाना मंडल के ग्राम खरसोदा पहुंच कर श्री सिद्धनाथ सिंह जी मेवाड़ा के पिता श्री एवं ग्राम पंचायत के सरपंच भादर सिंह जी मेवाड़ा के ताऊजी का पिछले दिनों देहांत हो गया था जिनके निवास पहुंचकर कैबिनेट मंत्री इंदर सिंह परमार ने शोक संवेदना व्यक्त करते हुए परिवार जनों को ढांढस बंधाया मंत्री श्री परमार के साथ पूर्व मंडल अध्यक्ष सूरज सिंह सिसोदिया भाजपा नेता प्रकाश मेवाड़ा पूर्व सरपंच तेज सिंह मेवाड़ा धरम सिंह परमार मंडल अध्यक्ष महेंद्र सिंह गोवा जनपद सदस्य मांगीलाल गोलाना मंडल महामंत्री मांगीलाल सूर्यवंशी मंडल महामंत्री भोजराज मेवाड़ा मीडिया प्रभारी रोशन मेवाड़ा आदि मौजूद थे सभी ने मिलकर 2 मिनट का मोन धरण कर ग्राम जनसंघ से लेकर भाजपा से जुड़े थे आज दुनिया छोड़कर चले गए हैं जो परिवार को क्षति हुई है उससे ज्यादा क्षति भारतीय जनता पार्टी परिवार में भी हुई है ईश्वर से कामना करते हैं कि उन्हें स्वर्ग की उच्च कोटि का स्थान प्राप्त हो।

## राजस्व कार्यों के त्वरित निराकरण हेतु राजस्व समाधान शिविर का आयोजन

**झाबुआ/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** राजस्व के लंबित प्रकरणों का समय-सीमा में निराकरण सुनिश्चित करने हेतु झाबुआ कलेक्टर नेहा मीना द्वारा शासन की मंशा के अनुरूप आमजन की राजस्व से संबंधित समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए एक प्रभावी पहल की गई। इसके अंतर्गत दिनांक 10 जनवरी 2026 को जिले के प्रत्येक राजस्व न्यायालय क्षेत्र में 12 ग्राम पंचायतों में विशेष राजस्व समाधान शिविर आयोजित किए गए।

शिविर के दौरान ग्रामीणों की विभिन्न राजस्व संबंधी समस्याओं पर सुनवाई की गई, जिनमें नामांतरण, बंटवारा, सीमांकन, ई-केवाईसी, समग्र आईडी, फार्मर रजिस्ट्री, लंबित प्रकरण, भूमि संबंधी दस्तावेजों की त्रुटियाँ, रास्ते संबंधी विवाद तथा सार्वजनिक स्थलों से अतिक्रमण हटाने जैसे महत्वपूर्ण विषय शामिल रहे।

इन शिविरों के माध्यम से सभी 12 ग्राम पंचायतों में बी-1 वाचन कर कुल 36 फौती नामांतरण प्रकरणों का त्वरित निराकरण करते हुए आवश्यक कार्यवाही पूर्ण की गई। जिले में कुल 310 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से 227 आवेदनों का मौके पर ही निराकरण किया गया, जिससे आम नागरिकों को शीघ्र एवं पारदर्शी रूप से राहत प्रदान की गई।

# नर्सरी की आड़ में चल रही थी करोड़ों की ड्रग्स फैक्ट्री! नारकोटिक्स की रेड में 10 करोड़ रुपए मूल्य की 31 किलो एमडी ड्रग्स जब्त, आगर मालवा जिला ड्रग्स तस्करी का नया हब बनता रहा है

**आगर मालवा/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** जिले में नशे के कारोबार ने जिस खतरनाक स्तर को छू लिया है, उसका खुलासा शनिवार तड़के केंद्रीय नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो की बड़ी कार्रवाई में हुआ। आमला क्षेत्र स्थित तीर्थ नर्सरी की आड़ में चल रही एमडी ड्रग्स की अवैध फैक्ट्री पर नारकोटिक्स ने सुबह करीब 4 बजे दबिश देकर 10 करोड़ रुपये से अधिक मूल्य की करीब 31 किलो 250 ग्राम एमडी ड्रग्स जब्त की है। यह कार्रवाई जिले में अवैध मादक पदार्थों के खिलाफ अब तक की सबसे बड़ी कार्रवाई मानी जा रही है।

नारकोटिक्स उज्जैन क्षेत्र के अधीक्षक मुकेश खत्री एवं नीमच व जावरा प्रभारी वी.एस. कुमार ने बताया कि विभाग को मुखबिर से पुख्ता सूचना मिली थी कि आमला क्षेत्र में एमडी ड्रग्स की बड़ी खेप लेने कोई तस्कर पहुंचने वाला है। इसी आधार पर नारकोटिक्स की विशेष टीम ने तड़के से ही तीर्थ नर्सरी की चारों ओर से घेराबंदी कर दी। कई घंटों तक इंतजार के बावजूद जब कोई संदिग्ध मौके पर नहीं पहुंचा, तो टीम ने नर्सरी परिसर के भीतर छापा मारने की कार्रवाई की।

छापे के दौरान जो सामने आया, उसने अधिकारियों को भी चौंका दिया। नर्सरी परिसर के भीतर एमडी ड्रग्स बनाने की पूरी गुप्त लेब संचालित हो रही थी। मौके से भारी मात्रा में तैयार एमडी ड्रग्स के साथ-साथ करीब 600 किलो खतरनाक केमिकल भी बरामद किए गए। जब्त रसायनों में रुष्ष्ट, रुरू सोडियम कार्बोनेट, ट्रायथाइलामाइन, सोडियम एस सहित अन्य रसायन शामिल हैं, जिनका इस्तेमाल एमडी ड्रग्स निर्माण में किया जाता है।

इसके अलावा ड्रग्स बनाने में प्रयुक्त मशीनें, उपकरण और अन्य तकनीकी सामग्री भी जब्त की गई है। नारकोटिक्स टीम ने मौके पर ही अवैध लेब को नष्ट कर दिया, ताकि भविष्य में यहां दोबारा ड्रग्स निर्माण न हो सके। अधिकारियों के अनुसार जब्त एमडी ड्रग्स की अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत 50 करोड़ रुपये से अधिक आंकी जा रही है।

फिलहाल इस मामले में किसी की गिरफ्तारी नहीं हुई है, लेकिन नारकोटिक्स विभाग का कहना है कि जांच के दौरान कुछ संदिग्ध लोगों की संलिप्तता के अहम साक्ष्य मिले हैं। ड्रग्स के नेटवर्क, सप्लाई चेन और इसके पीछे सक्रिय माफिया की पहचान की जा रही है। अधिकारियों ने संकेत दिए हैं कि जल्द ही बड़ी गिरफ्तारियां हो सकती हैं। यह मामला इसलिए भी गंभीर है क्योंकि जिले में इतने बड़े पैमाने पर ड्रग्स का कारोबार चल रहा था और स्थानीय पुलिस को इसकी भनक तक नहीं लगी। करोड़ों रुपये की ड्रग्स फैक्ट्री का नर्सरी की आड़ में संचालन होना, जिले की कानून-व्यवस्था और निगरानी तंत्र पर बड़ा सवाल खड़ा करता है। जानकारों का मानना है कि आगर मालवा जिला अब धीरे-धीरे ड्रग्स तस्करी के नए हब के रूप में उभरता जा रहा है।

नारकोटिक्स की इस कार्रवाई के दौरान बड़ी संख्या में विभागीय अधिकारी मौके पर मौजूद रहे। शाम करीब 5 बजे के आसपास सीएसपी मोतीलाल कुशवाह एवं कोतवाली थाना प्रभारी शशि उपाध्याय भी घटनास्थल पर पहुंचे। देर शाम तक कार्रवाई और जांच की प्रक्रिया जारी रही।

नारकोटिक्स विभाग की इस ऐतिहासिक कार्रवाई से जहां ड्रग्स माफिया में हड़कंप मचा है, वहीं अब सबकी नजरें इस बात पर टिकी हैं कि इस पूरे नेटवर्क के पीछे कौन-कौन से चेहरे हैं और कब तक वे कानून के शिकंजे में आते हैं।

# वैश्य एकता रैली एवं सम्मेलन का नागदा में आज भव्य आयोजन

## पूर्व गृहमंत्री सहित कई वैश्य हस्तियाँ आयोजन में होगी शामिल

**नागदा/ राजेश सकलेचा/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** वैश्य महासम्मेलन मध्यप्रदेश के नागदा तहसील द्वारा आज 11 जनवरी रविवार को दोपहर 2 बजे कृषि उपज मण्डी नागदा से वैश्य एकता रैली का आयोजन किया जायेगा। रैली में म.प्र. शासन के पूर्व गृहमंत्री एवं वैश्य महासम्मेलन म.प्र. के मुख्य संरक्षक उमाशंकर गुप्ता, पुर्व मंत्री एवं वैश्य महासम्मेलन म.प्र. के प्रदेश अध्यक्ष सुधीर अग्रवाल सहित प्रदेश एवं जिले की कई वैश्य हस्तियाँ सहित नागदा तहसील व उज्जैन जिले के सभी तहसीलो के हजारो महिला एवं पुरूष शामिल होंगे।

यह जानकारी देते हुए तहसील अध्यक्ष राजा कर्नावट एवं जिला महामंत्री अजय माहेश्वरी ने बताया कि आयोजन में वैश्य महासम्मेलन के संरक्षक राजेश धाकड, वैश्य महासम्मेलन के जिला अध्यक्ष बसंत मालपानी, वैश्य महासम्मेलन नागदा तहसील संरक्षक प्रदीप राठी, प्रदेश उपाध्यक्षद्वय तरूण शाह, सत्यनारायण लाठी, संभाग अध्यक्ष राजेश अग्रवाल, प्रदेश मंत्री श्याम बंसल, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य जगदीश राठी, जिला महिला इकाई अध्यक्ष सुनंदा डोडिया, जिला प्रभारी संजय मेहता, वर्धमान स्थानकवासी जैन श्रावक संघ नागदा अध्यक्ष प्रकाश जैन सांवेरवाला, पोरवाल समाज अध्यक्ष ज्ञानेश्वर पोरवाल, दिगंबर जैन समाज अध्यक्ष सुनील जैन, माहेश्वरी समाज अध्यक्ष घनश्याम राठी, खण्डेलवाल समाज अध्यक्ष सुरेश खण्डेवाल, श्री जैन श्वेताम्बर मूर्तिपूजक जैन श्रीसंघ अध्यक्ष मनीष सालेचा व्होरा, अग्रवाल समाज अध्यक्ष मनीष अग्रवाल, खाचरौद तहसील अध्यक्ष प्रशान्त सुराणा, तराना तहसील अध्यक्ष राजू डोडिया, बडनगर तहसील अध्यक्ष वनिश राज कटारिया, घटिया तहसील अध्यक्ष मोहन पलोड, उन्हेल तहसील अध्यक्ष द्वारकाधीश मेहता, युवा इकाई जिला प्रभारी निलेश पटवा, श्रीमती कुसुम मंत्री महिला इकाई मंचासीन रहेंगे।

श्री कर्नावट एवं श्री माहेश्वरी ने बताया कि वैश्य एकता रैली कृषि उपज मण्डी नागदा से प्रारम्भ होकर महात्मा गांधी मार्ग, रेल्वे स्टेशन चौराहा, जवाहर मार्ग, बस स्टेण्ड, महिदपुर रोड से होती हुई ज्योतिश्री रिसोर्ट पर समाप्त होगी। जहां पर वैश्य समाज का सम्मेलन एवं सहभोज आयोजित होगा। आयोजन को सफल बनाने की अपील तहसील प्रभारी शरद जैन(गबुल) युवा इकाई अध्यक्ष अनिल पोरवाल (मोहनभोग), महिला इकाई अध्यक्ष ऋषिता खटोड, जिला उपाध्यक्ष शिल्पा गुप्ता सहित समस्त वैश्य समाजजनो ने की है।

# विधिक जागरूकता शिविर के माध्यम से जेल बंदियों को अंडर ट्रायल रिव्यू कमेटी के प्रावधानों की जानकारी दी

**आगर मालवा/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** मध्य प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार प्रधान जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण आगर मालवा डीएस चौहान के मार्गदर्शन में 9 जनवरी 2026 को जिला जेल आगर मालवा में जेल बंदियों को जागरूक करने के उद्देश्य से विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया शिविर में अरुण सिंह मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट आगर मालवा अश्विनी सिंह सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण आगर मालवा एवं फारूक अहमद सिद्दीकी जिला विधिक सहायता अधिकारी सहित पैरालीगल वॉलिंटियर डॉ जगदीश मालवीय एवं गौतम माली उपस्थित रहे।

शिविर में जेल बंदियों को अंडर ट्रायल रिव्यू कमेटी के प्रावधानों की जानकारी देते हुए कहा कि यदि किसी पात्र जेल बंदी की अंडर ट्रायल रिव्यू कमेटी के द्वारा अनुशंसा की जाती है तो कमेटी के निर्देशानुसार न्यायालय में जमानत अथवा उचित आवेदन प्रस्तुत करने की कार्यवाही की जाती है इसके उपरांत ऐसे चिन्हित विचाराधीन जेल बंदी रिहा हो सकते हैं बंदियों को चिन्हित करने हेतु 16 बिन्दुओं के बारे में भी जानकारी दी गई ताकि पात्र बंदी जिला जेल आगर मालवा में स्थित लीगल एड क्लीनिक में पैरा लीगल वॉलिंटियर्स को स्वयं पात्र होने संबंधी जानकारी दे सकें इसके अतिरिक्त जेल बंदियों को अपील के प्रावधान बंदियों के अधिकार एवं जेल लीगल एड क्लिनिक की संरचना के बारे में भी जानकारी दी गई अश्विनी सिंह सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के द्वारा जेल बंदियों से जिला जेल आगर मालवा में स्थापित लीगल एड क्लिनिक के माध्यम से दी जा रही विधिक सेवा का अधिक से अधिक लाभ लेने की अपील की गई इस अवसर पर उप जेल अधीक्षक एच एल परमार एवं जेल स्टाफ भी मौजूद रहा।

# नायका फैशन पर आपका परफेक्ट मकर संक्रांति आउटफिट तैयार है



जिस दिन छतें रनवे में बदल जाती हैं और आसमान रंगों से भर उठता है, वह दिन है मकर संक्रांति। पतंग उड़ाने, तिल-गुड़ की मिठास बाँटने और सर्दियों की सुनहरी धूप का आनंद लेने के बीच यह त्योहार हलचल, हँसी और मौसम की छोटी-छोटी खुशियों का जश्न है।

इस मकर संक्रांति पर, नायका फैशन पेश कर रहा है एक खास क्यूरेटेड ड्रेस गाइड—ऐसे आउटफिट्स जो हों आसान, रंगीन और बिना ज़्यादा कोशिश के फेस्टिव। खुशनुमा रंग, सांस लेने वाले फैब्रिक्स और आरामदायक सिलुएट्स के साथ यह कलेक्शन आपको छत की मस्ती से लेकर फैमिली लंच तक पूरे दिन सहज और स्टाइलिश बनाए रखता है।

मकर संक्रांति के लिए नायका फैशन की खास पेशकश- आसान और आरामदायक एथनिक सिलुएट्स

रिलैक्स्ड कुर्ता सेट्स, फ्लोई अनारकली और फस-फ्री फेस्टिव सेपरेट्स—ये सभी आउटफिट्स फेस्टिव फील के साथ भरपूर कम्फर्ट देते हैं।

# पुराने ईतिहास को जड़ से मिटाना चाहती है भाजपा - कांग्रेस नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंगार




**अमझेरा/आशीष-पंचोली/दैनिक मालवा हेराल्ड।** पौराणिक गाथाओ और ऐतिहासिक भगवान श्री कृष्ण की नगरी माँ अमका झमका रुकमणी हरण स्थल का नाम परिवर्तन होकर वरण स्थल होना नगरवासियों और बहार से पधार रहे तीर्थ यात्रियों के लिए प्रश्न चिंता जाहिर करता नजर आ रहा है आखिर ऐसी क्या विपदा आ गई की नगर के ईतिहास को तोड़ मोड़ कर पेश किया जा रहा है और प्राचीन काल से चले आ रहे इतिहास काल का खंडन कर उसे विलुप्त किया जा रहा है ये मोहन सरकार की मनमानी है या राजनैतिक गलियारों की आपसी गुटबाजी जिसका असर ऐतिहासिक स्थलों पर भी देखा जा रहा है मुख्यमंत्री मोहन यादव एक तरफ जंहा-जंहा भगवान श्री कृष्ण के पाँव पड़े उस स्थान को तीर्थ नगरी बनने में लगे है वहीं उन्ही की सरकार में प्राचीन इतिहास के साथ छेड़छाड़ करना गलत साबित हो सकता है गौर तलब है की मुख्यमंत्री का अमझेरा धरा से बहुत गहरा नाता है इसलिए वो प्रतिवर्ष जन्माष्टमी पर्व मानाने अमझेरा आते है और मॉ अमका झमका मंदिर के दर्शन कर जाते है हाल ही में उन्होंने मंदिर में चल रहे जीर्णोद्धार में हो रहे गलत कार्य को रुकवाकर सही कार्य करवाने की बात कही थी पर ईतिहास को बदलने की बात उनके संज्ञान में है या नहीं इस बात का पता नहीं लग पाया है वही प्रशासन अधिकारियों के पास भी इसका कोई जवाब नहीं है कांग्रेस नेता प्रतिपक्ष जब अमझेरा महल परिसर में पहुंचे थे जब उन्होंने प्रेस वार्ता को संभोधित करते हुए कहा था की पुराने इतिहास को जड़ से मिटाना चाहती है भाजपा यह बात आज साबित हो रही है वही नगरवासियो ?द्वारा भी सोशल मिडिया पर इस बात को लेकर बहुत मुद्दे उठाये जा रहे है साथ ही प्राचीन इतिहास की समस्त जानकारी को भी सोशल मिडिया के माध्यम से प्रेषित किया जा रहा है नगरवासियो का कहना है की कब रुकमणी हरण स्थल वरण स्थल हो गया है इसका कोई पता अभी तक नहीं चल सका है साथ ही बहार से आये तीर्थयात्रियों का कहना है की माँ अमका झमका रुक्मणि जी की कुल देवी है प्राचीन काल से हम यहा रुकमणी हरण स्थल देखते आये है श्रीमद्भागवतम् में रुक्मणि हरण स्थल वर्णित है और नगरवासियो का कहना है की अमझेरा के ईतिहास को हमसे बेहतर कौन समझ सकता है हमारी रगो में अमझेरा का ईतिहास है यहा की कई पीढ़िया माँ अमका झमका मंदिर में रुकमणी हरण स्थल देखती आई है हरण और वरण का अर्थ बिना सोचे समझे ईतिहास में रखना एक युग का अंत माना जा सकता है इतिहास के साथ छेड़छाड़ करना सही नहीं है प्रशासन को इस बात का जवाब देना चाहिए ।

क्या है रुक्मिणी हरण स्थल - यह वह स्थान है जहाँ भगवान श्रीकृष्ण ने राजकुमारी रुक्मिणी का उनके इच्छा के विरुद्ध विवाह रोकने के लिए हरण किया था मान्यता है कि रुक्मिणी अमझेरा के अंबिका माता मंदिर में पूजा करने आती थीं श्रीकृष्ण ने यहीं से उनका हरण किया, और मंदिर के पीछे रथ के पहियों के निशान आज भी देखे जा सकते हैं।

# भूमि शासन की गोडाउन सरपंच का, अस्पताल की भूमि पर कब्जा कर तान दिया गोडाउन





## जनता के सेवक खा रहे मलाई, ग्रामीण कर रहे शिकायत कब होगी कार्यवाही..?



**बड़नगर/ महेश सोनगरा/ दैनिक मालावा हेराल्ड।** गांव में ग्रामीण जनता का प्रतिनिधित्व करने के लिए जनता अपना प्रतिनिधि अर्थात सरपंच को अपना अमूल्य वोट देकर चुनते हैं ताकि सरपंच ग्रामीणों को शासन से मिलने वाली सुविधाओं एवं योजनाओं का लाभ दिलाकर उनकी परेशानियों को दूर करें लेकिन जनता का सेवक खुद मलाई खाकर जनता का शोषण कर उनको अपनी तकलीफों के सहारे छोड़ दे तो ऐसे जनप्रतिनिधि सरपंच जनता के सेवक को क्या कहें।

ऐसा ही एक मामला बड़नगर तहसील के ग्राम बिरियाखेड़ी का सामने आया है जहां पर सरपंच राधाबाई पति मनोहर लाल परमार द्वारा शासकीय भूमि में अस्पताल के लिए चिह्नित की गई भूमि पर जबरन कब्जा करके वहां अपना निजी गोडाउन तान दिया है जिसकी शिकायत गांव पूर्व सरपंच द्वारा एसडीम बड़नगर एवं कलेक्टर उज्जैन से की है। आपको बता दे की ग्राम बिरियाखेड़ी में शासकीय भूमि सर्वे नंबर 602 पर शासकीय अस्पताल का निर्माण किया जा रहा है लेकिन जिस शासकीय भूमि सर्वे नंबर 602 पर हॉस्पिटल का निर्माण हो रहा है उसी के पास में सरपंच द्वारा शासकीय भूमि पर अतिक्रमण कर अपना गोडाउन तान दिया और अस्पताल को एक कोने में बनवाया जा रहा है और जिस जगह हॉस्पिटल का निर्माण किया जा रहा है वह काफी नीचे होकर बारिश के समय वहां पानी घुसने की भी पूरी-पूरी संभावना है जिससे ग्रामीणों में आक्रोश है। जिसको लेकर गांव के पूर्व सरपंच रतनलाल गहलोद द्वारा अधिकारियों से इसकी शिकायत की है जब इस संबंध में एसडीएम धीरेंद्र पाराशर से बात की गई तो उनका कहना है कि मामला मेरी जानकारी में आया है मैंने तहसीलदार को इसकी जांच कर कार्रवाई के निर्देश दिए हैं वहीं तहसीलदार रुपाली जैन का कहना है कि मैंने इसकी जांच के लिए पटवारी को कहा है उनकी रिपोर्ट आने पर यदि अतिक्रमण पाया जाता है तो अतिक्रमण की कार्यवाही की जाएगी। अब देखना होगा कि जनता के सेवक द्वारा जनता का शोषण कर शासकीय भूमि पर अपना कब्जा कर निर्माण करने पर वरिष्ठ जिम्मेदारी अधिकारी इस दिशा में कितनी सही जांच कर क्या कार्रवाई करते हैं यह तो आने वाला वक्त ही बताएगा।

## रामचंद्र गोयल का स्वर्गवास




**बदनावर/ मनीष शर्मा/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** नगर के सामाजिक, धार्मिक प्रवर्ति के रामचंद्र गोयल का स्वर्गवास शुक्रवार 9 जनवरी को हो गया। रमेश गोयल (उपाध्यक्ष नवयुवक मंडल, इन्दौर) विष्णुगोपाल गोयल (अध्यापक), सुरेश गोयल एवं पौत्र के पिताजी एवं आशीष, अश्विन, विकास (निक्की), कपिल के दादाजी थे। देर शाम निज निवास से अंतिम यात्रा निकली। जिसमे नगर के कई गणमान्य नागरिक एवं समाजजन शामिल हुए।

## विधायक शेखावत लेंगे रोगी कल्याण समिति की बैठक

**बदनावर/ मनीष शर्मा/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** विधायक भंवरसिंह शेखावत के अध्यक्षता में अनुविभागीय राजस्व बदनावर द्वारा स्वास्थ्य सुविधा के दृष्टीगत खण्ड चिकित्सा अधिकारी सिविल हास्पीटल बदनावर को रोगी कल्याण समिति की बैठक आयोजन हेतु निर्देर्शित किया गया। उक्त क्रम में रोगी कल्याण समिति की बैठक का आयोजन दिनांक 12 जनवरी 2026 को सिविल हास्पीटल बदनावर में दोपहर 01ः00 बजे किया जाना प्रस्तावित है। बैठक में विधानसभा क्षेत्र में संचालित समस्त उघोग के प्रबंधकगण को भी आमंत्रित किया गया है। उक्त जानकारी विधायक निज सहायक आर.पी. सिंह द्वारा दी गई।

## अखिल भारतीय राजेंद्र जैन नवयुवक परिषद द्वारा 7 यात्रा के तपस्वी अंकित बोथरा का किया स्वागत बहुमान



**महिदपुर/ यश असावरा/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** महिदपुर रोड श्री अखिल भारतीय राजेंद्र जैन नवयुवक परिषद शाखा महिदपुर रोड द्वारा गत दिवस शत्रुंजय महातीर्थ पालीताणा की 7 यात्रा पूर्ण करने पर तपस्वी अंकित बोथरा का बहुमान नवयुवक परिषद अध्यक्ष अरविंद बरडिया, अनिल कोचर, निलेश भंडारी, संतोष बोथरा, सचिन भंडारी, पीयूष बरडिया एवं परिषद सभी सदस्यों द्वारा तपस्वी का अक्षत कुमकुम श्रीफल एवं माला से स्वागत बहुमान कर मंगलमय यात्रा की शुभकामनाएं एवं बधाइयां प्रेषित की उक्त जानकारी जैन समाज के मीडिया प्रभारी सचिन भंडारी ने दी।

## नशा मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत झाबुआ मेले में जागरूकता गतिविधियां आयोजित



**झाबुआ/दैनिक मालवा हेराल्ड।** कलेक्टर नेहा मीना के निर्देशन में सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग द्वारा नशा मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत जिले में निरंतर जनजागरूकता कार्यक्रम संचालित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में झाबुआ के प्रसिद्ध स्थानीय मेले में जनजागरूकता गतिविधियाँ आयोजित की गईं।

उक्त मेला संत श्री खुमसिंह जी महाराज की स्मृति में प्रतिवर्ष आयोजित किया जाता है, जिसमें बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक सहभागिता करते हैं। मेले के दौरान सामाजिक न्याय विभाग द्वारा स्थानीय भाषा में नशा मुक्ति जागरूकता गीत, नारे, पेम्पलेट वितरण एवं नाटिका प्रस्तुति के माध्यम से उपस्थित समुदाय को नशे के दुष्परिणामों के प्रति जागरूक किया गया। साथ ही नशामुक्त हेल्पलाइन नंबर 14446 का व्यापक प्रचार-प्रसार किया गया।

कार्यक्रम के दौरान सामाजिक न्याय विभाग द्वारा संचालित विभिन्न सामाजिक सुरक्षा एवं पेंशन योजनाओं की जानकारी भी आमजन को दी गई।

नागरिकों को ग्राम पंचायत स्तर पर इन योजनाओं के अंतर्गत आवेदन करने की प्रक्रिया के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी प्रदान की गई।

इस अवसर पर उप संचालक सामाजिक न्याय विभाग श्री पंकज सावले के मार्गदर्शन में सामाजिक सुरक्षा अधिकारी श्री प्रियंक पाटीदार तथा कलाकार दल से श्रीमती कुसुम भूरिया, श्रीमती सुमन सलाम एवं श्री अखिलेश गामड़ उपस्थित रहे।

# खाचरोद BRC उज्जैन DPC पर भारी, DPC कर रहे हैं पत्र पर पत्र जारी

## BRC पत्रों को रख रहे हैं ताक पर,अधिकारियों को बता रहे हैं ठेंगा















**बड़नगर/ महेश सोनगरा/ दैनिक मालावा हेराल्ड।** उज्जैन जिले में शिक्षा विभाग के कनिष्ठ अधिकारी बेलगाम होते जा रहे हैं वह अपने वरिष्ठ अधिकारियों के दिशा निर्देशों का पालन करने की बजाय उसका मखौल उड़ा रहे हैं ऐसा ही एक मामला जिले की खाचरोद तहसील का सामने आया है जहां पर ब्लॉक स्रोत समन्वयक जनपद शिक्षा केंद्र खाचरोद अपनी मनमानी पर उतारू है और वरिष्ठ कार्यालय से प्राप्त दिशा निर्देशों का पालन न करते हुए उनका मखौल उड़ा रहे हैं और वरिष्ठ अधिकारी मुक दर्शक बनकर बस तमाशा देख रहे हैं लेकिन उनके ऊपर कार्रवाई करने की जहमत तक नहीं उठा पा रहे हैं आखिर क्यों...? क्या खाचरोद BRC जिले के DPC से भी बड़े हैं...? DPC के पत्राचार एवं कार्यवाही की मांग को खाचरोद BRC नजरअंदाज कर रहे हैं बार-बार पत्र जारी करने के बाद भी वह निर्देशों का पालन न करते हुए वरिष्ठ कार्यालय के द्वारा जारी किए गए पत्रों को ताक में रखकर DPC के निर्देशों की खुलेआम धज्जियां उड़ा रहे हैं और DPC मुक दर्शक बनकर सिर्फ देख रहे हैं उनके इस व्यवहार के लिए उन पर कार्यवाही करने की जहमत तक नहीं उठा पा रहे हैं।

आपको बता दे की खाचरोद तहसील के ग्राम रुनखेड़ा स्टेशन पर शासन के नियमों के विपरीत संचालित हो रहे बालाजी विद्या मंदिर की शिकायत उज्जैन वरिष्ठ कार्यालय को प्राप्त हुई थी जिसके लिए वरिष्ठ कार्यालय जिला शिक्षा केंद्र सर्व शिक्षा अभियान उज्जैन द्वारा खाचरोद BRC को विद्यालय की विस्तृत जांच कर उसकी रिपोर्ट प्रस्तुत करने के लिए निर्देशित कर पत्र जारी किया था। लेकिन खाचरोद BRC पुष्पराज तिवारी द्वारा वरिष्ठ कार्यालय के पत्रों को ताक में रखकर वरिष्ठ अधिकारियों को मूंह चिढ़ारहे हैं बावजूद इसके वरिष्ठ अधिकारी ना तो BRC से बालाजी विद्या मंदिर की जांच रिपोर्ट ले पाए हैं और ना ही उनके द्वारा अपने कार्य में लापरवाही वह उदासीनता के चलते उन पर कोई कार्यवाही कर पाए कार्यवाही के नाम पर जिला शिक्षा केंद्र उज्जैन सर्व शिक्षा अभियान कार्यालय द्वारा मात्र खानापूर्ति के लिए पत्राचार कर रहे हैं और पत्र पर पत्र जारी कर रहा है आखिर ऐसा क्यों...? आखिर क्यों DPC, खाचरोद BRC पुष्पराज तिवारी पर कार्रवाई नहीं कर पा रहे हैं क्या खाचरोद BRC उज्जैन DPC पर भारी है जिसके चलते BRC अपनी मनमानी कर रहे हैं और DPC पत्राचार कर रहे हैं। आपको बता दें कि उज्जैन DPC ने खाचरोद BRC को बालाजी विद्या मंदिर की जांच कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के लिए दिनांक 22.8.2025 को पत्र जारी कर 07 दिन के अंदर जांच रिपोर्ट और प्रतिवेदन मांगा था लेकिन BRC पुष्पा पुष्पराज तिवारी ने उसे पत्र को अनदेखा करते हुए उस पर कोई कार्रवाई नहीं की और पत्र को ताक में रख दिया। चार माह तक खाचरोद BRC पुष्पराज तिवारी द्वारा रुनखेड़ा स्टेशन पर संचालित हो रहे बालाजी विद्या मंदिर की जांच रिपोर्ट नहीं आने पर दिनांक 18.12.2025 को फिर पत्र जारी कर दो दिवस में संपूर्ण रिपोर्ट मांगी गई उसके बाद भी BRC ने DPC को ठेंगा बताते हुए उस, पत्र को भी ताक पर रखकर हवा हवाई कर दिया।

उसके बाद DPC उज्जैन ने खाचरोद BRC को तीसरा पत्र फिर 5 जनवरी 2026 को जारी किया गया और खाचरोद BRC से स्पष्टीकरण मांगा गया की उनके द्वारा कार्य में लापरवाही की गई है वरिष्ठ कार्यालय के निर्देशों का आपने पालन नहीं किया और समय सीमा मे बालाजी विद्या मंदिर रुनखेड़ा की जांच कर प्रतिवेदन नहीं भेजा है। जो आपका कर्तव्य के प्रति आपकी उदासीनता को दर्शाता है। अतः आप तथ्य प्रमाण सहित अपना स्पष्टीकरण 07 दिवस में देना सुनिश्चित करें। जांच प्रतिवेदन निर्धारित समय सीमा में प्रस्तुत नहीं करने पर या संतोष पद नहीं होने पर आपके विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही प्रस्तावित की जाएगी। इस आशय का पत्र तो जिला कार्यालय से जारी हो गया है लेकिन उसका भी पालन अभी तक खाचरोद BRC करते दिखाई नहीं दे रहे हैं और ऐसा लगता है कि इस बार्बी पूर्व के पात्रों की भांति इस पत्र को भी तक में रखकर जिला शिक्षा अधिकारी के निर्देशक को ठेंगा बताते हुए उन्हें मुंह चढ़ाएंगे और वरिष्ठ अधिकारी मुंह ताकते रह जाएंगे। ऐसा लगता है इस इस बार भी खाचरोद BRC पुष्पराज तिवारी DPC को ठेंगा बताते हुए वरिष्ठ कार्यालय के पत्र को हवा हवाई करने की फिराक में है खैर अभी पत्र में दिए गए समय अनुसार अभी समय शेष है अब देखना यह होगा कि रूनखेड़ा स्टेशन पर नियमों के विरुद्ध शासन को धोखा देकर फाइलों में कुछ और दिखा कर धरातल पर कुछ और चल रहा है ऐसे स्कूल बालाजी विद्या मंदिर के संचालक शेखर पांचाल द्वारा विद्यार्थियों के भविष्य के साथ खिलवाड़ करते हुए के विद्यालय संचालित कर रहे हैं।

जो पूरे शिक्षा विभाग को मूंह चिढ़ा कर ठेंगा बता रहा है उसकी खाचरोद BRC जांच कर उसकी सही व वास्तविक स्थिति से वरिष्ठ कार्यालय को कब तक अवगत कराएंगे या नहीं...? यदि समय रहते BRC पुष्पराज तिवारी पत्र का जवाब नहीं देते हैं तो जिला शिक्षा अधिकारी सर्व शिक्षा अभियान उज्जैन द्वारा खाचरोद BRC पर किस प्रकार की कार्यवाही करते हैं...? कार्यवाही करते भी हैं या पूर्व के भांति सिर्फ पत्राचार कर अपने कर्तव्य से इतिश्री कर लेंगे यह तो आने वाला वक्त ही बताएगा।

DPC द्वारा बार-बार पत्र जारी कर विद्यालय की जांच रिपोर्ट मांग रहे हैं लेकिन खाचरोद BRC पुष्पराज तिवारी द्वारा बार-बार वरिष्ठ कार्यालय व अधिकारियों के निर्देशों को अनदेखा करते हुए उनका मखौल उड़ा रहे हैं इससे तो ऐसा ही प्रतीत होता है कि खाचरोद BRC उज्जैन DPC पर भारी है। अब देखना यह होगा कि तीसरे पत्र की का पालन BRC समय रहते करते हैं या इसे भी हवा हवाई कर देंगे और उसके बाद DPC द्वारा क्या कार्रवाई की जाएगी यह तो अभी भविष्य के गर्भ में है जो समय पर ही पता चलेगा।

## गुरुकृपा कॉलोनी में दूषित पेयजल से हाहाकार, 250 परिवारों पर स्वास्थ्य संकट



**खरगोन/ अंजु त्रिवेदी/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** खरगोन जिले की ग्राम पंचायत बलवाड़ी अंतर्गत स्थित गुरुकृपा कॉलोनी में पेयजल की गंभीर समस्या सामने आई है। कॉलोनी में निवासरत लगभग 200 से 250 परिवार इन दिनों गंदा और बदबूदार पानी पीने को मजबूर हैं, जिससे क्षेत्र में स्वास्थ्य संकट गहराता जा रहा है।

स्थानीय नागरिकों के अनुसार कॉलोनी में ड्रेनेज लाइन और पेयजल पाइपलाइन एक-दूसरे के बेहद पास डाली गई है। ड्रेनेज लाइन का उचित निकास नहीं होने तथा जगह-जगह लीकेज की स्थिति के चलते गंदा पानी पेयजल पाइपलाइन में मिल रहा है। परिणामस्वरूप घरों तक पहुंचने वाला पानी दूषित और बदबूदार हो चुका है।

दूषित पानी के सेवन से कॉलोनी में वायरल फीवर, पेट दर्द, उल्टी-दस्त और त्वचा संबंधी बीमारियों के मामलों में लगातार वृद्धि हो रही है। खासकर बच्चों और बुजुर्गों की तबीयत ज्यादा प्रभावित हो रही है।

कॉलोनीवासियों का कहना है कि उन्होंने कई बार ग्राम पंचायत और संबंधित विभागों को इस समस्या से अवगत कराया, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि पेयजल पाइपलाइन और ड्रेनेज लाइन को अलग-अलग कर तत्काल सुधार कार्य कराया जाए तथा शुद्ध पेयजल की वैकल्पिक व्यवस्था की जाए, ताकि संभावित बड़ी बीमारी से क्षेत्र को बचाया जा सके।

## गौ माता के नाम से गौशाला में घोटाले की जांच कब तक होगी खाचरोद की चर्चीत लेकोडीया गौशाला में लाखों रुपए की हैराफेरी हुई थी

**खाचरोद/ मुरलीदास बैरागी/ दैनिक मालावा हेराल्ड।** गौशाला की 1028 रजिस्टर्ड गौवंश में से 530 की उपस्थिति स्वामी कृष्णानंद जी महाराज ने आंदोलन की दी थी चेतावनी खाचरोद प्राशास नान को जांच में एक वर्ष हो गया दोषी अभी भी दूर खाचरोद तहसील की चर्चीत श्री नंदराज गौशाला लेकोडिया की गौवंश की संख्या पर 23 जनवरी 2025 को उठे सवाल पर खाचरोद प्रशासन को लेकोडिया गौशाला के खिलाफ कार्यवाही करने के लिए एक वर्ष पूर्व 3 दिन का अवसर दिया अन्यथा मां बगलामुखी शक्ति पीठ के पीठाधीश्वर स्वामी कृष्णानंद जी महाराज ने आंदोलन की चेतावनी दे डाली महाराज श्री ढोढर की गौशाला में शिवपुराण कथा पांडाल में पहुंचे थे जहां पर खाचरोद लेकोडिया गौशाला के सभी सदस्यों पर कार्यवाही करने की मांग करी है 1028 गायों में से 530 गौ वंश है बाकी 498 गौवंश कहा है गौमाता के नाम पर सराकर से पैसा खा रहे हैं आपको बता दें कि लेकोडिया गौशाला में जिला के प्रभारी मंत्री गोतम टेटवाल भी एक पेड़ मां के नाम अभियान में आए थे उसी गौशाला में इतना बड़ा घोटाला 1028 गाय रजीस्टर्ड और गौशाला में 9 जनवरी 2025 की संख्या में मात्र 530 गाय उपस्थित हैं तो 498 गाय कहा गयी इनका पैसा आ रहा है वो कहां है आखिर किसकी जेब में गौमाता की राशि जा रही है पूज्य श्री स्वामी जी ने ढोढर गोशाला के कथा पांडाल के भरे मंच से लेकोडिया की श्री नंदराज गौशाला के सदस्यों पर कार्यवाही की मांग उठाई थी इसके लिए प्रशासन को लिखित शिकायत भी करी जिस पर तत्कालीन ज़िला कलेक्टर ने 23 जनवरी 2025 को वेटनरी डाक्टर भुपेंद्र पाटीदार को निलम्बित कर जांच कार्यवाही का कहा था और स्वामी कृष्णानंद ने आश्रम नहीं छोड़ने पर मान गये थे और फिर स्थानीय प्रशासन व गौ संवर्धन बोर्ड को जांच करने का निर्देश दिए थे जो कार्यवाही के नाम पर ठंडे बस्ते में डाल दिया दिया लेकिन उसके बाद एक वर्ष हो गए आज तक गौशाला में हुए भ्रष्टाचार की राशि का पता नहीं चला पाए आखिर 498 गौवंश के नाम से लाखों रुपए शासकीय राशि हड़प करने वाले दोषीयों पर आज तक कार्यवाही क्यों नहीं हुई आपकों बता दें मामले में स्वामी कृष्णानंद जी ने कार्यवाही नहीं होने पर 23 जनवरी को आश्रय छोड जाने का मन बनाया था लेकिन स्थानीय एसडीएम नेहा साहू ने महाराज के आश्रम पर आकर बंद कैमरे में चर्चा करी थी और कार्यवाही का आश्वासन दिया था आखिर महाराज को दिए गए आश्वासन का क्या आज तक एसडीएम नेहा साहू ने क्यों कार्यवाही नहीं करी आखिर अब तक जांच का हवाला देकर दोषीयो को क्यों बक्शा जा रहा है क्या ये ही सनातन धर्म संस्कृति का पालन करने वाली मोहन सरकार के नुमाइंदे है जो गौमाता के नाम पर कार्यवाही करने में अपना कर्तव्य पूरा नहीं कर पा रहे हैं।

# निमाड़ मोटर्स के सौजन्य से विक्टोरीस कार के अनावरण पर पत्रकारों का किया सम्मान





**खरगोन/ अंजु त्रिवेदी/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** निमाड़ मोटर्स प्रा.लि.के सौजन्य से मारूति सुजुकी एरीना की बहुप्रतीक्षित और अत्याधुनिक कार विक्टोरिस के भव्य अनावरण एवं पत्रकारों के सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। यह आयोजन शुक्रवार, को शाम निमाड़ मोटर्स एरेना,सनावद रोड, जैतापुर, खरगोन में सम्पन्न हुआ।

समारोह का संचालन अजय शुक्ला जीजीएम सेल्स निमाड़ मोटर्स प्रा.लि. खरागोन द्वारा किया गया। इस अवसर पर वरिष्ठ पत्रकार संजय शर्मा, सुरेश चन्देल, भागीरथ नामदेव, मनोज रघुवंशी, सुनील शर्मा, राज कुमार सोनी राजू यादव, रामेश्वर बडोले नरेन्द्र आर्य, दिलीप पंचोली, अंजु त्रिवेदी, शैखर कोशल राजेन्द्र गुप्ता,सतिष गांगले, विशाल भमोरिया,सहित बड़ी संख्या में पत्रकारगण उपस्थित थे। निमाड़ मोटर्स परिवार की ओर से सिज्जु भाई ,मोहित अग्रवाल, जितेन्द्र तोमर अतुल पाठक, लता गांगरेकर, कमलेश रघुवंशी, नरेन्द्र चौहान, वसीम बेग, सौरभ सोनी, सौरभ यादव एवं हुकुम आर्य ने पत्रकारों का स्वागत एवं सम्मान किया। इस अवसर पर शहर के गणमान्य नागरिक भी उपस्थित थे जिनमें जगदीश वानखेडे, डॉ.संतोष यादव, रविन्द्र यादव अधिवक्ता,संजय पटेल, छोटू पटेल आदि विशेष रूप से उपस्थित थे। कार्यक्रम का आभार जितेन्द्र यादव जीएम टैफे ने किया।

इण्डियन कार ऑफ द ईयर 2026 से सम्मानित है विक्टोरिस कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण विक्टोरिस रही,जिसे प्रतिष्ठित इण्डियन कार ऑफ द ईयर 2026 पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। आधुनिक डिजाइन, उन्नत सेफ्टी फीचर्स, दमदार परफॉर्मेंस और बेहतरीन माइलेज के साथ यह कार ग्राहकों की बदलती जरूरतों को ध्यान में रखकर तैयार की गई है। जिसकी जानकारी सुनील यादव द्वारा आगन्तुकों को दी गई । इस अवसर पर वरिष्ठ पत्रकार संजय शर्मा एवं उपस्थित गणमान्यजनों द्वारा सुरेश वर्मा, चैतन्य कुशवाह, अनुराग दांगी, दीपक पाटीदार सहित अन्य 10 ग्राहकों को विक्टोरिस गाड़ियों की डिलीवरी दी।भव्य अनावरण एवं पत्रकार सम्मान अनावरण समारोह के साथ-साथ क्षेत्र के सम्मानित पत्रकार साथियों का पत्रकार सम्मान समारोह भी आयोजित किया गया।

इस अवसर पर अतिथियों ने निमाड़ मोटर्स प्रा. लि. की ग्राहक-केंद्रित सेवाओं एवं मारूति सुजुकी एरीना के भरोसेमंद ब्रांड मूल्य की सराहना की। इस शुभ अवसर पर निमाड़ मोटर्स प्रा. लि. द्वारा सभी वाहन प्रेमियों, ग्राहकों एवं नागरिकों को शोरूम में पधारकर विक्टोरिस के फीचर्स का अनुभव लेने के लिए आमंत्रित किया गया था।अरूण यादव एवं सचिन यादव ने दी नव वर्ष की शुभकामनाएं निमाड़ मोटर्स के संस्थापक अरूण यादव एवं सचिन यादव द्वारा प्रेषित संदेश में उपस्थित पत्रकारों एवं गणमान्यजनों को नव वर्ष के उपलक्ष्य में शुभकामनाएं प्रेषित की। श्री यादवद्वारा प्रेषित अपने संदेश में कहा कि निमाड़ मोटर्स प्रा. लि. अपने ग्राहकों को गुणवत्तापूर्ण सेवा, पारदर्शिता और नवीन तकनीक उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है। विक्टोरिस क्षेत्र के ग्राहकों के लिए एक नया और भरोसेमंद विकल्प सिद्ध होगी।

मालिक, प्रकाशक, मुद्रक विजय शर्मा द्वारा 44, बहादुरगंज, उज्जैन (म.प्र.) से प्रकाशित एवं भगवती ऑफसेट 44, बहादुरगंज, उज्जैन (म.प्र.) से मुद्रित। सम्पादक - विजय शर्मा, मो.नं. 94250-22499, फोन 0734-2553435 प्रधान संपादक : शुभम ताम्रकार (सभी वाद विवाद का न्याय क्षेत्र उज्जैन रहेगा )

# 14 जनवरी को मनेगी मकर संक्रांति, महाकाल को लगेगा तिल का उबटन

**15 जनवरी से शुरू हो जाएँगे शादी समारोह, बाजार में लौटेगी रौनक**



**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** आगामी 14 जनवरी को मकर संक्रांति पर्व मनाया जाएगा और इसी के साथ सूर्य का उत्तरायण शुरु हो जाएगा। इस दिन तडक़े 4 बजे महाकाल की भस्मारती में तिल उत्सव मनाया जाएगा और भगवान को तिल का उपटन लगेगा तथा महाभोग भी लगाया जाएगा। इसके अगले दिन से विवाह समारोह भी शुरु हो जाएंगे।

उल्लेखनीय है कि पौष माह में विवाह पर रोक का समय समाप्त होने वाला है। माघ महीने के साथ ही शहनाइयों की गूंज सुनाई देने लगेगी। 15 जनवरी से वैवाहिक मुहूर्त प्रारंभ होते ही विवाह आयोजन और खरीदारी का दौर भी तेज हो जाएगा। इसी के साथ बाजारों में रौनक बढने् लगेगी। 14 जनवरी को मकर संक्रांति आने के साथ ही माघ माह की शुरुआत होगी। इस दौरान पारंपरिक रीति-रिवाजों को निभाने और त्योहारी माहौल के कारण बाजारों में रौनक बनी रहेगी। संक्रांति के दिन तिल और गुड़ से बने मिष्ठान की खरीदारी बढ़ जाती है। इसके बाद जैसे ही वैवाहिक मुहूर्त शुरू होगा, बाजार की हलचल और तेज हो जाएगी। 15 जनवरी से वैवाहिक मुहूर्त भी शुरू हो जाएंगे। इसे देखते हुए शहर के बाजारों में इन दिनों अपने स्टॉक को अपडेट करने में लगे हैं। सराफा, बर्तन, कपड़े और इलेक्ट्रॉनिक्स की दुकानों पर खासतौर पर ग्राहकों की संख्या में इजाफा होने की संभावना है। शादी के सीजन में गहनों की मांग हमेशा अधिक होती है। बर्तन बाजार में स्टील और किचन अप्लायंसेज के उत्पादों का स्टाक बढ़ा दिया गया है। विवाह के अवसर पर मेहमानों को भेंट देने के लिए ट्रेंडी और उपयोगी उपहारों की मांग अधिक रहती है। कपड़ा बाजार में दूल्हे-दुल्हन के कपड़ों के अलावा मेहमानों के लिए एथनिक और फॉर्मल आउटफिट की खरीदारी जोर पकड़ती दिख रही है।

ऑनलाइन शॉपिग पर भी जोर- जहां एक ओर पारंपरिक बाजार में रौनक बढ़ जाएगी। वहीं दूसरी तरफ ऑनलाइन पोर्टल भी ग्राहकों को आकर्षक छूट और डिलीवरी सेवाओं के साथ जोड़ रहे हैं। इस बार युवा वर्ग ऑनलाइन प्लेटफॉर्म्स पर शादी के लिए कपड़े और गहने खरीदने में रुचि दिखा रहा है। कारोबारी वर्ग के लिए शादी का सीजन किसी बूस्टर की तरह है।

इलेक्ट्रॉनिक्स आइटम्स की मांग बढ़ेगी- अभी वैवाहिक आयोजन नहीं होने से इलेक्ट्रॉनिक्स स्टोर्स में फ्रिज, वाशिंग मशीन, मिक्सर-ग्राइंडर और टीवी की मांग कम है लेकिन 15 जनवरी से इसके बढने् की संभावना है। इसके अलावा विवाह के आयोजन के लिए बैंक्वेट हाल, कैटरिंग और डेकोरेशन सर्विस की मांग भी तेज हो जाएगी। होटल व्यवसायी पहले से ही अपनी बुकिंग फुल करने में लगे हैं। हलवाई और आयोजकों की टीम तैयार में है।

## हिरासत में आया महिला से अनैतिक कृत्य करने वाला



**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** महिला को अकेला पाकर उसके साथ अनैतिक कृत्य करने और धमकाने वाले आरोपी को पुलिस ने हिरासत में लिया है। जिसे पूछताछ के बाद जेल भेजा जाएगा।

भाटपचलाना थाना पुलिस को 5 दिन पहले महिला शिकायत दर्ज कराई थी कि तीन माह पहले वह घर पर अकेली थी उसे दौरान गांव का रहने वाला नारायण पिता गोपाल चौहान घर में घुस गया था और जबरदस्ती उसके साथ अनैतिक कृत्य किया। विरोध करने पर पति को मारने की धमकी देते हुए समाज में बदनाम करने की बात कही। उसके द्वारा धमका कर शोषण किया जाने लगा। आए दिन की हरकतों से परेशान होकर बहुत शिकायत दर्ज करना चाहती है। पुलिस के अनुसार महिला की शिकायत पर प्रकरण दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू की गई लेकिन वह फरार हो गया था। उसने एक वीडियो भी जारी किया जिसमें आत्महत्या की खबर पोस्ट कर पुलिस को वर्ग लाने का प्रयास किया। शनिवार को सूचना मिली कि उक्त आरोपी बदनावर के समीप चौपाटी पर दिखाई दिया है। तत्काल की टीम रवाना की गई और आरोपी को गहरा और आरोपी को घेराबंदी कर हिरासत में लिया गया। आरोपी से पूछताछ की जा रही है न्यायालय में पेश कर जेल भेजा जाएगा।

## यातायात नियमों की अनदेखी पर पुलिस की सख्ती.. पूरे साल 20 हजार से ज्यादा चालान, 10 लाख रुपये का जुर्माना वसूला

**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** सडक़ सुरक्षा को लेकर उज्जैन पुलिस ने साल 2025 में यातायात नियमों का पालन कराने के लिए चेकिंग अभियान चलाए और इसमें पुलिस ने 20 हजार 400 से अधिक वाहन चालकों को नियम तोड़ते हुए पकड़ा और इन पर लगभग 10 लाख रुपये का जुर्माना लगाया। लेकिन फिर भी बड़ी संख्या में लोग बेसिक नियमों की अनदेखी कर रहे हैं।

यातायात डीएसपी दिलीप सिंह परिहार ने बताया कि साल भर चले इस अभियान में सबसे ज्यादा उल्लंघन बिना हेलमेट के दोपहिया वाहन चलाने, तीन सवारी बैठाकर बाइक चलाने, सीट बेल्ट न लगाने, शराब के नशे में वाहन चलाने और वाहनों पर काली फिल्म चढ़ाने के मामलों में दर्ज किए गए। इनमें से अधिकांश मामले दोपहिया वाहनों से जुड़े थे, जहां लोग हेलमेट पहनने से कतराते दिखे। पुलिस के अनुसार ये चालान मोटर व्हीकल एक्ट के तहत लगाए गए, जिनमें जुर्माने की राशि बढ़ाने के बाद भी लोग लापरवाही बरतते रहे। अभियान के दौरान कई बार स्पेशल चेकिंग प्वाइंट लगाए गए, जहां ई-चालान मशीनों के जरिए तुरंत कार्रवाई की गई।

नियमों का पालन करें, जान बचाएं- यातायात विभाग ने लोगों से अपील की है कि वे हेलमेट, सीट बेल्ट का इस्तेमाल अनिवार्य रूप से करें, शराब पीकर वाहन न चलाएं और वाहन पर जरूरत से ज्यादा सवारी न बिठाएं। पुलिस का कहना है कि ये छोटी-छोटी लापरवाहियां बड़े हादसों का रूप ले लेती हैं। सडक़ सुरक्षा सभी की जिम्मेदारी है।

# लालपुर ब्रिज 30 मीटर पर अटका, ढाई साल बाद भी अधूरा

**रेलवे की लेटलतीफी से रुका काम, सिंहस्थ से पहले निर्माण पूरा होना मुश्किल**




**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** देवास रोड को मक्सी और गरोठ रोड से जोड़ने के लिए बनाया जा रहा लालपुर ओवरब्रिज ढाई साल बाद भी अधूरा है। मार्च 2023 में शुरू हुआ यह प्रोजेक्ट अब भी रेलवे के 30 मीटर वाले हिस्से पर अटका हुआ है। स्थिति यह है कि ब्रिज के दोनों ओर सेतु निगम और ठेका कंपनी ने 70 प्रतिशत काम पूरा कर दिया, लेकिन रेलवे अब तक रेल पटरी के ऊपर बनने वाले हिस्से की ड्राइंग ही फाइनल नहीं कर पाया है। रेलवे की इस देरी ने आगामी सिंहस्थ 2028 की तैयारियों पर प्रश्नचिह्न लगा दिया है, क्योंकि पंचक्रोशी मार्ग के सुचारू यातायात के लिए यह ब्रिज बेहद अहम माना जा रहा है।

लालपुर के पास रेलवे क्रॉसिंग पर ओवरब्रिज निर्माण के लिए सेतु निगम ने 25.50 करोड़ रुपये का बजट स्वीकृत किया था और गुजरात की एक कंपनी को जिम्मेदारी सौंपी थी। अनुबंध के अनुसार ब्रिज मार्च 2025 तक तैयार होना था। कंपनी ने बाद में सात माह का अतिरिक्त समय लिया और इस अवधि में 538 मीटर लंबे ब्रिज का 70 प्रतिशत कार्य भी पूरा कर दिया।

लेकिन रेल पटरी पर बनने वाला 30 मीटर का हिस्सा रेलवे द्वारा अपने मानकों पर बनाने की शर्त के कारण काम रुका हुआ है। चौंकाने वाली बात यह है कि रेलवे ने अभी तक इस हिस्से की निर्माण ड्राइंग को अंतिम रूप तक नहीं दिया है।

सिंहस्थ से पहले पूरा होना चुनौतीपूर्ण- पंचक्रोशी मार्ग पर बढ़ते यातायात और सिंहस्थ में बढ़ने वाली धार्मिक आवाजाही को देखते हुए यह ब्रिज अत्यंत जरूरी प्रोजेक्ट है। लेकिन जिस तरह से रेलवे स्तर पर फाइलें अटकी हुई हैं, उससे इसे 2028 के पहले पूरा करना चुनौतीपूर्ण नजर आ रहा है।

### रेलवे का दावा, जल्द जारी होगा वर्कऑर्डर

रतलाम मंडल के पीआरओ मुकेश कुमार ने बताया कि निर्माण विभाग ने टेंडर प्रक्रिया पूरी कर ली है।

कुछ ही दिनों में ड्राइंग की अंतिम स्वीकृति मिल जाएगी। इसके बाद वर्कऑर्डर जारी कर काम शुरू करा दिया जाएगा।

### प्रोजेक्ट की प्रमुख बातें

कुल लंबाई- 538 मीटर

कुल लागत- 25 करोड़ 44 लाख 26 हजार रुपये

शुरुआत- मार्च 2023

नियत अवधि- मार्च 2025

कंपनी द्वारा मांगा गया अतिरिक्त समय- 7 माह

पूरा हुआ काम- 70%

रेलवे वाला हिस्सा- 30 मीटर

स्थिति- रेलवे द्वारा ड्राइंग फाइनल न होने से काम रुका

## हिंदी ही जन जन की भाषा है- शशांक दुबे

**उज्जैन/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** आज हिंदी ही बातचीत का मुख्य माध्यम है और हिंदी ही जन जन की भाषा है। आप अंग्रेजी में कितनी ही पढ़ाई कर लें मगर व्यावहारिक रूप से दैनिक जीवन में सिर्फ हिंदी भाषा ही काम आएगी। हिंदी फिल्मों ने भी हिन्दी भाषा को लोकप्रिय बनाने में अतुलनीय योगदान दिया है और वैश्विक फिल्मों से इतर हमारी फिल्मों के हिन्दी गाने और संवाद महत्वपूर्ण रहे हैं। हमारी फिल्मों के गीत विश्व में लोकप्रिय हुए हैं।

ये विचार प्रेमचंद सृजन पीठ द्वारा विश्व हिंदी दिवस पर भारतीय ज्ञानपीठ महाविद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में वरिष्ठ साहित्यकार और ख्यात फिल्म समीक्षक शशांक दुबे ने, 'वैश्विक परिप्रेक्ष्य में हिन्दी' विषय पर अध्यक्षीय उद्बोधन में व्यक्त किये। प्रमुख वक्ता वरिष्ठ कवि और साहित्यकार दिनेश दिग्गज ने कहा कि सम्पर्क भाषा केवल हिंदी ही हो सकती है।

अब यह देश की नौनिहाल पीढ़ी का दायित्व है कि वह हिंदी भाषा को अपनाएं। हमारी भाषा भूषा पर आक्रमण कर हिन्दी ही नहीं हमारी संस्कृति को कमजोर किया जा रहा है। वहीं दूसरी ओर हमारे मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने नई शिक्षा नीति को प्रदेश में सर्वप्रथम लागू कर हिन्दी को बढाने का यशस्वी कार्य किया है।

विषय प्रवर्तन करते हुए प्रेमचंद सृजन पीठ के निदेशक मुकेश जोशी ने कहा कि कलम के सिपाही, उपन्यास सम्राट प्रेमचंद ने हिन्दी की अप्रतिम सेवा की है, उनका स्मरण जरूरी है। उन्होंने उपस्थित विद्यार्थियों से अपने हस्ताक्षर हिन्दी में करने की शुरुआत करने का आह्वान भी किया। अतिथियों ने माँ सरस्वती और प्रेमचंद जी के चित्र पर माल्यार्पण और दीप आलोकन कर आयोजन का शुभारम्भ किया। अतिथि स्वागत प्राचार्य डॉ अर्चना श्रीवास्तव, वरिष्ठ कवि सुगनचंद जैन, लघुकथाकार संतोष सुपेकर, हास्यकवि सुरेन्द्र सर्किट आदि ने किया।

## पुरानी पाइपलाइन और अधूरे सीवरेज कार्य ने बढ़ाया जोखिम



**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** इंदौर में दूषित पानी से हुई 20 लोगों की मौत के बाद उज्जैन में भी पीएचई और नगर निगम सतर्कता बरतने लगे हैं। इधर शहर में दशकों पुरानी पाइपलाइन, जगह-जगह लीकेज, अधूरा सीवरेज नेटवर्क को लेकर शहरवासी चिंतित है। उनका कहना है कि अस्थाई सुधार के बजाय इसका स्थाई निदान करना होगा। नगर निगम, पीएचई द्वारा जलप्रदाय के लिए नियमित सफाई और क्लोरिनेशन किया जाता है, लेकिन कई इलाकों में नलों से बदबूदार व मटमैला पानी आने की शिकायतें पूरे वर्ष बनी रहती है। नागरिकों का कहना है कि समस्या का स्थायी समाधान तभी होगा जब पूरी पाइपलाइन व्यवस्था का नवीनीकरण किया जाएगा। पुराने शहर के वार्ड 24 में आने वाले आर्य समाज मार्ग और डाबरी पीठा क्षेत्र में पहले मटमैला पानी आने की शिकायत थी। सैंपलिंग में ड्रेनेज मिलावट जैसी खतरे की स्थिति नहीं मिली। डाबरी पीठा में नई लाइन बिछाई गई है। आर्य समाज मार्ग पर मिले लीकेज को ठीक किया जा रहा है। अधिकारियों का दावा है कि सीवरेज कार्य बंद है और पेयजल पर कोई असर नहीं पड़ेगा। वहीं वार्ड-30 में लंबे समय से बदबूदार और पीले पानी की समस्या झेल रहे हैं। फिलहाल सरकारी बोरिंग की मरम्मत कर वैकल्पिक जलापूर्ति की जा रही है। इसी तरह वार्ड-26 में कई जगह नई लाइनें तो बिछाई गई, लेकिन पुरानी जर्जर पाइपलाइन बंद नहीं की गईं। गणेश चौक क्षेत्र में नाले के बीच से गुजर रही लाइन से लीकेज होने पर गंदा पानी सीधे सप्लाई में मिल रहा है। शुरुआत के 15-20 मिनट तक मटमैला पानी ही आता है। नयापुरा नीम चौक और 64 योगिनी क्षेत्र के लोगों का कहना है कि यहां अस्थायी सुधारों के बजाय व्यापक स्तर पर पाइपलाइन और सीवरेज व्यवस्था के नवीनीकरण की जरूरत है। नागरिकों का स्पष्ट कहना है कि जब तक व्यवस्था पूरी तरह मजबूत नहीं होगी, तब तक दूषित पानी का खतरा बना रहेगा।

## डिवाइडर से टकराई एक्टिवा, के छात्र की हादसे में मौत



**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** गणतंत्र दिवस की परेड रिहर्सल में शामिल होने के लिए जा रहे दो छात्र हादसे का शिकार हो गए। एक की मौके पर मौत हुई है दूसरा घायल है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

रामघाट तोड़ी मोहल्ला में रहने वाला जफर पिता हिबजूल रहमान 16 साल शनिवार सुबह अपने दोस्त विश्वदीप पिता शंकर लाल निवासी जयसिंहपुरा के साथ एक्टिवा पर सवार होकर दशहरा मैदान पर चल रही गणतंत्र दिवस परेड रिहर्सल में शामिल होने के लिए निकाला था। कर्कराज मंदिर के समीप एक्टिवा की रफ्तार तेज होने पर डिवाइडर से टकरा गए। हादसे में जफर की मौके पर मौत हो गई दोस्त विश्वदीप घायल हो गया। दोनों को अस्पताल लाया गया। घटना की जानकारी लगते ही दोनों के परिजन अस्पताल पहुंच गए थे। मृतक जफर के परिजनों ने बताया कि कक्षा 9 वी का छात्र होकर महाराजवाड़ा स्कूल में पढ़ता था। परिजनों का कहना था कि दुर्घटना कार से हुई है। लेकिन घायल दोस्त का कहना था कि वह अपने पिता की एक्टिवा लेकर आया था जफर ने चलाने की जिद्दी की और तेज गति से चला रहा था। डिवाइडर से टकराने पर हादसा हुआ है। महाकाल थाना पुलिस ने मामले की जांच और घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे देखने की बात कही है।

इधर डंपर से टकराया बाइक सवार- घट्टिया थाना पुलिस ने बताया कि अस्पताल चौराहा पर डंपर से बाइक पर सवार बुजुर्ग टकरा गया। दुर्घटना के बाद चालक डंपर लेकर भाग निकला। घायल बाइक सवार को समीप सामुदायिक केन्द्र ले जाया गया, लेकिन उसकी मौत हो चुकी थी। सूचना मिलने पर पुलिस घटनास्थल पहुंच गई थी। मृतक की पहचान के प्रयास करने पर उसके पास से आधार कार्ड मिला। जिस पर उसका नाम मोहनलाल पिता रामजी निवासी अशोकनगर मंडी अतिरिक्त विश्व बैंक कॉलोनी उज्जैन अंकित था। आधार कार्ड से पता मिलने पर परिजनों को सूचना दी गई है। शनिवार सुबह परिजनों ने पोस्टमार्टम के दौरान बताया कि कजिन भाई का निधन होने पर अंतिम संस्कार में शामिल होने के लिए तनोडिया जा रहे थे। दुर्घटना के बाद वहां लगे सीसीटीवी कैमरों का फुटेज भी सामने आया है। जिसमें टर्न लेते डंपर से बाइक सवार टकराता दिखाई दे रहा है।

## आज प्रातः 10 बजे शास्त्री नगर मैदान पर आयोजित होगा भव्य हिंदू सम्मेलन, सपरिवार सहभागिता का आह्वान



**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** हिंदू जागेगा जग जागेगा को सार्थक करने को दृष्टिगत रखते हुए हिंदू सम्मेलन आज दिनांक 11 जनवरी को प्रातः 10:00 बजे शास्त्रीनगर मैदान पर आयोजित किया जाएगा। संयोजक महेंद्र परिहार ने समस्त सनातन धर्मप्रेमी बंधुओं से विशेष आग्रह किया है कि आज प्रातः 10 बजे शास्त्रीनगर मैदान पर आयोजित होने वाले हिंदू सम्मेलन में अधिक से अधिक संख्या में सपरिवार पधारें, भोजन-प्रसादी ग्रहण करें तथा अपनी उपस्थिति से सम्मेलन को भव्य और ऐतिहासिक बनाएँ। इसके पूर्व आज नगर में हिंदू सम्मेलन के अंतर्गत एक भव्य हिंदू एकता शोभा यात्रा निकाली गई, जिसमें 300 से 400 सनातन धर्मावलंबियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। शोभा यात्रा में भारत माता, झांसी की रानी एवं भगवान भोलेनाथ के दिव्य स्वरूप विशेष आकर्षण का केंद्र रहे। भगवा ध्वजों, शंखनाद और जयघोषों से वातावरण पूर्णतः सनातनमय हो गया। कार्यक्रम के दौरान मुरलीधर सोनी, विशाल सोनी, उषा वर्मा, राखी श्रीवास, दीपक परिहार, सतीश परिहार, भूपेन खुल्लर, राधेवेन्द्र भदौरिया, सूरज गुप्ता एवं शिवचरण शर्मा, पार्षद कैलाश प्रजापत आदि सहित अनेकधर्मनिष्ठ एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## मुस्लिम युवक के साथ होटल में मिली हिन्दू युवती

**फ्री फायर गेम से हुई दोस्ती, पुलिस कर रही जांच**

**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** होटल में ठहरे युवक-युवती की सूचना संचालक ने हिन्दूवादी संगठन और पुलिस को दी। हिन्दूवादी संगठन ने होटल पहुंचकर पूछताछ की तो युवक मुस्लिम और युवती हिन्दू होना सामने आई। दोनों को पुलिस थाने लेकर गई है। दोनों के बीच फ्री फायर गेम के माध्यम से दोस्ती होना सामने आया है।

मालीपुरा क्षेत्र में होटल दर्शन में युवक-युवती आकर ठहरे थे। संचालक को दोनों पर शंका हुई तो हिन्दूवादी संगठन के साथ देवासगेट थाना पुलिस को सूचना दी। हिन्दूवादी संगठन के पहुंचने पर सामने आया कि युवक ने माथे पर महाकाल का चंदन लेप लगा रहा था। पूछताछ करने पर वह भोपाल का रहने वाला मुस्लिम युवक साहिल एहमद होना सामने आया। युवती जबलपुर की रहने वाली थी। दोनों को पुलिस थाने लेकर आई। जहां सामने आया कि फ्री फायर गेम के माध्यम से दोनों के बीच पहचान हुई थी। दोस्ती प्यार में बदल गई और युवक ने मिलने के लिये युवती को उज्जैन बुला लिया। पुलिस दोनों के परिजनों से संपर्क करने का प्रयास कर रही है। लव जिहाद के मामले में अब फ्री फायर गेम का नया एंगल सामने आया है।

पिछले कुछ समय से उज्जैन की होटलों में लगातार हिन्दू युवती और मुस्लिम युवकों के मामले सामने आ रहे है। कई मामलों में हिन्दूवादी संगठनों द्वारा पकड़ने जाने पर पुलिस द्वारा युवकों के खिलाफ प्रतिबंधात्मक धाराओं के साथ युवतियों के शिकायत पर प्रकरण दर्ज किये है।

# परिवार कार्यक्रम में गया था, महिला ने खा लिया जहर




**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** तीन बच्चों की मां ने बीती शाम जहरीला पदार्थ खा लिया। रात में परिजन अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां कुछ घंटे चले उपचार के बाद मौत हो गई। जहरीला पदार्थ खाने का कारण सामने नहीं आया है। मायके से परिजनों के आने पर पोस्टमार्टम कराया गया।

देवास रोड स्थित ग्राम दताना की रहने वाली मोनाबाई पति संजय जोशी 30 साल को रात में परिजन उपचार के लिए अस्पताल लेकर पहुंचे थे। जहां कुछ घंटे बाद उसकी मौत हो गई। आज सुबह ससुराल पक्ष के लोगों ने बताया कि गांव में ही कार्यक्रम होने पर परिवार के सभी सदस्य गए हुए थे। मोना घर पर अकेली थी। रात में वापस लौटने पर मोना बेसुध हालत में पड़ी दिखाई दी। मायका हातोद में है। मोना के तीन छोटे बच्चे हैं। उसने ऐसा कदम क्यों उठाया इसकी वजह पता नहीं है। पुलिस के अनुसार मायके से परिजनों के आने पर पोस्टमार्टम कराया गया।

55 साल की महिला एसिड पीकर दी जान- अलकापुरी में रहने वाली प्रतिभा पति विद्याधर 55 साल ने कल दोपहर एसिड पी लिया था। पति कलेक्ट्रेट कार्यालय में पदस्थ है। दोपहर को वह घर लौटे तो उन्हें पत्नी अचेत अवस्था में पड़ी दिखाई दी। पड़ोसियों की मदद से निजी अस्पताल ले जाया गया जहां उसकी मौत हो गई। बताया जा रहा है कि प्रतिभा मानसिक रूप से बीमार थी। बेटा नागपुर में पढ़ाई करता है। घटना के समय छोटी बेटी स्कूल गई हुई थी। माधवनगर पुलिस द्वारा मामले में मर्ग कायम कर पोस्टमार्टम कराया गया है।

जहर खाने वाले युवक की हुई मौत- घट्टिया तहसील के ग्राम रलायती में रहने वाले अशोक पिता भेरूलाल मालवीय 26 वर्ष ने दो दिन पहले जहर खा लिया था। परिजन पहले घोंसला लेकर पहुंचे। हालत गंभीर होने पर डॉक्टरों ने उज्जैन रैफर किया। अशोक को परिजन निजी अस्पताल लेकर पहुंचे जहां रात में उसकी मौत हो गई। मृतक ड्रायवरी करता था। संभवतः आर्थिक परेशानी के चलते उसने जहर खाया था।

## मकर संक्रांति पर शिप्रा में उमड़ेगी आस्था, रामघाट पर रोका जाएगा नर्मदा का पानी

**गऊघाट से पाइपलाइन के जरिये शिप्रा में छोड़ा जा रहा पानी, त्रिवेणी से अंगारेश्वर तक घाट निर्माण के कारण बदला गया प्रवाह**



**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** मकर संक्रांति पर 14 जनवरी को शिप्रा स्नान करने हजारों श्रद्धालु शहर में पहुंचेंगे। बढ़ती भीड़ और सुरक्षित स्नान व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए इस बार नर्मदा का पानी रामघाट क्षेत्र में रोका जाएगा। इसके लिए गऊघाट से पाइपलाइन के जरिए नर्मदा जल प्रवाह लगातार शिप्रा में छोड़ा जा रहा है। शिप्रा में घाटों के निर्माण कार्य तेजी से चलने के कारण इस बार नागफनी पाइपलाइन मार्ग के स्थान पर गऊघाट से पानी छोड़ा जा रहा है। उल्लेखनीय है कि त्रिवेणी से लेकर मंगलनाथ और अंगारेश्वर तक के दोनों तटों पर घाटों का निर्माण जारी है। निर्माण कार्य के चलते कई स्थानों पर शिप्रा के पानी को पाल बनाकर रोका गया है, जिससे नियमित प्रवाह प्रभावित हो रहा है। जल संसाधन विभाग ने बताया कि स्नान पर्व के दिन सुबह से ही रामघाट क्षेत्र में पर्याप्त जलराशि बनाए रखी जाएगी, ताकि आने वाले श्रद्धालु बिना किसी परेशानी के स्नान कर सकें। विभागीय टीमें लगातार मोनिटरिंग कर रही हैं ताकि नर्मदा जल का प्रवाह स्थिर रहे और घाटों पर भीड़ प्रबंधन में किसी तरह की दिक्कत न आए।

### इस कारण छोड़ा जा रहा गौ घाट से पानी

त्रिवेणी से अंगारेश्वर तक घाट निर्माण कार्य जारी

कई स्थानों पर पाल बनाकर रोका गया है शिप्रा का प्राकृतिक प्रवाह

नागफनी पाइपलाइन क्षेत्र में काम के चलते बदला गया रूट

इस बार गऊघाट से छोड़ा जा रहा है नर्मदा का पानी